CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :33°C
न्यूनतम: 24°C

देहरादून, बुधवार 24 सितम्बर 2025 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 47 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com आश्विन शुक्ल पक्ष 3 विक्रमी सम्वत् 2082 1 रबी उल सानी1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



सपा सरकार बनने पर आजम खां पर लगे झूठे मुकदमे होंगे वापसः अखिलेश यादव पेज 2



वेस्टइंडीज टेस्ट सीरीज से ऋषभ पंत बाहर खेल टाइम्स

## रियल एस्टेट डेवलपर्स और बैंकों के बीच साठगांठ का खुलासा

# सुप्रीम कोर्ट ने CBI को दी छह मुकदमे दर्ज करने की हरी झंडी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सीबीआई को मुंबई, बेंगलुरु, कोलकाता, मोहाली और प्रयागराज में रियल एस्टेट परियोजनाओं में बैंकों और डेवलपर्स के बीच कथित अपवित्र सांठगांठ के संबंध में मकान खरीदारों से धोखाधड़ी के लिए छह और नियमित मामले दर्ज करने की मंगलवार को अनुमति दे दी।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने सीबीआई की दलीलें सुनने के बाद यह अनुमति दी। केंद्रीय एजेंसी सीबीआई की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने पीठ के समक्ष उल्लेख किया कि एजेंसी ने सुपरटेक लिमिटेड को छोड़कर, दिल्ली-एनसीआर से बाहर मुंबई, बेंगलुरु, कोलकाता, मोहाली और प्रयागराज में स्थित विभिन्न बिल्डरों की परियोजनाओं में प्रारंभिक जांच पूरी कर ली है। सीबीआई ने तर्क दिया कि प्रारंभिक जांच के बाद यह पता चला है कि एक संज्ञेय अपराध बनता है। उन्होंने दलील दी कि मामले की त्वरित जांच के लिए एजेंसी छह मामले दर्ज तलाशी और ज़ब्ती भी करना चाहती है। पीठ ने उनकी ये दलीलें सुनने के बाद सीबीआई को कानून के अनुसार आगे की कार्रवाई करने और नियमित मामले दर्ज करने की अनुमति दे दी। पीठ ने भाटी से सीलबंद लिफाफे में रिपोर्ट के कुछ अंश न्यायमित्र राजीव जैन के साथ साझा करने को कहा। शीर्ष अदालत ने 22 जुलाई को सीबीआई को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) -शेष पृष्ठ दो पर

■ **कोर्ट ने मामले को उठाने और 58 परियोजना स्थलों का दौरा करके 1,000 से ज्यादा लोगों से पूछताछ करने के CBI के प्रयासों की सराहना की**



### उपहार अग्निकांड मामले में 60 करोड़ के जुर्माने से बने ट्रॉमा सेंटरों के निरीक्षण करने के दिए निर्देश

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने 1997 के उपहार सिनेमा अग्निकांड मामले में अंसल बंधुओं पर लगाए गए 60 करोड़ रुपये के जुर्माने से बने ट्रॉमा सेंटरों के निरीक्षण का मंगलवार को निर्देश दिया। न्यायमूर्ति सूर्य कांत, न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने उपहार त्रासदी पीड़ित संघ (एवीयूटी) द्वारा दायर एक आवेदन पर सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया। इस याचिका में अंसल बंधुओं को कम सजा देते हुए 2015 में दिए गए निर्देशों को लागू करने की मांग की गई थी। पीठ के समक्ष एवीयूटी की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता जयंत मेहता ने तर्क दिया कि रियायत का लाभ मिलने के बावजूद दोषी अपने दायित्वों को पूरा करने में विफल रहे हैं।

### अलविदा जुबीन गर्ग

**गुवाहाटी।** असम के लोकप्रिय गायक जुबीन गर्ग का अंतिम संस्कार मंगलवार को यहां कर दिया गया। राज्यभर से आए हजारों लोग उनकी इस आखिरी यात्रा में शामिल हुए । इससे पहले उनके पार्थिव शरीर को दूसरे पोस्टमार्टम के लिए गुवाहाटी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल लाया गया। पोस्टमार्टम के बाद उनका शव सोनापुर के श्मशान घाट ले जाया गया। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व शर्मा , केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू, असम विधानसभा के अध्यक्ष सर्बानंद सोनोवाल, विपक्ष के नेता और विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों सहित गणमान्य व्यक्तियों ने अंतिम संस्कार से पहले श्री गर्ग को श्रद्धांजलि अर्पित की।

### चार दोषी करार

**नई दिल्ली।** लखनऊ की सीबीआई स्पेशल जज (पश्चिम) ने 6.8 करोड़ के बैंक धोखाधड़ी मामले में बैंक ऑफ इंडिया के डिप्टी चीफ मैनेजर पंकज खरे और दो निजी व्यक्तियों राजेश खन्ना तथा शमशुल हक सिद्दीकी को तीन-तीन साल कैद और 1.25 लाख के जुर्माने की सजा सुनाई है। इस मामले में आरोपी निजी कंपनी मेसर्स अनीता कॉन्ट्रैक्टर एंड कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड पर भी एक लाख का जुर्माना लगाया गया है। सीबीआई ने नौ जुलाई 2008 को बैंक ऑफ इंडिया के सहायक महाप्रबंधक, मेन ब्रांच, हजरतगंज, लखनऊ की शिकायत के आधार पर यह मामला दर्ज किया था।

### सत्येंद्र जैन को झटका

**नई दिल्ली।** ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम कानून के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए आम आदमी पार्टी के नेता और पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन से जुड़ी कंपनियों की संपत्तियां अटैच की हैं। अटैच की गई संपत्तियों की कुल कीमत लगभग 7.44 करोड़ बताई जा रही है। ईडी ने सत्येंद्र कुमार जैन, पूनम जैन (सत्येंद्र कुमार जैन की पत्नी) और अन्य के खिलाफ दर्ज एफआईआर के आधार पर धन शोधन की जांच शुरू की थी।

# आजम खां 23 महीने बाद जेल से रिहा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सीतापुर/रामपुर।** सपा नेता आजम खां 23 महीने बाद सीतापुर जेल से मंगलवार दोपहर रिहा हो गए। जेल से निकलने के बाद आजम खां ने बसपा में जाने के सवाल पर कहा कि यह अटकलें लगाने वाले ही बता सकते हैं। मैं जेल में किसी से नहीं मिला। फोन करने तक की इजाजत नहीं थी।

अखिलेश यादव ने कहा है कि सपा सरकार बनते ही आजम खां पर लगे सारे केस हटा दिए जाएंगे? मीडियाकर्मी के इस सवाल पर आजम खां चुप हो गए और मुस्कुरा दिए। आजम खां को 5 दिन पहले हाईकोर्ट ने बीयर बार पर कब्जे से जुड़े केस में जमानत दी थी। यह आखिरी मामला था, जिसमें उन्हें जमानत मिली। हालांकि, जमानत मिलते ही पुलिस ने शत्रु संपत्ति मामले में नई धाराएं जोड़ दीं। 20 सितम्बर को रामपुर कोर्ट ने ये धाराएं खारिज कर दीं, जिससे रिहाई का रास्ता साफ हो गया। आजम खां पर 104 केस दर्ज हैं। दोनों बेटे अदीब और अब्दुल्ला उन्हें लेने -शेष पृष्ठ दो पर



■ **बसपा में जाने के सवाल पर कहा- अटकलें लगाने वालों से ही पूछिए**

### रामपुर बॉर्डर पर आजम खां का काफिला रोका, पुलिस से नोकझोंक

**रामपुर।** सपा नेता आजम खां ने रामपुर बार्डर काफिले में शामिल गाड़ियों को रोकने पर पुलिस-प्रशासन से नाराजगी जताई। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि क्यों परेशान कर रहे हो और कितना जुल्म करोंगे।

### राहुल बोले- वोट चोरी, बेरोजगारी का सीधा रिश्ता

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को फिर से बीजेपी पर वोट चोरी के आरोप लगाए हैं। उन्होंने एक्स पर लिखा कि देश में युवाओं की सबसे बड़ी समस्या बेरोजगारी है और इसका सीधा रिश्ता वोट चोरी से है। उन्होंने बिहार के बेरोजगार युवाओं का वीडियो शेयर कर लिखा कि जब कोई सरकार जनता का विश्वास जीतकर सत्ता में आती है, तो उसका पहला कर्तव्य होता है युवाओं को रोजगार और अवसर देना, लेकिन भाजपा चुनाव ईमानदारी से नहीं जीतती। वो वोट चोरी और संस्थाओं को कैद कर के सत्ता में बने रहते हैं। इसीलिए बेरोजगारी 45 साल के हाई लेवल पर पहुंच चुकी है। राहुल ने कहा कि देश का युवा मेहनत करता है, सपने देखता है और अपने भविष्य के लिए संघर्ष करता है। लेकिन मोदी जी सिर्फ अपने पीआर, सेलिब्रिटीज से अपना गुणगान करवाने और अरबपतियों के मुनाफे में बिजी हैं। युवाओं की उम्मीदों को तोड़ना और उन्हें हताश करना इस सरकार की पहचान बन चुकी है। राहुल गांधी ने कहा कि अब हालात बदल रहे हैं।

# मोहनलाल को मिला दादासाहेब फाल्के पुरस्कार

## शाहरुख खान व विक्रांत मैसी नेशनल अवॉर्ड से सम्मानित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** मंगलवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में 71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया, जहां विजेताओं को राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। इसी सम्मान समारोह में सुपरस्टार मोहनलाल को दादासाहेब फाल्के पुरस्कार से नवाजा गया।



उन्हें राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों ये सम्मान प्राप्त हुआ। इस साल नेशनल अवॉर्ड से सम्मानित हुए सितारों में बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान और विक्रांत मैसी का नाम भी शामिल रहा। सभी विजेताओं को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों नेशनल फिल्म अवाड्र्स से नवाजा गया। इस बार साल 2023 में रिलीज हुई फिल्मों के विनर्स को पुरस्कार से नवाजा गया है। कोविड महामारी के चलते राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार दो साल की देरी से दिए जा रहे हैं। मलयालम सुपरस्टार मोहनलाल विश्वनाथन को साल 2023 के प्रतिष्ठित दादासाहेब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया गया।



## संक्षिप्त समाचार

### अलीगढ़ में हाथरस की महिला समेत 5 लोग जिंदा जले

**अलीगढ़।** यूपी के अलीगढ़ में कानपुर नेशनल हाईवे पर अकराबाद के गोपी पुल के पास एक कार और ट्रक में भीषण टक्कर के बाद दोनों वाहनों में आग लग गई। घटना में कार में बैठी महिला समेत 5 लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई। हादसे में ट्रक का परिचालक बुरी तरह जल गया। ट्रक अलीगढ़ से एटा जा रहा था, जबकि कार एटा की तरफ से आ रही थी, तभी अचानक कार का टायर फट गया और वह अनियंत्रित होकर रॉन्ग साइड जाकर ट्रक में सामने से टकरा गई। हादसे के बाद नेशनल हाईवे जाम हो गया। घटना के बाद मौके पर पहुंचे एसपी देहात अमृत जैन ने विस्तृत जानकारी दी है। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अमृत जैन ने बताया कि मंगलवार की सुबह गोपी पुल पर दो गाड़ियों की टक्कर हो गई। टक्कर के बाद दोनों गाड़ियों में आग लग गई।

### उप्र लोकायुक्त के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दायर

**लखनऊ।** आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व आईपीएस अधिकारी रहे अमिताभ ठाकुर ने यूपी के लोकायुक्त रिटायर जस्टिस संजय मिश्रा और एक उप लोकायुक्त के खिलाफ उच्चतम न्यायालय में एसएलपी दायर की है। यह एसएलपी निर्धारित अवधि से अधिक अवधि तक अपने पद पर बने रहने के संबंध में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के लखनऊ बेंच द्वारा याचिका खारिज करने के बाद दायर की गई है। याचिका में अमिताभ ठाकुर ने कहा है कि जिस समय इन लोकायुक्त और उपयोग आयुक्त की नियुक्ति की गई थी।

# आगरा में शहीदे सालिस की चार दिवसीय मजलिसें 20 अक्टूबर से शुरू होंगी

शाह टाइम्स संवाददाता



- पूरे प्रोग्राम शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड उप्र लखनऊ की देखरेख में आयोजित होंगे
- 21 अक्टूबर 8 बजे शब में मुसालिमा प्रोग्राम होगा

**आगरा/लखनऊ।** आगामी माह अक्टूबर की 20 तारीख से 23 अक्टूबर 2025 तक चार दिवसीय मजलिसों की तैयारियां शुरू हो गई हैं।

आगरा में दयाल बाग रोड स्थित मज़ार शहीद-ए-सालिस पर हर साल की तरह इस साल भी मजलिस प्रोग्राम तय हो गए हैं। मजलिस कार्यक्रम के कॉर्डिनेटर डा. मिर्जा शफ़ीक हुसैन शफ़क ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी माह अक्टूबर 2025 की 20, 21, 22 व 23 तारीख पर चार दिवसीय सालाना मजलिसें शुरू हो जाएंगी, जिसके लिए तैयारियां भी शुरू हो गई हैं और चार दिवसीय मजलिस में उलेमाओं के तकरीर देने के कार्यक्रम भी तय किए जा चुके हैं।

उन्होंने बताया कि मौलाना सैयद कल्बे जव्वाद के ज़ैरे परस्त में आयोजित होने वाली मजलिसों व दूरदराज से आने वाले जायरीनों के लिए अच्छे इंतज़ाम किए जा रहे हैं। पूरे प्रोग्राम शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड उप्र लखनऊ की देखरेख में आयोजित होंगे। उन्होंने बताया कि 21 अक्टूबर 8 बजे शब में मुसालिमा प्रोग्राम होगा। डा मिर्ज़ा शफ़ीक ने शाह टाइम्स को जानकारी देते हुए बताया कि सालाना मजालिस बयादे शहीदे सालिस काजी नुरुल्लाह शूस्तरी आगरा की याद में होंगी।

# अयोध्या में प्रस्तावित मस्जिद का नक्शा खारिज

अयोध्या, वार्ता



- ढाई साल पहले मिली थी पांच एकड़ जमीन

अयोध्या में राम मंदिर की जमीन छोड़ने के एवज में मुस्लिम पक्ष को धन्नीपुर में दी गई 5 एकड़ जमीन पर बनने वाली मस्जिद का नक्शा अयोध्या विकास प्राधिकरण (एडीए) ने निरस्त कर दिया है। यह खुलासा आरटीआई के तहत पूछे गए सवाल के जवाब में एडीए ने किया है। एडीए ने दावा किया है कि इस मस्जिद के निर्माण के लिए इंडो इस्लामिक कल्चरल फाऊंडेशन ट्रस्ट ने पहल की थी। ट्रस्ट ने नक्शा पास कराने के लिए एडीए में आवेदन किया था, लेकिन ढाई साल बाद भी इससे संबंधित विभिन्न विभागों की एनओसी दाखिल नहीं कर सका है। इसकी वजह से ट्रस्ट के आवेदन को खारिज कर दिया गया है। ऐसे में अयोध्या में मस्जिद निर्माण का मामला ठंडे बस्ते में चला गया है।

करीब साढ़े पांच सौ सालों से चले आ रहे संघर्ष के क्रम में सुप्रीम कोर्ट ने 9 नवंबर 2019 को श्रीराम जन्मभूमि को लेकर फैसला सुनाया था। इस फैसले के तहत विवादित जमीन हिंदुओं को देने और मुसलमानों को मस्जिद बनाने के लिए पांच एकड़ जमीन देने की बात कही गई थी। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले को दोनों पक्षों ने स्वीकार किया था। इसके बाद देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 5 अगस्त 2020 को राम मंदिरके लिए भूमि पूजन किया और तय समय के मुताबिक राम मंदिर का निर्माण कार्य शुरू हो गया। अब इस मंदिर का काम अंतिम चरण में है। दूसरी ओर मस्जिद बनाने के लिए अयोध्या विकास प्राधिकरण ने उसी समय मुस्लिम पक्ष को पांच एकड़ जमीन आवंटित कर दी थी। इसके बाद करीब ढाई साल पहले मुस्लिम पक्ष ने भी इंडो इस्लामिक कल्चरल फाऊंडेशन ट्रस्ट बनाकर मस्जिद बनाने की प्रक्रिया शुरू की थी। इसके लिए एडीए में ट्रस्ट ने नक्शा पास कराने के लिए आवेदन भी कर दिया, लेकिन इन ढाई सालों में यह ट्रस्ट वैध दस्तावेज नहीं जमा करा सका है। इसमें खासतौर पर विभिन्न विभागों की एनओसी मुख्य है। इसकी वजह से मस्जिद का निर्माण कार्य अब तक शुरू नहीं हो सका। वहीं अब एडीए ने ट्रस्ट द्वारा दाखिल नक्शे के आवेदन की फाइल ही खारिज कर दी है।

अयोध्या में नागेश निवासी ओमप्रकाश सिंह ने पिछले दिनों अयोध्या विकास प्राधिकरण में सूचना के अधिकार के तहत इस मस्जिद के संबंध में सवाल पूछे थे। इसके जवाब में एडीए ने बताया कि विभिन्न विभागों की ओर से अनापत्ति प्रमाण पत्र पेश न करने की वजह से मस्जिद का नक्शा खारिज किया गया है।

### अखिलेश यादव का वादा: सपा की सरकार बनने पर

# आजम खान पर लगे झूठे मुकदमे होंगे वापस

शाह टाइम्स ब्यूरो



- खान साहब सपा संस्थापक नेताजी और हम लोगों के साथ हैं

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता आजम खान के जेल से रिहा होने और बसपा में शामिल होने की संभावनाओं को लेकर जारी अटकलों के बीच सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि प्रदेश में समाजवादी सरकार बनने पर उन पर लगे सभी झूठे मुकदमे वापस होंगे।

मंगलवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा के लोग और रामपुर का विधायक व एक अधिकारी, जिसे एक्सटेंशन पर एक्सटेंशन मिल रहा है, अन्याय नही करेंगे। उन्होंने कहा कि आज हम सभी के लिए खुशी का दिन है, आने वाले समय में उन पर लगे सभी केस खत्म होंगे। आजम खान के बसपा में जाने की चर्चाओं का बारे में पूछने पर उन्होंने कहा कि आजम खान समाजवादी पार्टी के संस्थापक नेताजी और हम लोगों के साथ हैं।

समाजवादी पार्टी आज से नही, न जाने कब से बीजेपी का मुकाबला कर रही है। इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा जाति के आदेश के अनुपालन के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा कि आज स्वजातीय लोगों को सरकार ने हर जगह बैठाया हुआ है। उन्होंने कहा कि 5000 साल की पुरानी बातों को कैसे दूर करेंगे। जाति के चलते लोग अपमानित हुए हैं। बाबा साहेब अंबेडकर को जाति के आधार पर भेदभाव सहना पड़ा। डा. राम मनोहर लोहिया कहते थे जाति तोड़ो-समाज की व्यवस्था बने। उन्होंने कहा कि आज बीजेपी पीडीए से घबराई हुई है। हालांकि यह हाईकोर्ट का फैसला है। उन्होंने कहा कि जाति के आधार पर भावनात्मक रिश्ता बनता है, इसको कैसे दूर किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि जाति के आधार पर घर, मंदिर न धुलवाए सरकार।

### आजम पर लगे आरोप आगे भी होंगे साबित: अनिल

**लखनऊ।** भाजपा सरकार पर पुलिस का राजनीतिक इस्तेमाल कर विपक्षी दलों को फंसाने के समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव के बयान पर पलटवार करते हुए उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि आजम खान पर लगे आरोप आगे साबित भी होंगे।

मंगलवार को प्रदेश सरकार के श्रम मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि सभी लोग जानते हैं कि न्यायालय के दरवाजे हमेशा सभी के लिए खुले रहते हैं। अगर बिना आधार के पुलिस ने कार्रवाई की होती, तो आखिर समाजवादी पार्टी के नेता को इतने लंबे समय तक जेल में क्यों रहना पड़ता। न्यायालय भी सरकार को कटघरे में खड़ा करने का प्रयास करता। राजभर ने कहा कि अगर सरकार ने झूठे मुकदमे में फसाया है, तो समाजवादी पार्टी अब तक क्या कर रही थी। अब तक क्यों नहीं छुड़ा लिया। यह सिर्फ वोट के लिए इस तरह की बयान बाजी की जा रही है, जो कहीं से भी उचित नहीं है। बहुत लंबी कार्यवाही हुई है। तथ्य और प्रमाण के साथ प्रदेश सरकार ने, हमारी पुलिस ने कार्रवाई की है और इसको न्यायालय ने भी माना है। उन्होंने कहा कि आगे आजम पर लगे आरोप साबित भी होंगे। गौरतलब है कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोमवार को प्रदेश की भाजपा सरकार पर आरोप लगाया था कि भाजपा सरकार पुलिस का राजनीतिक इस्तेमाल कर रही है। सत्ता का दुरुपयोग कर अपने राजनीतिक एजेंडे को पूरा करने के लिए विपक्षी दलों के नेताओं पर झूठे मुकदमें लगवाती है। कहा कि जब सरकार पुलिस से पॉलिटिकल पोलिंग कराएगी, उन्हें चुनावी गोरखधंधे का हिस्सा बनाएगी, तो अवैध कार्यों, भ्रष्टाचार और वसूली में पुलिस की मिलीभगत को नजरअंदाज करने पर मजबूर भी होगी।

# उप्र के पते पर पंजीकृत 127 राजनीतिक दलों को नोटिस

शाह टाइम्स ब्यूरो

- यूपी सीईओ ने जारी कर मांगा जवाब

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 29ए के प्राविधानों के अंतर्गत उत्तर प्रदेश राज्य के पते पर पंजीकृत 127 राजनीतिक दलों (आरयूपीपी) को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। आरोप है कि इन दलों द्वारा विगत तीन वित्तीय वर्षों (2021-22, 2022-23, 2023-24) के वार्षिक लेखापरीक्षित खाते निर्धारित तिथि तक प्रस्तुत नहीं किए गए और वर्ष 2019 से अब तक विगत 6 वर्षों में आयोजित विभिन्न निर्वाचनों में प्रतिभाग तो किया गया मगर निर्धारित समयावधि में निर्वाचन व्यय विवरण दाखिल नहीं किया गया। नियमों के अनुसार प्राविधान यह है कि विधानसभा चुनाव के पश्चात 75 दिनों के भीतर और लोकसभा चुनाव के पश्चात 90 दिनों के भीतर निर्वाचन व्यय विवरणी दाखिल किया जाना अनिवार्य है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने कारण बताओ नोटिस के सम्बंध में कहा कि इन सभी दलों के अध्यक्ष व महासचिव अपना प्रत्यावेदन, शपथ पत्र एवं सुसंगत अभिलेख आदि तीन अक्टूबर तक मुख्य निर्वाचन अधिकारी को उपलब्ध करा सकते हैं। इसके अतिरिक्त व्यक्तिगत सुनवाई हेतु 6, 7, 8 एवं 9 अक्टूबर, 2025 को मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय में प्रात: 10 बजे उपस्थित होकर मुख्य निर्वाचन अधिकारी के समक्ष अपना पक्ष रख सकते हैं।

## अर्थ व्यापार

सेंसेक्स 82102.10
निफ्टी 25169.50
सोना रु. 114179 प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)
चांदी रु. 134980 प्रति किलो

# शेयर बाजार में तीसरे दिन भी गिरावट

### ऑटो-बैंकिंग शेयरों में आई तेजी, सेंसेक्स और निफ्टी लुढ़के

मुंबई, वार्ता



घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार तीसरे दिन गिरावट रही, हालांकि ऑटो और बैंकिंग कंपनियों के शेयरों में तेजी देखी गई। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 57.87 अंक (0.07 प्रतिशत) की गिरावट में 82,102.10 अंक पर बंद हुआ। एक समय यह 81,776.53 अंक तक लुढ़क गया था, लेकिन ऑटो, धातु और बैंकिंग सेक्टरों में लिवाली से बाजार काफी हद तक उबरने में कामयाब रहा।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 32.85 अंक यानी 0.13 प्रतिशत टूटकर 25,169.50 अंक पर बंद हुआ। ऑटो, धातु और बैंकिंग सेक्टरों में लिवाली रही जबकि एफएमसीजी, रियलिटी, फार्मा और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों के शेयरों में गिरावट देखी गई। सेंसेक्स की कंपनियों में ट्रेंट का शेयर सबसे अधिक 2.34 प्रतिशत गिर गया। टेक महिंद्रा में 2.07 प्रतिशत, हिंदुस्तान यूनीलिवर में 1.94 प्रतिशत, अल्ट्राटेक सीमेंट में 1.90 प्रतिशत और एशियन पेंट्स में 1.42 प्रतिशत की गिरावट रही। इटरनल, आईटीसी, सनफार्मा, भारती एयरटेल, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, एचडीएफसी बैंक और टाइटन के शेयर भी टूट गए। एक्सिस बैंक में सबसे अधिक 2.32 प्रतिशत की तेजी रही। बजाज फाइनेंस का शेयर 1.94 प्रतिशत, मारुति सुजुकी का 1.83 प्रतिशत और भारतीय स्टेट बैंक का 1.81 प्रतिशत चढ़ा। कोटक महिंद्रा बैंक का शेयर 1.55 प्रतिशत, टाटा स्टील और एनटीपीसी दोनों का 1.11 प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ। महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा मोटर्स, पावर ग्रिड, एलएंडटी और बजाज फिनसर्व के शेयर भी बढ़त में रहे। एनएसई में कुल 3,136 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें 1,714 के शेयर गिरावट में और 1,329 के बढ़त में रहे जबकि 93 कंपनियों के शेयर दिन भर के उतार-चढ़ाव के बाद अंतत: अपरिवर्तित बंद हुए। मझौली और छोटी कंपनियों पर भी दबाव रहा। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक में 0.13 फीसदी और स्मॉलकैप.100 सूचकांक में 0.53 फीसदी की गिरावट रही। एशियाई बाजारों में जापान का निक्केई 0.99 प्रतिशत की बढ़त में रहा, जबकि हांगकांग का हैंगसेंग 0.70 फीसदी और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.18 फीसदी लुढ़क गया।

### सोना पहुंचा 114000 के पार, चांदी भी उछली

**नई दिल्ली।** गोल्ड ने एक बार फिर से मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सारे रिकॉर्ड को तोड़ दिए हैं। एमसीएक्स पर सोने की कीमत 114179 रुपये प्रति दस ग्राम के स्तर पर पहुंच गई है। सोना ही नहीं, चांदी भी रफ्तार के साथ भाग रही है। मंगलवार को सुबह के कारोबार में चांदी भी एक प्रतिशत से अधिक बढ़कर 1,34,980 प्रति किलोग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है। देश के महानगरों दिल्ली में 22 कैरेट सोने का भाव 1,03,810 रुपये और 24 कैरेटे सोने का भाव 1,13,230 रुपये रहा, जबकि मुंबई में1,13,080 रुपये, चेन्नई में 1,13,790, कोलकाता में 1,13,080 और लखनऊ में 1,13,230 रुपये रहा। मेहता इक्विटीज के कमोडिटीज के उपाध्यक्ष राहुल कलंत्री ने कहा कि अमेरिकी फेड द्वारा ब्याज दरों में 25 आधार अंकों की कटौती और साल के अंत तक अतिरिक्त रियायतों की संभावनाओं ने सोने के प्रति धारणा को मजबूत किया है, जबकि डॉलर इंडेक्स में नरमी और रुपये में कमजोरी ने भी इसमें तेजी ला दी है। केंद्रीय बैंकों की लगातार खरीदारी, ईटीएफ में मजबूत निवेश और सुरक्षित निवेश के लिए खरीदारी ने कीमती धातुओं की मजबूती को और बढ़ाया है।

# नवी मुंबई से 20 दैनिक उड़ानें शुरू करेगी एयर इंडिया एक्सप्रेस



**मुंबई।** एयर इंडिया समूह की किफायती विमान सेवा कंपनी एयर इंडिया एक्सप्रेस मुंबई के उपनगरीय इलाके नवी मुंबई में बने नए हवाई अड्डे से 20 दैनिक उड़ानें शुरू करेगी। एयर इंडिया ने मंगलवार को एक विज्ञप्ति में बताया कि वह नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से 15 शहरों के लिए 20 से वाणिज्यिक उड़ानें शुरू करेगी।

ये उड़ानें हवाई अड्डे के संचालन के पहले चरण से शुरू होंगी। अगले साल के मध्य तक वहां से उड़ानों की संख्या बढ़ाकर रोजाना 55 की जाएगी, जिनमें पांच दैनिक अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें भी शामिल होंगी। अगले साल के अंत तक एयर इंडिया समूह का लक्ष्य नवी मुंबई हवाई अड्डे से अपने परिचालन को 60 दैनिक प्रस्थान तक बढ़ाने की योजना है। एयर इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबंध निदेशक कैंपबेल विल्सन ने कहा कि हम नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर परिचालन शुरू करने के लिए उत्सुक हैं, क्योंकि मुंबई एक से अधिक हवाई अड्डों वाले विश्व शहरों की श्रेणी में शामिल हो गया है। हमें अदानी एयरपोर्ट्स के साथ मिलकर नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को न केवल शेष भारत से जोड़ने वाले एक बिंदु के रूप में, बल्कि अपनी रणनीतिक भौगोलिक स्थिति को देखते हुए, यात्रियों और कार्गो दोनों के लिए देश के प्रमुख वैश्विक पारगमन केंद्रों में से एक के रूप में विकसित करने में खुशी हो रही है। उल्लेखनीय है कि नवी मुंबई हवाई अड्डे का संचालन अडानी समूह के हाथों में है। अडानी एयरपोर्ट होल्डिंग्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अरुण बंसल ने कहा कि हमें अपने एक मूल्यवान एयरलाइन भागीदार के रूप में नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एयर इंडिया समूह का स्वागत करते हुए खुशी हो रही है।

### यूपी के किसानों के लिए खुशखबरी, सीएसए विवि से मिल सकेंगे बीज

**कानपुर।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि (सीएसए विवि) के तिलहन अनुभाग में कृषि वैज्ञानिकों ने पहली बार सरसों की सुरेखा प्रजाति (केएमआर-16-2) को विकसित किया है, जिसका साल 2022 में विमोचन हुआ था और अब कृषि मंत्रालय से इसका नोटिफिकेशन जारी हो गया है। अब उत्तर प्रदेश के किसानों को सरसों की यह एक नई प्रजाति खेती के लिए मिल जाएगी। सीएसए विवि के वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डा. महक सिंह ने बताया कि इस प्रजाति की खूबी है कि इसमें सर्वाधिक तेल की मात्रा 41.4 प्रतिशत तक मिली है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**सुप्रीम कोर्ट...**

में मकान खरीदारों से ठगी के लिए बैंकों और डेवलपर्स के बीच अपवित्र सांठगांठ के संबंध में 22 मामले दर्ज करने की अनुमति दी थी। एनसीआर के बिल्डर और उत्तर प्रदेश व हरियाणा के विकास प्राधिकरण अब शीर्ष अदालत की जांच के दायरे में हैं। शीर्ष अदालत ने इस मामले को उठाने और 58 परियोजना स्थलों का दौरा करके 1,000 से ज्यादा लोगों से पूछताछ करने के सीबीआई के प्रयासों की सराहना की। इसने केंद्रीय एजेंसी से जांच शीघ्र पूरी करने और मामले को उसके तार्किक निष्कर्ष तक पहुंचाने को कहा। अदालत ने सीबीआई को विभिन्न बिल्डरों और बैंकों के खिलाफ की गई छह प्रारंभिक जांचों को आगे की जांच के लिए संज्ञेय अपराधों के तहत दर्ज की गई प्राथमिकी के समकक्ष 22 नियमित मामलों में बदलने की अनुमति दी। पीठ ने कहा कि सीबीआई द्वारा दर्ज की गई सातवीं प्रारंभिक जांच की परख करने का काम अभी भी जारी है। अदालत ने कहा कि इस प्रारंभिक जांच में शामिल परियोजनाएं मुंबई, बैंगलोर, कोलकाता, मोहाली और इलाहाबाद में हैं। शीर्ष अदालत ने मार्च में सीबीआई को एनसीआर क्षेत्र (नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गुरुग्राम, यमुना एक्सप्रेसवे और गाजियाबाद) में बिल्डरों और परियोजनाओं से संबंधित पांच प्रारंभिक जांच करने की अनुमति दी थी। पीठ ने रियलिटी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी सुपरटेक लिमिटेड के खिलाफ एक प्रारंभिक जांच करने की अनुमति दी, जिसके खिलाफ 799 मकान खरीदारों ने आठ अलग-अलग शहरों में परियोजनाओं से संबंधित 84 अपीलों के माध्यम से शीर्ष न्यायालय का रुख किया है।

**आजम खां....**

पहुंचे। वे 100 गाड़ियों के काफिले के साथ यहां से रामपुर के लिए रवाना हो गए। आजम खां की रिहाई सुबह 9 बजे होनी थी, लेकिन एक केस में 6 हजार जुर्माना नहीं भरा गया था। 10 बजे कोर्ट खुलने पर यह रकम जमा हुई। इसके बाद 12.30 बजे उनकी रिहाई हुई। आजम खां काला चश्मा, काली सदरी और सफेद कुर्ता पहने कार में ही बैठकर जेल से बाहर आए। हाथ हिलाकर समर्थकों का अभिवादन किया। उन्हें लेने के लिए मुरादाबाद सांसद रूचि वीरा और 400 से ज्यादा कार्यकर्ता पहुंचे। पुलिस ने 73 कार्यकर्ताओं की गाड़ियों का चालान भी काटा। कहा कि ये सब नो पार्किंग जोन में खड़ी थीं।

# जीएसटी सुधार के साथ जनता को त्योहार में मिला उपहार: भाजपा

नई दिल्ली, वार्ता



भारतीय जनता पार्टी ने मंगलवार को कहा कि नवरात्र के पहले दिन देश में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधार लागू होने से जनता में त्यौहार का आनंद कई गुना बढ़ गया है। पार्टी मुख्यालय में भारतीय जनता पार्टी प्रवक्ता संबित पात्रा ने आज पत्रकारों से कहा कि जीएसटी सुधार लागू होने से देशभर में शानदार प्रतिक्रियाएं आ रही हैं और देश में हर कोई छूट का लाभ उठा रहा है।

औद्योगिक कंपनियों के साथ आम जनता ने जीएसटी सुधार पर बेहद सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है। पात्रा ने कहा कि नवरात्र के पहले दिन जीएसटी सुधार लागू होने पर देशभर में केंद्र और राज्य सरकार के भाजपा मंत्रियों ने जनता और दुकानदारों के बीच पहुंच कर उनसे बात की। उन्होंने बताया कि दुकानदारों ने कहा कि नवरात्र में यह अबतक की सबसे शानदार ओपनिंग हैं। जीएसटी की दरों की कटौती का फायदा उठाने के लिए ग्राहक भी मॉल दुकान और शोरूम में पहुंच रहे हैं। भाजपा प्रवक्ता ने जीएसटी सुधार को लेकर मीडिया को भी धन्यवाद देते हुए कहा कि आप लोगों ने इस विषय को जनता तक सटीक तरीके से पहुंचाया है। पात्रा ने कहा कि सोमवार को भाजपा के सांसद और मंत्री जीएसटी सुधार की वस्तुस्थिति जानने के लिए सड़कों पर उतरे, उन लोगों ने दुकानदारों और ग्राहकों से बातचीत की, जिसका बड़ा और सकारात्मक फीडबैक आप सभी से शेयर करना चाहता हूं। उन्होंने कहा कि मारुति सुजुकी ने पिछले 35 वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ा है। मारूति ने जीएसटी कटौती लागू होने के पहले ही दिन 25 हजार कारों की डिलीवर की हैं। उन्होंने बताया कि हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड की तरफ से आई जानकारी के अनुसार पहले ही दिन उन्होंने भी रिकॉर्ड बनाया है। हुंडई के निदेशक का बयान भी आज समाचारपत्रों में छपा है कि नवरात्रि का शुभारंभ, नेक्स्ट जेनरेशन जीएसटी रिफॉर्म्स की वजह से बहुत ही शानदार रहा है।


शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

### धामी कैबिनेट में 6 प्रस्तावों पर लगी मुहर

# महक क्रांति नीति से सुगंधित होगा उत्तराखंड

## पीएम मोदी को पसंद आए तिमरु परफ्यूम ने इस नीति को दी रफ्तार



शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में राज्यहित से जुड़े 6 बड़े प्रस्तावों पर मुहर लगी है। बैठक में सबसे अहम फैसला 'महक क्रांति नीति' को हरी झंडी देना रहा।

बैठक के बाद केबिनेट के फैसलों की जानकारी देते हुए सूचना महानिदेश बंशीधर तिवारी ने बताया कि उत्तराखंड राज्य में लंबे समय से महक क्रांति नीति तैयार करने की चर्चा चल रही थी। उत्तराखंड सरकार ने प्रदेश में सगंध फसलों के उत्पादन को बढ़ाने और इसके इस्तेमाल को बढ़ाए जाने पर जोर देने को दृष्टीगत तमाम पहलुओं को शामिल करते हुए महक क्रांति नीति तैयार करने का निर्णय लिया है। ताकी प्रदेश में सगन्ध खेती को स्थापित किया जा सके। महक क्रांति नीति के पहले चरण में अगले 10 साल यानी 2026 से 2036 तक के सशक्त उत्तराखंड के संकल्प को पूरा करने के लिए तैयार किया जाएगा। यही नहीं उत्तराखंड राज्य में सगन्ध खेती को बढ़ावा देने के लिए अच्छी खासी सब्सिडी का भी प्रावधान किया जाएगा। राज्य में सगंध फसलों के पारिस्थितिकी तंत्र की स्थापना करना, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सगन्ध उत्पादों के लिए उत्तराखण्ड ब्रांड को स्थापित करना है। इस नीति में प्रथम चरण के तहत 91,000 लाभार्थियों के जरिए 22750 हेक्टेयर भूमि पर सगन्ध खेती करने का लक्ष्य रखा गया है। नीति के तहत किसानों को कम से कम एक हेक्टेयर भूमि पर 80 फीसदी की सब्सिडी और एक हेक्टेयर से अधिक की भूमि पर सगन्ध खेती करने पर 50 फीसदी की सब्सिडी दी जाएगी। प्रदेश को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सगंध उत्पादों का ब्रांड बनाने का संकल्प लिया गया है। सौगंध पौधा केंद्र की शोध और प्रधानमंत्री मोदी को पसंद आए तिमरु परफ्यूम ने इस नीति को रफ्तार दी।

### दिव्यांग विवाह प्रोत्साहन राशि दोगुनी

समाज कल्याण विभाग के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है, अब दिव्यांग युवक-युवती से विवाह करने पर प्रोत्साहन राशि 25 हजार से बढ़ाकर 50 हजार रुपये कर दी गई है। वहीं, उत्तराखंड कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवा विभाग के ढांचे में संशोधन करते हुए अधीनस्थ कारीगरों के लिए 24 पद और सुधारात्मक विंग के लिए 3 पदों के सृजन को मंजूरी मिली है। पीएम आवास योजना के तहत रुद्रपुर में बनाए गए 1872 ईडब्ल्यूएस मकानों में लागत धनराशि से अधिक धनराशि खर्च हुई है, ऐसे में इन आवासों को बनाने में खर्च हुई अतिरिक्त 27.85 करोड़ रुपए को राज्य सरकार वहन करेगी। इसके अलावा उत्तराखंड राजकीय प्रारंभिक शिक्षा (अध्यापक) (संशोधन) सेवा नियमावली 2012 में संशोधन को मिली भी मंजूरी दी गई है। इसके साथ ही राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद उत्तराखंड की ओर से वर्तमान समय में पीएम ई-विद्या कार्यक्रम के तहत 5 फ्री शैक्षिक टीवी चौनलों का प्रसारण किया जा रहा है, इसके लिए राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् नई दिल्ली और राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् उत्तराखण्ड के बीच एमओयू किया गया है, ऐसे में इस कार्यक्रम को बेहतर ढंग से संचालित करने के लिए धामी मंत्रिमंडल ने आठ पदों को सृजन करने की मंजूरी दे दी है।

**अन्य फैसले**

उत्तराखंड कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवा विभाग में संशोधन को मंजूरी

अधीनस्थ कारीगरों के 24 पद और सुधारात्मक विंग के 3 पद सृजित

पीएम आवास योजना का अतिरिक्त खर्च वहन करेगी सरकार

शिक्षा में डिजिटल पहल, 8 नए पद सृजित

# पेपर लीक मामला: धरने पर जमे छात्र



शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग यूकेएसएसएससी द्वारा आयोजित स्नातक स्तरीय परीक्षा में कथित पेपर लीक के विरोध में लोगों ने प्रदर्शन कर परेड ग्राउंड के पास धरने पर बैठ गए और सरकार की नीतियों का विरोध किया।वही बेरा. `जगार युवाओं ने आयोग के अध्यक्ष और सचिव को हटाने और मामले की जांच सीबीआई को सौंपने की मांग की है।

बेरोजगार संघ के अध्यक्ष राम कंडवाल और उपाध्यक्ष स्वदेश मोहन मोघा के नेतृत्व में बेरोजगारों ने परेड ग्राउंड में धरना प्रदर्शन किया। उनका आरोप है कि आयोग में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हुआ है और सरकार उनकी मांगों को लगातार नजरअंदाज कर रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर उनकी मांगें पूरी नहीं हुईं तो आंदोलन जारी रहेगा। बेरोजगारों ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात कर उन्हें इस मामले की जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने उन्हें आश्वासन दिया कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और किसी को बख्शा नहीं जाएगा। इस बैठक में छात्र नेता बॉबी पंवार, देवेंद्र बिष्ट और अन्य भी मौजूद थे।

## भाजपा की प्रदेश कार्यशाला आज मिशन 2027 मे हैट्रिक पर होगा मंथन

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन बीएल संतोष की मौजूदगी में बुधवार को पार्टी की प्रदेश कार्यशाला होने जा रही है। जिसमें प्रदेश प्रभारी, सह प्रभारी, मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष समेत समस्त नवनियुक्त प्रदेश पदाधिकारी, 2027 में मिशन हैट्रिक को लेकर कार्ययोजना पर चर्चा करेंगे।

प्रदेश मीडिया संयोजक मनवीर चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि कल दिनांक 24 सितंबर को राजधानी के कुँआवाला क्षेत्र के एक निजी संस्थान में पार्टी की प्रदेश कार्यशाला का आयोजन होने जा रहा है। जिसमें राष्ट्रीय महामंत्री संगठन संतोष का मार्गदर्शन पार्टी के सभी नवनियुक्त प्रदेश पदाधिकारी जिला प्रभारी से प्रभारी जिला अध्यक्ष एवं जिला महामंत्रियों को प्राप्त होगा। इस एक दिवसीय कार्यशाला में प्रदेश प्रभारी एवं राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम सह प्रभारी रेखा वर्मा, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट और प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार भी उपस्थित रहेंगे।

## यूकेएसएसएससी अध्यक्ष को बर्खास्त करे सरकार: कांग्रेस

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** प्रदेश में रविवार को संपन्न हुए यूकेएसएसएससी परीक्षा के पेपर लीक की जांच हाईकोर्ट के सिटिंग जज की निगरानी में सीबीआई से कराने की कांग्रेस ने मांग की है ,आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संगठन सूर्यकांत धस्माना ने कहा कि परीक्षा के ठीक एक दिन पहले राज्य के नकल माफिया सरगना की नाटकीय गिरफ्तारी फिर रविवार को पेपर के दौरान ही आधे घंटे में पेपर का बाहर आ जाना और फिर पेपर के प्रश्नों के हल के साथ सोशल मीडिया में वायरल हो जाना और फिर इस बात का खुलासा सबसे चौंकाने वाला है कि परीक्षा केंद्रों में लगे जैमर फोरजी के थे जबकि आज मोबा. इल फोन पर फाइवजी काम कर रहा है तो कैसे फोरजी फाइवजी को इंटरसेप्ट कर सकता है और यह पूरे मामले को और ज्यादा संदिग्ध बना रहा है इसलिए अब इस पूरे पेपर लीक प्रकरण की हाई कोर्ट के सिटिंग जज की निगरानी में सीबीआई जांच होनी चाहिए।

# यूसीसी:केंद्र ने कोर्ट से जवाब देने को मांगा समय, 15 अक्टूबर को होगी सुनवाई

शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार द्वारा लागू किये गए यूसीसीसी-2025 को चुनौती देती कई जनहित याचिकाओं सहित प्रभावित लोगों की तरफ से दायर याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद मुख्य न्यायधीश जी नरेंद्र व न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खण्डपीठ ने अगली सुनवाई हेतु 15 अक्टूबर बुधवार की तिथि नियत की है।

बता दें मंगलवार को हाईकोर्ट में हुई सुनवाई के दौरान केंद्र के सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कोर्ट से इस मामले की अगली सुनवाई हेतु 14 अक्टूबर सोमवार की तिथि देने का अनुग्रह कोर्ट से किया गया लेकिन याचिकर्ताओं की तरफ से पैरवी कर रहे सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता राजूरं चद्रंन कीर्ति सिंह व वृन्दरा ग्रोवर ने कोर्ट से इस मामले की सुनवाई हेतु 15 अक्टूबर बुधवार की तिथि नियत करने की प्रार्थना की, जिसपर कोर्ट ने सहमत होकर अगली सुनवाई की तिथि 15 अक्टूबर बुधवार की नियत की है। मामले के अनुसार यूसीसी को लेकर अभी तक उच्च न्यायलय में प्रभावित व अन्य समुदायों ने इसे चुनौती दी गयी है जिन पर सुनवाई करते हुए पूर्व से अब तक कोर्ट ने जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश राज्य सरकार को दिये थे। राज्य सरकार ने अब इसमें अपना जवाब प्रस्तुत कर दिया है, अभी तक जो याचिकाएं दायर की गई हैं उनमें से खासकर मुस्लिम सुमदाय व लिव इन रिलेशन में रह रहे लोगों के द्वारा दायर की गई हैं। लिव इन रिलेशन में रह रहे लोगों का कहना है कि जो पफार्म रजिस्ट्रेशन के लिए उनसे भरवाया जा रहा है उसमें उनसे कई तरह की पूर्व जानकारी मांगी गई है। अगर वे पूर्व की जानकारी पफार्म में पफील करते हैं तो उन्हें जानमाल का खतरा भी हो सकता है। वर्तमान की शर्तेतो वो सब ठीक है। पूर्व की देने के उनकी व्यक्तिगत प्राइवेषी के खिलापफ है इसको संसोधित किया जाए।

# uksssc मास्टर मांइड मलिक सहित बहन भी गिरफ्तार



शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादन।** उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूकेएसएसएससी) की स्नातक स्तरीय लिखित परीक्षा के पेपर लीक मामले में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। फरार चल रहे मास्टरमाइंड खालिद मलिक को हरिद्वार से दबोच लिया गया। देहरादून एसएसपी अजय सिंह ने गिरफ्तारी की पुष्टि की है।

खुलासे में सबसे बड़ा चौंकाने वाला तथ्य यह सामने आया कि जिस परीक्षा कक्ष में खालिद मलिक बैठा था, वहां जैमर ही नहीं लगाया गया था। केंद्र में कुल 18 कमरे थे और 15 जैमर लगे हुए थे, लेकिन कमरा नंबर 9, 17 और 18 में जैमर नहीं थे। खालिद कमरे नंबर 9 में परीक्षा दे रहा था। यहीं से उसने डिवाइस के जरिए प्रश्नपत्र के तीन पन्ने अपनी बहन साबिया को भेजे। साबिया ने इन्हें आगे प्रोफेसर सुमन चौहान तक पहुंचाया। पेपर लीक कांड में मास्टरमाइंड की गिरफ्तारी के बाद अब साफ है कि यह खेल अकेले का नहीं था। बहनें, प्रोफेसर और जैमर टीम तक, सभी पर पुलिस की नजर टिकी है। अब देखना होगा कि इस हाई-प्रोफाइल नकल गैंग की पूरी सच्चाई कब तक सामने आती है।

**जया बलूनी की टीम ने किया गहन निरीक्षण:** एसएसपी अजय सिंह ने मामले की जांच एसपी देहात जया बलूनी को सौंपी। उनकी टीम ने हरिद्वार के आदर्श बाल सदन इंटर कॉलेज बहादरपुर जट का निरीक्षण किया, जहां से पेपर बाहर आया था। केंद्र के प्रिंसिपल, कक्ष निरीक्षकों और गवाहों से घंटों पूछताछ की गई। बयानों और सबूतों के आधार पर कुछ संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है। बहन साबिया भी पुलिस की गिरफ्त में पुलिस जांच में सामने आया कि खालिद की बहन साबिया को पूरे घटनाक्रम की जानकारी थी। फिर भी उसने प्रश्नपत्र के फोटो सुमन चौहान तक भेजे और उनसे उत्तर प्राप्त किए। एसपी देहात जया बलूनी ने बताया कि नकल कराने के उद्देश्य से की गई इस साजिश के पुख्ता सबूत मिलने पर साबिया को गिरफ्तार किया गया।

### प्रोफेसर सुमन और दूसरी बहन हीना भी संदेह के घेरे में

इस गोरखधंधे में खालिद की दूसरी बहन हीना और सहायक प्रोफेसर सुमन चौहान की भूमिका भी संदिग्ध बताई जा रही है। सुमन चौहान पर आरोप है कि उन्होंने लीक हुए प्रश्नों के जवाब तैयार किए। फिलहाल दोनों पुलिस की हिरासत में हैं। खालिद की गिरफ्तारी के बाद पुलिस को भरोसा है कि पेपर लीक कांड की कई परतें खुलेंगी। जैमर टीम की भूमिका से लेकर केंद्र में डिवाइस ले जाने तक की गुत्थी सुलझाई जाएगी। हरिद्वार और देहरादून की पुलिस टीमें आरोपी से गुप्त स्थान पर पूछताछ कर रही हैं।

# आयुष्मान योजना के सात साल साबित हुए बेमिसाल

## उत्तराखंड में प्रगति के नए कीर्तिमान स्थापित करती आयुष्मान योजना

एस. आलम अंसारी

**देहरादून।** राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण उत्तराखंड: सर्वे भवंतु सुखिन: सर्वे संतु निरामया की कहावत को चरितार्थ कर रही आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना ने आज सात साल का शानदार सफर पूरा कर दिया है। 23 सितंबर 2018 को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज ही के दिन इस योजना की शुरूआत की थी। इसमें प्रत्येक परिवार को प्रतिवर्ष 5 लाख रूपए तक नि:शुल्क उपचार की सुविधा सुलभ है। इसमें प्रदेश के 5.97 लाख परिवारों को आच्छादित किया गया था।

बाद में आयुष्मान की तर्ज पर उत्तराखंड सरकार ने आयुष्मान को सार्वभौमिक करते हुए आम जनों के लिए अटल आयुष्मान योजना व व राजकीय व स्वावय कार्मिकों व पेंशन. रों के लिए राज्य सरकार स्वास्थ्य योजना भी शुरू की। योजनाओं के नाम भले ही अलग हों लेकिन लक्ष्य सभी का जन कल्याण ही है। जन कल्याण के इन सामूहिक प्रयासों के नतीजे आज अनुकरणीय बने हैं।

**बुजुर्ग जनों के लिए आयुष्मान वय वंदना कार्ड:** जन कल्याण में नया अध्याय जोड़ते हुए भारत सरकार ने आयुष्मान योजना के अंतर्गत ही गत वर्ष 29 अक्टूबर को 70 साल या उससे अधिक आयुवर्ग के बुजुर्गजनों को पृथक से 5 लाख रूपए तक कैशलेस उपचार की सुविधा दी है। चूंकि बड़ी में उम्र ही स्वास्थ्य सुरक्षा की अधिक आवश्यकता होती है ऐसे में वय वंदना कार्ड हमारे बुजुर्ग जनों के लिए उपहार से कम नहीं है। अभी तक 20 हजार से अधिक वय वंदना कार्ड बन चुके हैं। जिसके सापेक्ष करीब 5000 लाभार्थियों ने 7400 बार योजना का लाभ उठाया है जिस पर आरंभ से अब तक करीब 20 करोड़ रूपए की धनराशि खर्च हुई है।

**सड़क दुर्घटना पीड़ितों को तत्काल उपचार:** सड़क हादसे में घायल हुए पीड़ितों के लिए आयुष्मान के तहत ही राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण व सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय संयुक्त पहल से कैशलेस उपचार की खास व्यवस्था की गई है। इसमें किसी भी सड़क हादसे के घायल को सिर्फ पुलिस रिपोर्ट के आधार पर उपचार तत्काल शुरू किया जाता है। इसमें 1.50 लाख तक या सात दिवस (जो भी पहले हो) कैशलेस उपचार की सुविधा है।

### 61 लाख से अधिक बन चुके हैं आयुष्मान कार्ड

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, अटल आयुष्मान योजन व उत्तराखंड राज्य सरकार स्वास्थ्य योजना में आरंभ से वर्तमान तक के ब्यौरे की बात करें तो प्रदेश में करीब 61 लाख से अधिक आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं। 17 लाख से अधिक मरीजों ने अस्पताल में भर्ती होकर निशुल्क उपचार सुविधा का लाभ उठाया। और इस नि:शुल्क उपचार सेवा पर बीते सात सालों में करीब 3300 करोड़ का व्यय हुआ है। इसमें गंभीर बीमारियों से जूझते हुए कई लाभार्थी मरीजों को जीवनदान मिला है।

### आयुष्मान में अस्पतालों की है एक बड़ी श्रृंखला



प्रदेश में आयुष्मान योजना के अंतर्गत वर्तमान में कुल 396 अस्पताल सूचीबद्ध हैं। जिसमें 201 सरकारी व 195 निजी अस्पताल शामिल हैं। प्रदेश के बाहरी प्रांतों में 31 हजार से अधिक अस्पताल आयुष्मान योजना के अंतर्गत सूचीबद्ध हैं। प्रदेश के बाहर रहने वाले राज्य के लाभार्थी बाहर के अस्पतालों में उपचार कराते हैं और उत्तराखंड में बाहरी प्रांतों के लाभार्थी भी सूचीबद्ध अस्पतालों में उपचार सुविधा का लाभ उठाते हैं।

आयुष्मान योजना जनापेक्षाओं पर खरी उतरे, पात्र लाभार्थियों को सही ढंग से उपचार मिले और अस्पताल के चिकित्सा दावों का पारदर्शिता के साथ निस्तारण हो इसका पूरा ध्यान रखा जाता है। सेवाओं में कोई कोताही ना हो इस के लिए सेवा प्रदाताओं को निर्देशित किया जाता है। गलत दावे प्रस्तुत करने वाले अस्पतालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की गई है.. **अरविन्द सिंह ह्यांकी, अध्यक्ष, राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण उत्तराखंड**

राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण द्वारा आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, अटल आयुष्मान योजना व राज्य सरकार स्वास्थ्य योजना का संचालन किया जा रहा है। सरकार की मंशा व दिशा निर्देशों के अनुरूप आम जन मानस को लाभान्वित कर रही आयुष्मान योजना प्रगति की ओर अग्रसर है। लाभार्थियों को बेहतर उपचार मिले इसके लिए अस्पतालों को समय समय पर निर्देशित किया जाता है। लाभार्थियों की सुविधा के लिए प्राधिकरण में कॉल सेंटर की व्यवस्था भी है...**रीना जोशी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण**



प्रधानमंत्री द्वारा "सर्वे भवन्तु सुखिन:, सर्वे सन्तु निरामया:" की भावना से प्रारम्भ की गई आयुष्मान भारत दृ प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना विश्व की सबसे बड़ी आरोग्य योजना है। यह योजना लाखों हितग्राही रोगियों के लिए संजीवनी सिद्ध हो रही है। उत्तराखण्ड में इस योजना के सात वर्षों की यात्रा में असंख्य रोगी नि:शुल्क उपचार पाकर पुन: स्वस्थ जीवन की ओर अग्रसर हुए हैं। रोगपीड़ितों को संकट से उबारने वाली, लोककल्याण की इस अद्वितीय योजना के सफल संचालन के लिए केन्द्र सरकार तथा माननीय प्रधानमंत्री के प्रति हृदय से धन्यवाद... **पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड सरकार**



आयुष्मान योजना गरीब और जरूरतमंद लोगों के वरदान साबित हो रही है। महंगे उपचार के कारण जहां पहले गरीब-जन अपनी बीमारी का उपचार नहीं करा पाते थे आज आयुष्मान कार्ड लेकर किसी भी बड़े सरकारी या प्राइवेट अस्पताल में वह नि:संकोच जाकर नि:शुल्क उपचार सुविधा का लाभ उठा रहे हैं। मा. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहते हैं कि आखिरी छोर पर खड़े व्यक्ति को भी आयुष्मान का लाभ मिलना चाहिए। गंभीर ब्याधियों से ग्रसित कई लोगों को आयुष्मान से जीवनदान मिला है। हम कह सकते हैं कि आयुष्मान योजना का सात साल का सफर उपलब्धिपूर्ण रहा...**डा धन सिंह रावत, स्वास्थ्य मंत्री उत्तराखंड सरकार**




| जनपद का नाम | जनपद में यात्रा प्रारम्भ की तिथि | जनपद में लैंसडाउन को प्लेग ऑफ की तिथि |
|---|---|---|
| देहरादून | 25.09.2025 | 04.10.2025 |
| लैंसडाउन (पौड़ी) | 25.09.2025 | 04.10.2025 |
| चमोली | 25.09.2025 | 04.10.2025 |
| हरिद्वार | 03.10.2025 | 04.10.2025 |
| पौड़ी | 03.10.2025 | 04.10.2025 |
| टिहरी | 26.09.2025 | 04.10.2025 |
| रूद्रप्रयाग | 01.10.2025 | 04.10.2025 |
| उत्तरकाशी | 30.09.2025 | 03.10.2025 |
| अल्मोड़ा | 25.09.2025 | 03.10.2025 |
| नैनीताल | 30.09.2025 | 04.10.2025 |
| पिथौरागढ़ | 26.09.2025 | 03.10.2025 |
| चम्पावत | 01.10.2025 | 03.10.2025 |
| ऊधमसिंहनगर | 25.09.2025 | 04.10.2025 |

# नशामुक्त समाज के लिए टिहरी में सख्ती

■ जिलास्तर पर नशामुक्ति को लेकर कड़े निर्देश जारी शैक्षणिक संस्थानों के आसपास तंबाकू बिक्री पर सख्त रोक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** नशे के खिलाफ चल रही मुहिम को और तेज करते हुए सोमवार देर शाम जिला कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी नितिका खण्डेलवाल की अध्यक्षता में एनसीओआरडी की अहम बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिले के सभी संबंधित विभागों के अधिकारी शामिल हुए और नशामुक्ति अभियान की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जनपद के प्रत्येक रिसॉर्ट और होमस्टे पर कड़ी निगरानी रखी जाए और नियमित रूप से औचक छापेमारी की जाए, ताकि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि पर तत्काल अंकुश लगाया जा सके। इसके साथ ही उन्होंने सभी सरकारी दफ्तरों, अस्पतालों और सार्वजनिक स्थलों पर नारकोटिक्स हेल्पलाइन 'मानस' का व्यापक प्रचार-प्रसार करने पर जोर दिया। जिलाधिकारी ने यह भी सख्त हिदायत दी कि किसी भी विद्यालय के 100 मीटर दायरे में तंबाकू की दुकानें संचालित न हों, और यदि कहीं ऐसा पाया जाता है तो तुरंत कार्यवाही की जाए।

बैठक में पुलिस विभाग से अपर पुलिस अधीक्षक जे.आर. जोशी ने अब तक किए गए चेकिंग अभियानों का ब्यौरा प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि पुलिस लगातार नशे से जुड़े अड्डों और संदिग्ध स्थानों पर नजर बनाए हुए है। वहीं कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी पवन काला ने जानकारी दी कि संयुक्त निरीक्षण के दौरान अफीम और भांग की खेती को नष्ट कर दिया गया है, ताकि यह सामाजिक बुराई जड़ से समाप्त हो सके। इसी क्रम में रॉड संस्था से रंजीता थपलियाल ने कहा कि बच्चों को धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़कर नशामुक्ति की ओर ले जाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बच्चों को हनुमान चाली. सा का पाठ कराकर नशामुक्ति की शपथ दिलाई जा रही है, साथ ही महिलाओं को कॉकटेल-फ्री शादियों के लिए प्रेरित किया जा रहा है, जिससे समाज में सकारात्मक संदेश पहुंचे।

ड्रग इंस्पेक्टर सी.पी. नेगी ने विस्तृत जानकारी साझा करते हुए कहा कि पुलिस और राजस्व विभाग के साथ संयुक्त कार्रवाई के दौरान तपोवन और ढालवाला क्षेत्र की 33 दुकानों की जांच की गई। इनमें से 4 दुकानों पर नियमों के उल्लंघन पाए जाने पर तत्काल क्रय-विक्रय रोकने के नोटिस जारी किए गए। वहीं मनो. विशेषज्ञ डॉ. रीना ने बताया कि जिला अस्पताल, सीएचसी, पीएचसी और जिला जेल में काउंसिलिंग के माध्यम से कई लोगों को नशे से मुक्त कराया गया है। उन्होंने कहा कि तंबाकू मुक्त कैंपस की पहल को जनपद में व्यापक रूप से लागू किया जा रहा है और अब तक 9 ब्लॉकों में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं। बैठक में अपर जिलाधिकारी अवधेश कुमार, एसडीएम संदीप कुमार, ड्रग इंस्पेक्टर ऋषभ धामा, समाज कल्याण अधिकारी श्रेष्ठा भाकुनी, आईबी से अनुरागिनी, डॉ. जितेंद्र और संगीता सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

# बीपीएल कार्ड धारक महिला करवा रहीं अंग्रेजी शराब की दुकान का संचालन

■ रुद्रप्रयाग जनपद के नगरासू-घोलतीर शराब की दुकान का मामला स्थानीय लोगों ने जताई आपत्ति, मामले में कार्रवाई करने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** रुद्रप्रयाग जिले के नगरासू-घोलतीर में स्थित अंग्रेजी शराब की दुकान का संचालन एक बीपीएल महिला कर रही है। ऐसे में यह स्थिति उजागर हो रही है कि दुकान का संचालन मानकों के विपरित किया जा रहा है। आबकारी विभाग को पता होने के बाद भी कोई कार्यवाही इस दिशा में नहीं की जा रही है।

दरअसल, इस दुकान का आवंटन वर्ष 2021-22 में अनुज्ञापी सुनील चन्द्र शुक्ला को आवंटित हुई थी। दुकान आवंटन के कुछ समय बाद अनुज्ञापी सुनील चन्द्र शुक्ला की मौत हो गई थी। जिसके बाद आबकारी विभाग की ओर से दुकान मृतक की माता मिथिला देवी एवं पत्नी के नाम की गई, लेकिन यहां सबसे बड़ा प्रश्न यह होता है कि मृतक की पत्नी सोनम देवी बीपीएल कार्ड धारक हैं। ऐसे में दुकान का आवंटन उन्हे किस प्रकार से किया गया। स्थानीय लोग को पता चलने के बाद इस पर कई प्रकार के प्रश्न-चिन्ह खड़े किये जा रहे हैं। निमयों के अनुसार किसी बीपीएल कार्ड धारक को शराब की दुकान का आवंटन नहीं किया जाता है। शराब की दुकान उसको ही आवंटित होती है, जिसकी करोड़ों की हैसियत हो, लेकिन अब प्रश्न यह उठता है कि जिनका बीपीएल कार्ड है, उनकी हैसियत करोड़ों में कैसे हो सकती है। यह पूरा प्रकरण अब जांच का विषय बन गया है। बीपीएल कार्ड धारक किस प्रकार से अंग्रेजी शराब की दुकान कर सकता है, यह जांच का विषय बना हुआ है। स्थानीय इस संबंध में आबकारी विभाग और जिला प्रशासन में भी शिकायत कर चुके हैं। वहीं दूसरी ओर आबकारी विभाग के अधिकारियों का कहना है कि दुकान की मुख्य अनुज्ञापी मिथिला देवी हैं और सह अनुज्ञापी सोनल देवी हैं। बीपीएल की जांच आबाकारी विभाग नहीं करता है।

आपदा पीड़ित क्षेत्रों में नहीं सुधरी हालात

# देवप्रयाग में भारी बारिश के बाद गहराया पेयजल संकट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** तीर्थनगरी देवप्रयाग में हाल ही में हुई भारी बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। बारिश और भूस्खलन से क्षेत्र की अधिकांश पेयजल योजनाएं क्षतिग्रस्त हो गई हैं, जिससे नगर के साथ-साथ आसपास के गांवों में पेयजल संकट गहराता जा रहा है। जल संस्थान की तमाम कोशिशों के बावजूद कई योजनाओं से जलापूर्ति अब तक बहाल नहीं हो सकी है।

नगर की दीवानी और रंदी गाड़ पेयजल योजनाएं बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं। जल संस्थान द्वारा लगातार प्रयासों के बावजूद इन योजनाओं से सप्लाई बहाल नहीं हो पा रही है। बाह बाजार क्षेत्र सबसे अधिक प्रभावित है, जहां लोग पिछले कई दिनों से पेयजल संकट झेल रहे हैं। इसी तरह नगर से सटे कोटी, तुंणगी, भुइट और भटकोट गांवों में भी पिछले एक सप्ताह से पानी की आपूर्ति ठप है। इन गांवों में सजवान कांडा पंपिंग योजना और स्रोत से जुड़ी दोनों पेयजल योजनाएं भारी चट्टानी भूस्खलन की चपेट में आकर ध्वस्त हो गई हैं।क्षेत्र की पाइपलाइनों की मरम्मत कार्य बेहद जोखिम भरा बना हुआ है क्योंकि वे गहरी खाई और चट्टानी मलबे के बीच दब गई हैं। जल संस्थान के कर्मचारी और ग्रामीण जान जोखिम में डालकर इन तक पहुंचने का प्रयास कर रहे हैं। उधर, भरपूर पंपिंग योजना की मेन राइजिंग लाइन तीन दिन पहले तब क्षतिग्रस्त हो गई जब एक रेलवे का टैंकर राजमार्ग से करीब 70 मीटर नीचे गिर गया और पाइप लाइन पर जा अटका।

# पुलिस के खिलाफ निकालेंगे जागों मित्र पुलिस रैली

**रुद्रप्रयाग।** अगस्त्यमुनि में मारपीट प्रकरण को लेकर बीते 15 दिनों से मुख्यालय स्थित पुलिस कार्यालय के समीप धरना दे रहे भारत संवैधानिक अधिकार संरक्षण मंच के पदाधिकारियों ने कहा कि उनकी कोई नहीं सुन रहा है। इस अवधि में पुलिस अधीक्षक को दिए गए पत्र पर कार्यवाही तो दूर पीडित परिवार से धरना स्थल पर मिलना भी मुनासिब नहीं समझा जा रहा है। इस मौके पर मंच के राष्ट्रीय संयोजक दौलत कुमार ने बतया कि मंगलवार को धरना स्थल पर यह निर्णय लिया गया कि 26 सितम्बर को दोपहर 12 बजे सभी लोग मुख्य बाजार में जागों मित्र पुलिस रैली निकालेंगे।

# डीएम ने रोपवे परियोजना की प्रगति समीक्षा की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी :** जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने यमुनोत्री रोपवे परियोजना की प्रगति की समीक्षा के लिए एक बैठक आयोजित की है। मंगलवार को परियोजना से जुड़े विभिन्न विभागों के अधिकारियों, संबंधित निर्माण एजेंसी के पदाधिकारियों ने वीसी के माध्यम से जुड़े हैं।



जिलाधिकारी ने यमुनोत्री रोपवे परियोजना की वर्तमान स्थिति, निर्माण कार्यों की प्रगति, पर्यावरणीय स्वीकृतियों, भू-अधिग्रहण की स्थिति तथा स्थानीय जनसहयोग की समीक्षा की।

उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को रोपवे निर्माण में सुरक्षा मानकों का पूर्ण रूप से पालन करने, आवश्यक तकनीकी परीक्षण समय-समय पर कराए जाने तथा पर्यावरण से जुड़े सभी पहलुओं का ध्यान रखने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि रोपवे का निर्माण से पर्यटन और यमुनोत्री यात्रा के लिए महत्पूर्ण हैं, इससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी प्रोत्साहन मिलेगा। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि संबंधित अधिकारी परियोजना के अंतर्गत चल रहे कार्यों का मौके पर पहुंच कर स्थलीय निरीक्षण करें तथा इससे जुड़े विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें ताकि रोपवे परियोजना को एक मॉडल परियोजना के रूप में सफल बनाया जा सके।

बैठक के दौरान डीएफओ रविन्द्र पुंडीर, डीटीडीओ केके जोशी सहित विभिन्न अधिकारी वीसी के माध्यम से जुड़े।

**एक नजर .......**

## व्यापारियों को जीएसटी में बदलाव पर दी जानकारी

**कोटद्वार ।** कोटद्वार डिस्ट्रीब्यूटर एसोसिएशन एवं व्यापार मंडल पदाधिकारियों की मंगलवार को जीएसटी के उच्च अधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जीएसटी अधिकारियों ने व्यापारियों को जीएसटी में बदलाव पर जानकारी दी। बैठक जीएसटी डिप्टी कमिश्नर अवधेश कुमार पांडे ने जीएसटी में हुए बदलाव पर विस्तार से सभी व्यापारियों को समझाया और बदलावों से हुए लाभ को आम जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। कहा कि केंद्र सरकार का यह कदम आम जन की परेशानियों को दूर करेगा। एसोसिएशन अध्यक्ष दिनेश ऐरन ने जीएसटी दरों में बदलाव के सरकार के निर्णय की सराहना की। बैठक में असिस्टेंट कमिश्नर मिथिलेश आनंद व अशोक कुमार टम्टा व स्टेट टैक्स ऑफिसर सुल्तान सिंह तोमर सहित एसोसिएशन से जुड़े समस्त व्यापारी मौजूद रहे।

## कांग्रेस ने प्रदेश सरकार पर लगाया बेरोजगारों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने का आरोप



कोटद्वार । जिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार पर बेरोजगारों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने का आरोप लगाया है। कहा कि प्रदेश सरकार के कार्यकाल में भर्ती परीक्षाओं के पेपर लगातार लीक हो रहे हैं, जिस कारण युवा अपने आप को ठगा महसूस कर रहे हैं। मंगलवार को कांग्रेस प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार पर युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने और विकास के हर मोर्चे पर विफल रहने का आरोप लगाते हुए तहसील चौक पर प्रदर्शन किया और प्रदेश सरकार का पुतला दहन किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि भाजपा सरकार के लंबे कार्यकाल में अभी भी विभिन्न सरकारी विभागों में लाखों पद खाली हैं, वहीं नियुक्ति परीक्षाओं के पेपर लगातार लीक होने से परिश्रमी नौजवानों के हितों पर कुठाराघात हो रहा है, वहीं पेपर लीक के षड्यंत्रकारी भी भाजपा के विभिन्न स्तरों के नेता हैं, जो सरकार के संरक्षण में फल फूल रहे हैं। कहा कि कोई नौजवान बड़े परिश्रम से भर्ती परीक्षा की तैयारी करता है, लेकिन परीक्षा से कुछ समय पहले ही पेपर लीक कर दिया जाता है। इससे नौजवानों का आक्रोशित होना स्वाभाविक है। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए पुतले को आग के हवाले कर दिया। पुतला दहन में जिलाध्यक्ष विनोद डबराल, वरिष्ठ नेत्री रंजना रावत, बलबीर सिंह रावत, प्रेम सिंह पयाल, दिनेश रावत, दिलवर प्रताप सिंह, प्रदीप सिंह नेगी, प्रवेश रावत, जावेद हुसैन और राजन चार्ल्स सहि अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

## 119 बाईपास से प्रभावित क्षेत्रवासियों की समस्याओं के संबंध में उच्चाधिकारियों के साथ की बैठक

**कोटद्वार ।** प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष एवं कोटद्वार विधान सभा विधायक ऋतु खंडूड़ी भूषण ने मंगलवार को मालगोदाम रोड स्थित कैंप कार्यालय में राष्ट्रीय राजमार्ग-119 बाईपास से प्रभावित क्षेत्रवासियों, राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग, अपर जिलाधिकारी पौड़ी, राजस्व विभाग, संघर्ष समिति एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ एक समन्वय बैठक आयोजित की। बैठक का उद्देश्य राष्ट्रीय राजमार्ग-119 के कारण प्रभावित हो रहे घरों, जमीनों एवं पट्टाधारी व भूमिहीन लोगों की समस्याओं का समाधान निक. ालना था। उन्होंने कहा समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। इस अवसर पर प्रभावितों ने उचित मुआवजा न मिलने सहित अन्य समस्याएं रखी। इस पर विधान सभा अध्यक्ष ने कहा कि विकास कार्य होने आवश्यक है, लेकिन इसके साथ ही बाइपास प्रभावितों के अधिकारों की रक्षा करना भी आवश्यक है। कहा कि प्रभावितों को मानकों के अनुसार उचित मुआवजा दिलाया जायेगा और उनकी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से किया जाएगा। बैठक में अपर जिलाधिकारी पौड़ी अनिल सिंह गर्ब्याल, उप जिलाधिकारी सोहन सिंह सैनी, भाजपा जिला अध्यक्ष राजगौरव नौटियाल, मंडल अध्यक्ष विक. ासदीप मित्तल, नगर मंत्री अरविंद बनियाल, संघर्ष समिति अध्यक्ष आशीष रावत सहित क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# पेपर लीक को लेकर कांग्रेसियों ने किया पुतला दहन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिन्यालीसौड़ :** विगत दिवस रविवार को उत्तराखंड में संपन्न हुई यूकेएसएसएससी परीक्षा के पेपर लीक होने के विरोध में मंगलवार को उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वाहन पर चिन्यालीसौड़ में कांग्रेसियों ने प्रदेश की भाजपा सरकार व उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के खिलाफ जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए राज्य सरकार का पुतला दहन किया गया।

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जसवीर चौहान व पूर्व पालिका अध्यक्ष शूरवीर रांगड कांग्रेस के नेतृत्व में पार्टी कार्यकताओं ने जुलूस निकाल कर प्रदेश सरकार का पुतला दहन किया।

चौहान ने कहा कि राज्य की सरकार के पारदर्शी परीक्षा करने के सारे दावे एक बार फिर खोखले साबित हुए और अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के अध्यक्ष गणेश मर्तोलिया का यह बयान सरकार के खोखलेपन को साबित करने के लिए काफी हैं जिसमें वे स्वीकार कर रहे हैं कि परीक्षा में दिए गए प्रश्नपत्र के तीन पन्ने तो बाहर आ गए थे किंतु उसको पेपर लीक नहीं कह सकते।

इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जसवीर चौहान पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष शूरवीरसिंह, व्यापार मंडल अध्यक्ष कृष्ण प्रसाद नौटियाल, नगर पालिका शहर अध्यक्ष प्रशांत रांगड़,अनिल बिष्ट चिरंजी, मुंशीलाल, दिनेश,विजय जयेन्द्र मदन विजलवाण तिलकमणी ,प्रशांत पंवार, साहिल भारती आदि मौजूद थे।

# विद्यालयों में प्रधानाचार्य पदों पर सीधी भर्ती प्रक्रिया को बतायाअसवैधानिक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार ।** अनुसूचित जाति, जनजाति शिक्षक एसोसिएशन ने प्रदेश के विद्यालयों में प्रधानाचार्य पदों पर सीधी भर्ती प्रक्रिया को पूरी तरह से असंवैधानिक बताते हुए भर्ती प्रक्रिया को तत्काल निरस्त करने की मांग की है। एसोसिएशन का कहना है कि इस प्रक्रिया में आरक्षण की कोई व्यवस्था नहीं की गई है।

जो संविधान में निहित सामाजिक न्याय और समान अवसर की मूल भावना के विपरीत है। मंगलवार को यहां जारी एक बयान में एसोसिएशन अध्यक्ष जगदीश राठी ने कहा कि 2012 के बाद से पदोन्नति में आरक्षण व्यवस्था लागू न होने के कारण उच्च पदों पर अनुसूचित जाति और जनजाति वर्ग का प्रतिनिधित्व लगातार घटता जा रहा है।

इस भर्ती से भी पूर्व से उपेक्षित वर्गों को और अधिक हाशिए पर धकेला जाएगा। यह न केवल सामाजिक समरसता पर आघात है बल्कि समान अवसर की अवधारणा का सीधा उल्लंघन भी है। उन्होंने चेता. वनी दी कि यदि सरकार ने इस भर्ती प्रक्रिया को वापस नहीं लिया तो संगठन आंदोलन करने पर बाध्य होगा।

# नशे में बस चलाने पर परिवहन निगम का बस चालक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** नशे की हालत में राष्ट्रीय राजमार्ग पर बेतरतीब तरीके से बस चलाने पर परिवहन निगम के वाहन चालक को गिरफ्तार कर बस को सीज कर दिया है। बाजार चौकी प्रभारी मुकेश भट्ट ने बताया कि गढ़वाल विश्वविद्यालय गेट के पास चेकिंग के दौरान एक रोडवेज बस के चालक को खतरनाक तरीके से वाहन चलाते हुए रोका गया। वाहन को रोककर जब चालक की जांच एल्कोमीटर से की गई, तो चालक द्वारा शराब का सेवन करने की पुष्टि हुई। बताया कि चालक परशुराम बड़ोला निवासी सतपुली द्वारा शराब के नशे में धुत होकर रोडवेज बस चलाना पाया गया। यात्रियों व सड़क पर आवाजाही करने वालों की सुरक्षा को देखते हुए पुलिस टीम ने मौके पर ही रोडवेज बस को सीज किया तथा चालक को गिरफ्तार कर आवश्यक कार्यवाही की गई। जानकारी देते हुए बताया कि इससे बस रोड़वेज डिपो श्रीनगर की है, व बस को वर्कशाप से ठीक कर डिपो की ओर चालक शराब के नशे में ला रहा था।



# जीएसटी बचत उत्सव से पढ़ने वाले छात्रों को मिलेगा लाभ

**श्रीनगर।** भारतीय जनता पार्टी के जीएसटी बचत उत्सव के तहत मंगलवार को आदिती स्मृति न्यास में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता नेक्स्ट जेन जीएसटी रिफॉर्म के पौड़ी जिला संयोजक गणेश भट्ट ने बताया कि भाजपा देशभर में 22 सितंबर से 29 सितंबर तक सात दिवसीय जीएसटी बचत उत्सव मना रही है। कहा कि मोदी सरकार ने शिक्षा से जुड़ी आवश्यक सामग्रियों पेंसिल, रबर, किताबें और कॉपियां आदि पर जीएसटी शून्य कर दिया है। इससे छात्रों को पढ़ाई लिखाई की सामग्री बेहद सस्ती और उचित दरों पर उपलब्ध हो होंगी।

# एसपी ने किया तुंगनाथ धाम यात्रा व्यवस्थाओं का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** पुलिस अधीक्षक अक्षय प्रल्हाद कोंडे ने चोपता-तुंगनाथ ट्रैक से तुंगनाथ मन्दिर तक पैदल चलकर यात्रा व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर यात्रा पर आए श्रद्धालुओं से संवाद स्थापित कर उनके यात्रा अनुभव जाने।



इस दौरान उन्होने थाना प्रभारी ऊखीमठ को प्रचलित यात्रा अवधि में धामों की पवित्रता सहित पैदल मार्ग की स्वच्छता बनी रहे व इसकी मर्यादा भंग करने वालों के विरुद्ध "ऑपरेशन मर्यादा" के तहत कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होने चौकी प्रभारी चोपता को समय-समय पर स्वयं तुंगनाथ पैदल ट्रैक सहित आस-पास के क्षेत्रों में निरन्तर भ्रमणशील रहने व पैदल ट्रैक पर जाने वाले पर्यटकों को सुरक्षित तरीके से ट्रैकिंग करने तथा किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियों में संलिप्त रहने वालों के विरुद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होने चौकी क्षेत्रान्तर्गत निवासरत आम-जनमानस जनमानस के साथ निरन्तर समन्वय गोष्ठी आयोजित करने के निर्देश दिए।

# अगस्त्यमुनि में शीघ्र दूर होगी विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अगस्त्यमुनि में आयोजित विशेषज्ञ स्वास्थ्य शिविर के शुभारंभ पर विधायक आशा नौटियाल ने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अगस्त्यमुनि में विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी शीघ्र दूर होगी और क्षेत्र के मरीजों को बेहतर उपचार यही मिलेगा। मरीजों को यहां से जिला मुख्यालय या फिर अन्य स्वास्थ्य केन्द्रों की ओर नहीं जाना पड़ेगा।



विधायक आशा नौटियाल ने कहा कि मरीजों की सेवा करना ही वास्तविक सेवा है। उन्होंने कहा कि इसी पुनीत भाव से स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी को शीघ्र दूर करने के लिए भरसक प्रयास किए जाएंगे।

सीमांत क्षेत्र अनुश्रवण परिषद के उपाध्यक्ष चंडी प्रसाद भट्ट ने जनमानस से अधिकाधिक संख्या में स्वास्थ्य शिविरों का लाभ उठाने की अपील की। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राम प्रकाश ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वार स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत 2 अक्टूबर तक जनपद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र व आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन कर रक्तचाप, शुगर, अनीमिया जांच, रक्तकोष पोर्टल पर पंजीकरण, टीबी स्क्रीनिग, गर्भवती की जांच, स्वास्थ्य जांच, औषधी वितरण आदि सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि 26 सितंबर को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ऊखीमठ में विशेषज्ञ स्वास्थ्य शि. विर आयोजित किया जा रहा है, जिसमें श्रीनगर मेडिकल कॉलेज के विशेषज्ञ चिकित्सक सेवाएं देंगे। अगस्त्यमुनि में आयोजित विशेषज्ञ शिविर में 440 लोंगों की जांच की गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि अभियान के तहत अब तक 11176 मरीजों की स्वास्थ्य जांच की गई, जिसमें 1396 गर्भवती महिलाओं की जांच, 110 गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण, 1255 किशोर-किशोरियों की हीमोग्लोबिन जांच आदि किया गया है।

# तूना-बौंठा मोटरमार्ग की स्थिति बदहाल

■ विगत कई वर्षों से बनी मोटरमार्ग की स्थिति बदहाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** रुद्रप्रयाग जिला मुख्यालय के नये बस अडडे से होकर धनपुर क्षेत्र के कई गांवों के अलावा जिला मुख्यालय की हजारों की आबादी को जोड़ने वाले रुद्रप्रयाग-तूना-बौंठा मोटरमार्ग की स्थिति रुद्रप्रयाग नगर पालिका क्षेत्र में बेहद ही दयनीय बनी हुई है। आलम यह है कि सड़क के उखड़े डामर और गढड़ों में आये दिन कई दुपहिया वाहन चालक चोटिल हो रहे हैं। संबंधित विभाग की ओर से मोटरमार्ग के गढड़ों पर डामर की जगह मिटटी भरी जा रही है, लेकिन बारिश होते ही मिटटी बह रही है और फिर स्थिति बदहाल बन रही है। रुद्रप्रयाग-तूना-बौंठा मोटरमार्ग नगर पालिका रुद्रप्रयाग के हितडांगा, डांगसेरा, कालापहाड़, अमसारी, औंण के अलावा धनपुर पटटी के कई गांवों को जोड़ता है, लेकिन विगत कई वर्षों से इस मोटरमार्ग की बस अडडे से लेकर लगभग दो किमी के दायरे में बेहद ही दयनीय स्थिति बनी हुई है। मोटरमार्ग का डामर पूरी तरह से उखड़ चुका है और बड़े-बड़े गढड़े बने हुये हैं। नालियों का निर्माण न होने से गंदा व बरसात का पानी मोटरमार्ग पर बह रहा है। इस बरसाती सीजन में तो मोटरमार्ग की स्थिति और भी खराब हो गई है। मोटरमार्ग के बीच-बीच जगह-जगह बारिश होते ही पानी बह रहा है। साथ ही जगह-जगह छोटे-छोटे पत्थर फैले हुये हैं, जिन पर दुपहिया वाहन रपट रहे हैं और सवार चोटिल हो रहे हैं। यह मोटरमार्ग राजकीय बालिका इंटर कॉलेज रुद्रप्रयाग को भी जोड़ता है। जबकि अन्य विद्यालयों में पढ़ने वाले नौनिहाल भी इस मोटरमार्ग से होकर आवाजाही करते हैं, लेकिन उन्हे भी खतरा बना रहता है। पूर्व में जिला प्रशासन व संबंधित विभाग से शिकायत करने पर मोटरमार्ग के कुछ हिस्से में टाइल्स बिछाई गई थी, लेकिन बीच में लगभग एक से डेढ़ किमी मोटरमार्ग को ऐसे ही छोड़ा गया, जिस कारण मोटरमार्ग की स्थिति भयावह बनी हुई है।

# अमानवीयः युवक को चार दिन से दी जा रही थी थर्ड डिग्री

## एक बार फिर कंलकित हुई खाकी, आईएसबीटी चौकी पर तैनात पुलिसकर्मियों का कारनामा

**■ आईजी से लेकर एसएसपी तक का दरवाजा खटखटा चुके हैं परिजन ■ चौकी प्रभारी के कारनामों से लगातार शर्मिंदा है पुलिस विभाग**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** आईएसबीटी पुलिस चौकी के कारनामों से हरकोई वाकिफ है आए दिन किसी न किसी प्रकरण को लेकर आईएसबीटी पुलिस चौकी पर तैनात पुलिसकर्मी सुर्खियों में रहते है। कभी पीड़ि3 से रिश्वत लेने के आदरोप में चौकी प्रभारी को विजीलेंस टीम पकड़कर सलाखों के पीछे भेज देती है तो कभी मानसिक रूप सक विक्षिप्त युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला आईएसबीटी क्षेत्र में हो। लेकिन अब तो हद हो गई गांदाम में चोरी का आरोप लगे ऐ युवक को चार दिन से चौकी पर रखकर उसका जहां शारीरिक और मान. सिक रूप से जहां उत्तपीड़न किया जा रहा है वहीं युवक के परिजनों ने उसके साथ चौकी प्रभारी और पुलिसकर्मियों पर थर्ड डिग्री का इस्तेमाल करने का आरोप लगाते हुए आईजी से लेकर एसएसपी को प्रार्थना पत्र देकर युवक को खाकी की आड में छिपे दरिंदों से बचाने की अपील की है।

हरीपुर कांवली निवासी मनोज कुमार गुप्ता ने पुलिस महानिरीक्षक गढ़वाल परिक्षेत्र राजीव स्वरूप को दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया कि उसके पुत्र मनोहर को विगत 21 सितंबर को सुबह दस बजे आईएसबीटी पुलिस चाकी पर तैनात पुलिसकर्मी उसे पमछातछ करने के लिए घर से लेकर गए थे। उन्होंने आरोप लगाया कि उसके पुत्र के पास मौजूद एक एक्टिवा और उसकी बेटी का मोबाईल भी था। पीड़ित ने बताया कि जब काफी समय बाद उसका पुत्र घर वापिस नहीं आया तो वह स्वयं अपने पुत्र के संबंध में जानकारी करने के संबंध में जानकारी करने के लिए आईएसबीटी पुलिस चौकी पर पहुंचा तो वहां पर उसके लड़के के रोने की आवाज आ रही थी। उसके साथ चौकी पर बनी हवालात के अंदर मारपीट की जा रही थी।

मनोज ने आईजी को दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया कि जब उसने वहां पर मौजूद चौकी प्रभारी हर्ष अरोड़ा से जानकारी की तो उल्टा चाकी प्रभारी ने उसके साथ अभद्रव्यवहार किया और उसका हाथ पकड़कर चौकी से बाहर कर दिया और वहां से चले जाने को कहा। मनोज ने पुलिस अधिकारियों को सौंपे प्रर्थना पत्र में इस बात का भी उल्लेख किया कि जब उसने वहां पर मौजूद पुलिसकर्मियों से बनुरोध किया कि उसके बेटे के साथ मारपीट मत करों तो वहां पर मौजूद कांस्टेबिल प्रवीण कुमार ने उसे धमकी दी कि अगर वह बकवास करेगा तो उसके साथ भी वहीं व्यवहार होगा जो उसके लड़के के साथ हो रहा है।

पीड़ित ने पुलिस अधिकारियों को बताया कि उसका लड़का मनो. हर शिकायतकर्ता योग अरोड़ा की ढाका काम्पलैक्स स्थित पर दुकान पर काम करता है और शिकायतकर्ता का आरोप है कि उसके लड़के मनोहर ने उसके गोदाम से लाखों का सामान चोरी किया है। पीड़ित ने बताया कि उसके द्वारा विगत 2 सितंबर को एसएसपी देहरादून से भी लिखित शिकायत करते हुए उसके लड़के को पुलिसकर्मियों के चंगुल से बचाने की मांग की थी। मनोज ने बताया कि चौकी के अंदर उसके लड़के के साथ डण्डों और बैल्ट से मारपीट की गई। उसने बताया कि उसके लड़के के साथ अमानवीय व्यवहार पुलिसकर्मियों द्वारा किया जा रहा और अवैध हिरासत में रखते हुए खाना और पानी तक नही दिया जा रहा है। इतना ही नहीं मनोहर से सादे कागजों पर हस्ताक्षर करवाए जा रहे है। मनोज ने पुलिस अधिकारियों को दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया कि उसके लड़के मनोहर से चौकी के अंदर थर्ड डिग्री देते हुए दबाव बनाया जा रहा है कि वह चोकी का इलजाम कबुल करें। मनोज ने आईजी गढ़वाल रेंज से मांग कि की वह चौकी प्रभारी आईएसबीटी हर्ष अरोड़ा के खिलाफ कार्यवाही करते हुए उसके लड़के मनोहर को उसकी अवैध हिरासत से मुक्त करवाए।

वहीं रीना पत्नी मोतीलाल निवासी हरिपुरम कांवली रोड ने भी एसएसपी को शिकायती पत्र देकर अपने पुत्र रितेश को 21 सितम्बर से अवैध रूप से हिरासत में रखने को आरोप लगया है।

### पहले भी चर्चाओं में रहे हर्ष अरोड़ा

**देहरादून।** यह कोई पहला मौका नहीं है जबकि उपनिरीक्षक हर्ष अरोड़ा चर्चाओं में रहा हो। इससे भी जब वह आईएसबीटी चाकी प्रभारी के पद पर बतौर चौकी प्रभारी के पद पर तैनात थे तो तत्कालीन एसएसपी ने लाईन हाजार कर दिया था और उनके खिलाफ लगे आरोपों की जांच प्रारंभ कर दी थी। उसके बाद परेड़ ग्राउन्ड में एक वरिष्ठ पत्रकार के साथ हाथापाई और मारपीट करने के आरोप में सस्पेंड कर दिया गया था। इतना ही नहीं उपनिरीक्षक हर्ष अरोड़ा को शासन में मौजूद एक वरिष्ठ अधिकारी के साथ गाली-गलौच करने और अभद्रव्यवहार करने के आरा. ेप मे चौकी प्रभारी झाझरा से सस्पैंड कर दिया गया था और वर्तमान एसएसपी अजय सिंह ने उसकी जांच के आदेश दिए थे। उसके बाद एक बार फिर अपने आकाओं के सहारे चौकी प्रभारी आईएसबीटी की दुबारा से कमान संभालने वाले उपनिरीक्षक हर्ष अरोड़ा का कारनामा एक बार फिर सुर्खियों में आ गया। आम आदमी हो या फिर शासन में मौजूद कोई वरिष्ठ अधिकारी हो या फिर चौकी पर पूछताछ के लिए लाए गए व्यक्ति का मामला हो सभी के साथ अपनी बदतामीजी करने वाले उक्त दरोगा की बदतामीजी कब तक चलती रहेगी।



### कृषि मंत्री जोशी से मिले कृषक-बागवान संगठन के पदाधिकारी

**देहरादून।** सूबे के कृषि मंत्री गणेश जोशी से मंगलवार को उनके कैंप कार्यालय में कृषक बागवान उद्यमी संगठन के पदाधिकारियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने वित्तीय वर्ष 2022-23 में एप्पल मिशन एवं कीवी मिशन की धनराशि अवमुक्त न होने तथा किसानों एवं सेवा प्रदाताओं के लम्बित बकाया भुगतान को शीघ्र करने की मांग को लेकर मंत्री को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर कृषि मंत्री गणेश जोशी ने प्रतिनिधि मंडल को सकारात्मक आश्वासन देते हुए सचिव कृषि को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर आनंद बिष्ट, पहाड़ी देवेंद्र सिंह नेगी, शुभम गौड़, अश्वनी बिष्ट, शैलेश चौहान आदि उपस्थित रहे।

### यूकेएसएसएससी परीक्षा से संबंधित मामलों की जांच जरूरी : जुगरान



**देहरादून।** राज्य युवा कल्याण परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष भाजपा नेता रवीन्द्र जुगरान ने कहा कि विगत 15 दिनों के भीतर उत्तराखण्ड अधीनस्थ चयन सेवा आयोग से संबंधित स्नातक स्तरीय परीक्षा में दो बड़ी एवं दुर्भाग्यपूर्ण घटनाएं हुई हैं, जिसकी जांच पड़ताल जरूरी है। इसके बाद ही आयोग को निर्णय लेना होगा फिलहाल आयोग को परीक्षा की पवित्रता, विश्वसनीयता,पारदर्शीता व सुचिता की ओर ध्यान देना होगा। रवीन्द्र जुगरान ने कहा की हाल ही में सम्पन्न हुई परीक्षा के संदर्भ में आयोग द्वारा बिना जांच के किसी निष्कर्ष पर पहुंचना उचित नही। रवीन्द्र जुगरान ने कहा कि एक घटना परीक्षा की सुचिता पारदर्शिता को भंग करने वाले आरोपी हाकम सिंह की है तो दूसरी परीक्षा के शुरू होने के आधे घंटे बाद प्रश्न पत्र या तीन पन्ने बाहर आने की जांच के बाद ही पता चल सकेगा कि बाहर आने वाले पन्ने वायरल हुए या एक परीक्षा केंद्र तक सीमित हैं। रवीन्द्र जुगरान ने कहा कि अभ्यर्थियों में विश्वास बहाली के लिए दोनों मामलों में जांच पड़ताल बाद ही वास्तविकता पता चलेगी इसलिए आयोग परीक्षा निरस्त करने का निर्णय या परीक्षा निरस्त ना करने का निर्णय जांच पड़ताल के बाद ही ले अभी जांच जरूरी है।

## शिक्षा, कौशल व डिजिटल सशक्तिकरण से उज्ज्वल हो रहा उत्तराखंड का भविष्यः कुसुम

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** राष्ट्रीय महिला आयोग के ष्नवरात्रि - नवशक्ति नवसंकल्प अभियानष के तहत उत्तराखण्ड राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कण्डवाल ने मंगलवार को राजकीय महिला पॉलिटेक्निक सुद्धोवाला में छात्राओं से संवाद कर उन्हें जागरूक किया।



इस अवसर पर उन्होंने कहा कि "राज्य का भविष्य सिर्फ उसकी सुंद. रता से नहीं, बल्कि उसके लोगों की शक्ति से बनता है। और यह शक्ति, शिक्षा और कौशल से आती है।" कण्डवाल ने कहा कि सरकार शिक्षा, पोषण और डिजिटल सशक्तिकरण को लेकर लगातार कदम उठा रही है। "पोषण भी पढ़ाई भी" योजना बच्चों के बचपन को संवारने का एक संकल्प है। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाए गए ग्रामीण डिजिटल साक्षरता अभियान ने गाँव-गाँव तक डिजिटल क्रांति पहुंचाई है। आज ग्रामीण क्षेत्र का हर नागरिक मोबाइल और कंप्यूटर का उपयोग कर रहा है, ऑनलाइन आवे. दन कर पा रहा है और डिजिटल लेनदेन कर रहा है। उन्होंने कहा कि महिला समाख्या कार्यक्रम जैसी योजनाएं महिलाओं को उनके अधिकारों और क्षमताओं के प्रति जागरूक कर रही हैं। "जब हमारी माताएँ और बहनें सशक्त होती हैं, तो पूरा परिवार और समाज प्रगति करता है।" आयोग अध्यक्ष ने बताया कि बच्चों और महिलाओं की सुरक्षा के लिए सरकार ने पॉक्सो अधिनियम और दहेज निषेध अधिनियम जैसे महत्वपूर्ण कानून बनाए हैं। ये कानून समाज की सुरक्षा और चेतना को मजबूत करते हैं। कण्डवाल ने युवाओं को संदेश दिया कि राज्य की असली ताकत उसकी युवा शक्ति है। "जब हमारे युवा शिक्षित, कुशल और डिजिटल रूप से सशक्त होंगे, तो उत्तराखंड का विकास कोई नहीं रोक पाएगा।

## मैट्रिमोनी साइट व निवेश स्कैम का आरोपी बंदी

### एसटीएफ की साइबर क्राइम टीम ने पुणे से आरोपी को किया गिरफ्तार, 17 लाख बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** मैट्रिमोनी साइट और निवेश स्कीम के नाम पर लोगों को सही करने वाले एक आरोपी को एसटीएफ की साइबर क्राइम टीम ने पुणे से गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, एसटीएफ जानकारी देते हुए बताया कि लाखों रुपए की ठगी का मामला वर्ष 2021 का है, जिसमें पीड़ित निवासी देहरादून ने थाना साइबर क्राइम में शिकायत दर्ज कराई थी।

पीड़ित ने भारत मैट्रिमोनी साइट पर पंजीकरण कराने के बाद व्हाट्सएप के माध्यम से संपर्क करने वाले आरोपी से संपर्क किया, जिन्होंने स्वयं को प्रतिष्ठित कंपनी के अधिकारी बताकर पीड़ित का विश्वास जीता। उन्होंने निवेश और व्यापार के बहाने हर्बल ऑयल में पैसा लगाने के लिए पीड़ित से17,10,000 प्राप्त किए। अभियुक्तों ने प्राप्त दस्तावेज, व्यक्तिगत और बैंकिंग जानक. ारी का दुरुपयोग करते हुए लेन-देन को नियंत्रित किया और पीड़ित के खाते से धनराशि निकाल ली। मामले की गंभीरता को देखते हुएवरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, एसटीएफ नवनीत सिंह द्वारा पुलिस उपाधीक्षक अंकुश मिश्रा द्वारा साइबर क्राइम पुलिस टीम के साथ मिलकर आरोपी का लोकेशन ट्रेस कर उसे दबोचा गया। इस प्रकरण का मुख्य अभियुक्त रमेश भाटी पुत्र घेवर राम निवासी 07 पोपा भारती निकट पंजाब नेशनल बैंक भारती सोसाईटी थाना कोंडवा पूणे शहर, महाराष्ट्र को गिरफ्तार किया गया।



विवेचना के दौरान एकत्रित साक्ष्यों के आधार पर आरोपी रमेश भाटी पुत्र घेवर राम का नाम प्रकाश में आया था। मिश्रा ने बताया कि आरोपी के खिलाफ सुसंगत धाराओं के अभियोग पंजीकृत कर लिया गया था जिसके बाद न्यायालय द्वारा गैर जमानती वारंट भी जारी किया गया था।साइबर थाना पुलिस टीम ने मामले की गंभीरता को देखते हुए लगातार तकनीकी विश्लेषण, बैंक खातों की जांच, कॉल डिटेल्स एवं डिजिटल फुटप्रिंट्स का अध्ययन किया । न्यायालय, देहरादून के आदेश पर साइबर थाना पुलिस टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

भोजपुरी से अधीक्षक ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी व्हाट्सएप माध्यम से पीड़ित से संपर्क किया और स्वयं को प्रतिष्ठित कंपनी के अधिकारी बताते हुए विश्वास में लिया। निवेश और व्यापार के बहाने, विशेषकर पाउडर के नाम पर, पीड़ित को लाखों रुपये जमा करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने आवश्यक दस्तावेज और लेन-देन की पुष्टि के बहाने पीड़ित से व्यक्तिगत और बैंकिंग जानकारी प्राप्त की।

## भाई ने ही की बहन की हत्या, पुलिस ने किया खुलासा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** बसंत विहार थाना क्षेत्र में हुई युवती की हत्या के मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। यह हत्या किसी और ने नहीं, बल्कि युवती के सगे भाई ने ही की थी। नशा करने को लेकर हुए विवाद के बाद आरोपी ने अपनी बहन के हाथ-पैर बांधकर उसकी बेरहमी से हत्या कर दी। इसके बाद उसने अपने एक दोस्त के साथ मिलकर शव को बोर में भरकर चाय बागान में ठिकाने लगा दिया था। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी लोकेन्द्र उर्फ राजा पुत्र बलराम सिंह, निवासी- जलाल. पुर, बिजनौर उत्तर प्रदेश, हाल किरायेदार- स्मिथनगर प्रेमनगर, देहरादून को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि मुख्य आरोपी फरार है।

### चाय बागान में बोर में बंद युवती की मिली थी लाश

22 सितंबर की सुबह बसंत विहार पुलिस को पीतांबरपुर मजार के पास चाय बागान के जंगल में एक कट्टे के अंदर एक शव पड़े होने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने पाया कि एक युवती का शव गड्ढे में फेंका गया था। शव की शिनाख्त विशाखा (22) के रूप में हुई, जो प्रेमनगर के स्मिथनगर की रहने वाली थी। पुलिस ने शव को मोर्चरी भेजकर मामले की जांच शुरू की।

### कैसे हुआ खुलासा?

जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि घटना से ठीक पहले विशाखा का अपने भाई विशाल के साथ झगड़ा हुआ था। पुलिस ने इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगाले, जिसमें 21-22 सितंबर की रात को विशाल और उसका दोस्त राजा एक सफेद कट्टे को मोटरसाइकिल से ले जाते हुए दिखाई दिए। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने राजा को हिरासत में लिया। पूछताछ में उसने पूरा सच उगल दिया। राजा ने बताया कि विशाल ने सुलफे के नशे में अपनी बहन विशाखा के साथ मारपीट की थी, जिससे उसकी मौत हो गई। इसके बाद विशाल ने उसे अपने कमरे में बुलाया, जहां विशाखा का शव पड़ा था। दोनों ने मिलकर शव को एक सफेद कट्टे में डाला और विशाल की मोटरसाइकिल से टी-स्टेट के जंगल में फेंक दिया।

## आपदा से देहरादून में 211 करोड़ का नुकसानः डीएम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** 15 सितंबर को हुई अतिवृष्टि से लगभग 211 करोड़ रुपये की अनुमानित क्षति हुई है। जिलाधिकारी सविन बंसल ने नुकसान का आकलन करने के बाद सीडीओ और अन्य अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।

उन्होंने बिजली, सड़क, और पेयजल की बहाली के साथ-साथ घरों, खेतों और फसलों के नुकसान का त्वरित मुआवजा देने को प्राथमिकता बताया। डीएम ने अधिकारियों से कहा कि वे बजट का इंतजार किए बिना प्रभावित क्षेत्रों में तत्काल व्यवस्थाएं बहाल करें। लोनिवि और पीएमजीएसवाई को संपर्क टूटे हुए गांवों को युद्धस्तर पर जोड़ने के निर्देश दिए गए। सर्वाधिक नुकसान सिंचाई विभाग (64.50 करोड़), लोनिवि (46 करोड़), और पीएमजीएसवाई (26.38 करोड़) को हुआ है। डीएम ने सभी विभागों को संयुक्त सर्वेक्षण कर हाथोहाथ मुआवजा वितरित करने को कहा। नुकसान का आकलन अभी भी जारी है।

### आपदा प्रभावित क्षेत्रों में राहत व पुनर्निर्माण कार्य जारी

**देहरादून।** जिले में हाल ही में आई भीषण आपदा के बाद प्रभावित इलाकों में राहत और मरम्मत का काम तेजी से चल रहा है। जिला प्रशासन ने बचाव और राहत कार्यों के बाद अब बुनियादी सुविधाओं को बहाल करने पर ध्यान केंद्रित किया है। जिलाधिकारी सविन बंसल के प्रयासों से रायपुर के सभी प्रभावित क्षेत्रों में बिजली की आपूर्ति बहाल कर दी गई है। इसके अलावा, आपदा से प्रभावित दूरदराज के गांव फूलेत, छमरौली और किमाड़ी में भी सड़कें खराब होने के बावजूद खाद्यान्न पहुंचाया गया है। फूलेत और छमरौली में राशन हेलीकॉप्टर से भेजा गया, जबकि किमाड़ी में सस्ते गल्ले की दुकान तक खाद्यान्न पहुंचाया गया है। अब तक जिला प्रशासन 1220 फूड पैकेट भी वितरित कर चुका है। क्षतिग्रस्त हुई पेयजल लाइनों की मरम्मत का काम भी तेजी से चल रहा है, फिलहाल वैकल्पिक व्यवस्था से पानी की आपूर्ति की जा रही है।वहीं, अतिवृष्टि के कारण क्षतिग्रस्त हुए नंदा की चौकी के पास के पुल पर वैकल्पिक पुल का निर्माण युद्धस्तर पर जारी है। उम्मीद है कि पांवटा राजमार्ग जल्द ही वाहनों के लिए खुल जाएगा। वर्तमान में लोनिवि के 7 और पीएमजीएसवाई के 8 ग्रामीण मार्ग बाधित हैं।

## नगर निगम ने किया स्वच्छता रैली का आयोजन

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** नगर निगम देहरादून ने "स्वच्छता ही सेवा" अभियान (स्वच्छोत्सव 2025) के अंतर्गत एक भव्य स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया। यह राष्ट्रव्यापी अभियान भारत सरकार द्वारा 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक संचालित किया जा रहा है।



इस रैली में 250 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें विद्यालय के छात्र-छात्राएँ, निगम के अधिकारी-कर्मचारी एवं विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि शामिल रहे। रैली का शुभारम्भ महापौर सौरभ थपलियाल एवं नगर आयुक्त नमामी बंसल ने हरी झंडी दिखाकर किया । रैली नगर निगम कार्यालय से प्रारम्भ होकर घण्टाघर, गांधी पार्क परिक्रमा मार्ग होते हुए बुद्धा चौक से वापस नगर निगम परिसर में सम्पन्न हुई। कार्यक्रम का समापन विद्यालय के विद्यार्थियों ने एक मानव श्रृंखला बनाकर किया । इस मानव श्रृंखला का विशेष आकर्षण यह रहा कि छात्र-छात्राओं ने स्वच्छ दून का स्वरूप प्रस्तुत किया, जिसने देहराद. ूनवासियों को स्वच्छता का संदेश दिया। नगर निगम देहरादून ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे इस अभियान में सक्रिय भागीदारी कर देहरादून को स्वच्छ, स्वस्थ एवं सुंदर बनाने में सहयोग प्रदान करें।

## 31 अक्टूबर से होगा तीन दिवसीय गोर्खा दशै दिवाली महोत्सव

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** वीर गोर्खा कल्याण समिति देहरादून की ओर से तीन दिवसीय गोर्खा दशै दिवाली सांस्कृतिक महोत्सव एवं राजकीय मेला 2025 का आयोजन महेंद्र ग्राउंड, गढ़ी कैंट देहरादून में होने जा रहा है। यह कार्यक्रम 31अक्टूबर से 02 नवम्बर तक चलेगा एवं इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। यह जानकारी वीर गोरख कल्याण समिति द्वारा गौतम कुंड, चंद्रमणि मंदिर में आयोजित एक बैठक में दी गई, जिसमें वीर गोर्खा कल्याण समिति के अध्यक्ष कमल थापा ने संस्था के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि इस बार हम गोर्खा दशै दिवाली महोत्सव 2025 का आयोजन 31अक्टूबर से 02 नवम्बर तक करने जा रहे हैं, इस आयोजन का पिछले साल से बेहतर तैयारी की जा रही है।

### हरक के पिता के निधन पर कांग्रेसियों ने जताया शोक

**देहरादून।** उत्तराखण्ड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने उत्तराखण्ड कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पूर्व कैबिनेट मंत्री व पूर्व नेता प्रतिपक्ष डॉ. हरक सिंह रावत के पिता नारायण सिंह रावत के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक प्रकट किया है। माहरा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी इस कठिन और दुख की घड़ी में डॉ हरक सिंह रावत के साथ अपनी संवेदनाएं व्यक्त करती है और दिवंगत आत्मा की शान्ति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करती हैं, तथा शोकाकुल परिवार को इस गहन दु:ख को सहने की शक्ति प्रदान करने की कामना करती हैं। वहीं, पूर्व सीएम हरीश रावत, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व चकराता विधायक प्रीतम सिंह, गणेश गोदियाल, धीरेंद्र प्रताप, सूर्यकांत धस्माना, गरिमा दसौनी व याकूब सिद्दीकी आदि ने शोक व्यक्त किया है।

## आपदा में सेवा और इंसानियत का पैगाम दे रही जमीअतः कासमी

### सहस्त्रधारा के कार्लीगाड, मझाड़ा और एमडीडीए कालोनी में वितरित की 270 राशन किट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड की हालिया भीषण आपदा ने जहां सैकड़ों परिवारों को मुश्किल में डाल दिया, वहीं जमीअत उलेमा-ए-हिंद उत्तराखंड ने राहत और मानवता की एक मजबूत मिसाल पेश की है। प्रतिदिन 12 सो से अधिक लोगों को भोजन मुहैया कराया जा रहा है। वहीं, मंगलवार को जमीअत ने सहस्त्रधारा के कार्लीगाड़ व मझाड़ा गांव में 70 परिवारों और एमडीडीए कालोनी में 200 परिवारों को राशन किट वितरित की। इसके अलावा 16 सितंबर से लगातार प्रतिदिन 1200 लोगों को भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है।



कार्लीगाड में प्रधान राकेश के साथ मिलकर जमीअत की टीम ने राशन आदि बांटा, वहीं, एमडीडीए कालोनी में काजी दारूल कजा मुफ्ति सलीम अहमद कासमी की देख-रेख में 200 किट बांटी गई।

जमीअत उलेमा ए हिंद उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष मौलाना हुसैन अहमद कासमी ने आपदा प्रभावित इलाकों, सेरा गांव, कार्लीगाड़ व मझाड़ा और एमडीडीए कॉलोनी का दौरा कर वहां के हालात का जायजा लिया और प्रभावितों से मुलाकात की।

इस मौके पर देहरादून के जिला अध्यक्ष मौलाना अब्दुल मन्नान कासमी, जिला उपाध्यक्ष मौलाना रागिब मजाहिरी, शहर सदर मौलाना अयाजष अहमद, मुफ्ती नदीम कासमी, जिला कोषाध्यक्ष मास्टर अब्दुल सत्तार, मौलाना मोहम्मद उमर, मौलाना शोएब, तौफीक खान, मोहम्मद शाह नजर, मौलाना अफसर, कारी मुकीम, डॉ एपीजे अब्दुल कलाम संस्था की ओर से इकराम अहमद, हैदर इरशाद, हबीबुर्रहमान, सचिव मोहम्मद जाकिर अंसारी, मोहम्मद साजिद, शोएब, आलिम, मुदस्सर, फैजान, नदीम, माजिद, परवेज, अदनान, आतिफ, अन्नु, जाहिद, मुजिम्मल व फरदीन आदि मौजूद रहे।

### परिवारों को पहुंचाई जा रही आर्थिक मदद

जमीअत के प्रदेश महा सचिव मौलाना शराफत अली कासमी के नेतृत्व में परवल में मृतक फरमान के परिजनों को 50 हजार रुपए की आर्थिक मदद दी गई है, वही, एमडीडीए कॉलोनी में जिन घरों को रिस्पना नदी की बाढ़ ने तबाह किया, उनमें बिट्टू, इंद्रसेन, जफर व आसिफ के मकान पूरी तरह से ढह गए हैं। विगत दिनों प्रदेश महा सचिव मौलाना शराफत अली कासमी ने इन परिवारों को आर्थिक सहायता दी। साथ ही, फरमान के बच्चों की पूरी शिक्षा का खर्च उठाने की जिम्मेदारी भी जमीअत ने ली है।

**कार्यालय मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण, देहरादून।**

पत्रांक 337/अ भि0/ नि0सू0/2025-26 दिनांक 23.09.2025

**ई-निविदा सूचना**

मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण द्वारा प्राधिकरण में पंजीकृत ठेकेदारों / फर्मो जो आयकर ,व्यापार कर /जी०एस०टी० देहरादून में भी पंजीकृत हो, ऐसे फर्म/ठेकेदार अपनी श्रेणी के कुल 06 विकास कार्य को जारी विज्ञप्ति संख्या 301/विकास कार्य/नि0सू0/2025-26, दिनांक 30.08.2025 हेतु ई-निविदा दिनांक 06.10.2025 को अपरान्ह 02 :00 बजे तक uktenders.gov.in की वैबसाईट में प्रतिभाग/अपलोड कर सकते है। प्राप्त ई-निविदा को निविदा समिति/अधिकृत प्राधिकारी द्वारा दिनांक 06.10.2025 को अपरान्ह 03 :00 बजे उपस्थित निविदादाताओं/ प्रतिनिदियों के समक्ष खोली जायेगी। नियत तिथि के उपरान्त प्राप्त निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। विस्तृत विवरण प्राधिकरण की वैबसाईट mddaonline.in में भी दिया गया है। यदि उक्तनिविदा के सम्बन्ध में किसी प्रकार के संशोधन आदि किये जाने की आवश्यकता होती है, तो उसकी सूचना उक्त वैबसाईट के माध्यम से दी जायेगी।

**अधिशासी अभियन्ता, म.दे.वि.प्रा. दे दून।**

# कैबिनेट मंत्री धन सिंह रावत ने किए सुरेश्वरी देवी के दर्शन

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** उच्च शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सहकारिता मंत्री धनसिंह रावत ने सपरिवार सुरेश्वरी देवी मंदिर में विधि विधान से पूजन किया और प्रदेश को आपदाओं से राहत देने की कामना की है। इस दौरान कैबिनेट मंत्री धनसिंह रावत ने सभी प्रदेशवासियों के कल्याण की कामना करते हुए कहा कि उत्तराखंड पिछले काफी दिनों से दैवीय आपदाओं को झेल रहा है और हमने अपने कई लोगों को खोया है। माता भगवती से प्रार्थना है कि प्रदेशवासियों को अतिवृष्टि और आपदा से पार पाते हुए मिलकर उत्तराखंड को बढ़ाने की दिशा में काम करने का संबल प्रदान करें। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष आशुतोष शर्मा, भाजपा के प्रदेश सह मीडिया प्रभारी विकास तिवारी, लव शर्मा, भूप सिंह, अरविंद कुशवाहा, नवीन पंत सहित कई भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# जनपद में सड़क सुरक्षा नियमों का सख्ती से कराया जाए पालन : डीएम

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** जिलाधिकारी मयूर दीक्षित की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सड़क सुरक्षा एवं दुर्घटना न्यूनीकरण अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में सड़क सुरक्षा नियमों का सख्ती से पालन कराया जाए तथा उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने विशेष रूप से तेज रफ्तार, ओवरलोडिंग और बिना हेलमेट के दोपहिया वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद के विभिन्न स्थलों पर स्पीडगन की संख्या बढ़ाई जाए ताकि रैश ड्राइविंग पर अंकुश लगाया जा सके। एआरटीओ को निर्देश दिए गए कि बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए सभी स्कूली बसों की चेकिंग की जाए और सुनिश्चित किया जाए कि बसों में शीशे, ग्रिल, जीपीएस ट्रैकर और अन्य सुरक्षा प्रबंध दुरुस्त हों। साथ ही स्कूलों को महिला कंडक्टर रखने के लिए प्रेरित करने को भी कहा गया। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिए कि नियमों का उल्लंघन करने वालों पर अधिक से अधिक ई-चालान जारी किए जाएं और आधुनिक तकनीक का उपयोग कर सड़क सुरक्षा नियमों का अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने "गुड सेमेरिटन" शैलेश शर्मा को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने गत वर्ष पुहाना रोड, भगवानपुर पर सड़क दुर्घटना में घायल हुए दो लोगों की समय रहते मदद कर उनकी जान बचाई थी। जिलाधिकारी ने कहा कि सड़क सुरक्षा के क्षेत्र में अच्छा काम करने वाले जनप्रतिनिधियों को भी सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने परिवहन विभाग को निर्देश दिए कि समय-समय पर विद्यालयों एवं कॉलेजों में जागरूकता शिविर आयोजित किए जाएं। एनएचएआई अधिकारियों को हाइवे पर बने गड्ढों को तुरंत ठीक करने के निर्देश दिए। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी निखिल शर्मा ने बताया कि जनपद के सभी प्रमुख चौराहों पर सीसीटीवी कैमरों की संख्या बढ़ाई जा रही है। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है और अब चालकों को उनके घर पर ही ई-चालान भेजे जा रहे हैं। बैठक में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट रुड़की दीपक रामचंद सेठ, अधीक्षण अभियंता लोनिवि डीवी सिंह, एआरटीओ एल्विन रॉक्सी, एआरटीओ (ई) नेहा झा, एआरटीओ (ए) निखिल शर्मा, एआरटीओ (ए) कृष्ण चंद्र पलारिया, अधिशासी अभियंता लोनिवि दीपक कुमार, सीओ ट्रैफिक संजय चौहान, इंसीडेंट मैनेजर एनएचएआई अतुल कुमार शर्मा समेत संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



## मां भगवती की आराधना से दूर होते हैं कष्ट : कैलाशानंद

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** नवरात्रों के अवसर पर नीलधारा तट स्थित सिद्धपीठ श्री दक्षिण काली मंदिर में आयोजित शारदीय नवरात्र महोत्सव में भक्तों की भारी उमड़ रही है। दूसरे नवरात्र पर श्रद्धालु भक्तों ने मंदिर में दर्शन पूजन कर स्वामी कैलाशानंद गिरी से आशीर्वाद लिया। श्रद्धालुओं को आशीर्वचन प्रदान करते हुए स्वामी कैलाशानद गिरी ने कहा कि मां भगवती जगत की तारणहार है। नवरात्रों में रोजाना पूर्ण विधि विधान से मां भगवती की आराधना करने से समस्त कष्ट दूर हो जाते हैं। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को नवरात्रों में मां भगवती के सभी नौ स्वरूपों की आराधना अवश्य करनी चाहिए। शिष्य स्वामी अर्वतिकानंद ब्रह्मचारी महाराज ने बताया कि मंदिर में आयोजित किए जा रहे शारदीय नवरात्र महोत्सव के दौरान प्रतिदिन भजन संध्या का आयोजन भी किया जाएगा।

# पर्यटन व्यवसायियों ने की आपदा राहत के तहत टैक्स में छूट की मांग

**चारधाम यात्रा को धार्मिक भावना और अच्छे मन से करें : रमणीक सिंह**

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** टैक्सी मैक्सी ट्रांसपोर्ट एसोएिशन ने चारधाम यात्रा व्यवस्थाओं को दुरूस्त करने और ट्रांसपोर्टर्स की समस्याओं का समाधान करने की मांग की है। हरकी पैड़ी पर एकत्र हुए एसोसिशन के पदाधिकारियों और सदस्यों ने राहत पैकेज जारी करने की मांग करते हुए कहा लगातार आपदाओं और अतिवृष्टि की वजह से चारधाम यात्रा प्रभावित हुई है। यात्रीयों के नहीं आने से पर्यटन व्यवसायी खाली बैठे हैं। संगठन के अध्यक्ष संजय शर्मा ने कहा कि सरकार राहत पैकेज जारी करने के साथ चारधाम यात्रा व्यवस्थाओं को दुरुस्त करे। ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की लिमिट को बढ़ाया जाए। सीमित रजिस्ट्रेशन के कारण बुकिंग नहीं मिलने से कारोबार ठप्प हो गया है। पर्यटन व्यवसायी पिछले चार महीने से खाली बैठे हैं। सरकार को चालकों और मालिकों को वाहन टैक्स में 6 महीने की छूट देनी चाहिए। रमणीक सिंह ने कहा कि आपदा के कारण ट्रेवल व्यवसायियों का रोजगार चौपट हो गया है। सरकार को ट्रांसपोर्ट व्यवसायियों को आपदा राहत के तहत टैक्स माफी देनी चाहिए। उन्होंने यात्रियों से भी अपील की कि चारधाम यात्रा को धार्मिक भावना और अच्छे मन से करें। रमणीक सिंह ने कहा कि यात्रा के दौरान नशे से दूर रहें और देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना के माध्यम से आपदाओं के निवारण की कामना करें। एसोसिएशन के सचिव इकबाल और कोषाध्यक्ष हरीश भाटिया ने कहा कि ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन बंद किया जाए और ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की लिमिट को हटाया जाए, ताकि ट्रेवल व्यवसायी अपनी बुकिंग कर सकें। इस अवसर पर रमणीक सिंह, सचिन, चेतन, निर्मल सिंह, बॉबी, पुष्प प्रीत सिंह, गुड्डू, राजू, सुधीर शर्मा, पंकज, मुरली मनोहर, विनीत गुप्ता सहित एसोसिएशन के पदाधिकारी, सदस्य व वाहन चालक शामिल रहे।



# सीडीओ ने दिए ग्राम विकास अधिकारी का वेतन रोकने के निर्देश

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** पीएम जनमन योजना के तहत ग्राम पंचायत रसूलपुर मीठीबेरी में लाभार्थियों के सत्यापन में अनियमितता बरतने पर मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोण्डे ने ग्राम विकास अधिकारी के एक माह के वेतन आहरण पर रोक लगाने के निर्देश दिए हैं। प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महायोजना के तहत आवास योजना का लाभ लेने के लिए ग्राम पंचायत रसूलपुर मीठीबेरी के 45 परिवारों ने आवेदन किया था। आवेदकों की जांच में क्षेत्रीय ग्राम विकास अधिकारी ने 1 परिवार को अपात्र घोषित कर दिया तथा शेष 44 परिवारों को पोर्टल द्वारा अस्वीकृत कर दिया गया। इसके बाद बहादराबाद खंड विकास अधिकारी मानस मित्तल द्वारा पुनः की गयी। जांच में 3 परिवार पात्र तथा 42 परिवार अपात्र मिले। खण्ड विकास अधिकारी बहादराबाद की जांच आख्या के आधार पर मुख्य विकास अधिकारी ने पीएम जनमन योजना के निर्देशानुसार सर्वे करने पर सिस्टम द्वारा, पात्र 3 परिवारों के आवास पोर्टल से रिजेक्ट होने के कारण योजना के लाभ से वंचित रह जाने के कृत्य के लिये सम्बंधित ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत रसूलपुर मीठीबेरी के एक माह का वेतन आहरण पर तत्काल अग्रिम आदेशों तक रोक लगाये जाने एवं विभागीय कार्यवाही करने के निर्देश दिये है।

## भक्तों को अनंत फल प्रदान करती है मां दुर्गा : रविंद्रपुरी

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद एवं मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी ने कहा कि मां दुर्गा अपने भक्तों को अनंत फल प्रदान करती है। नवरात्रों में मां दुर्गा की आराधना से साधक के अंतर्गन में तप, त्याग, वैराग्य, सदाचार और संयम आदि गुणों की वृद्धि होती है। नवरात्र अनुष्ठान के दौरान दूसरे नवरात्र पर मां भगवती की पूजा आराधना के दौरान श्रीमहंत रविंद्रपुरी ने कहा कि नवरात्रों में की जाने वाली आराधना के प्रभाव से देवी भगवती की असीम कृपा प्राप्त होती है। जिससे जीवन के कठिन से कठिन संघर्ष का साहस के साथ सामना करने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि नवरात्रों में नियमपूर्वक पूर्ण विधि विधान के साथ मां दुर्गा का ध्यान ओर पूजन करना चाहिए।

# पाइप लाइन की लीकेज एवं क्षतिग्रस्त सड़क बनी ग्रामीणों के लिए मुसीबत

शाह टाइम्स संवाददाता

**पथरी।** क्षेत्र की ग्राम पंचायत धनपुरा में जल संस्थान द्वारा सड़क खोदकर डाली गई पाइप लाइन की लीकेज एव क्षतिग्रस्त सड़को से ग्रामीणों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। क्षतिग्रस्त सड़क व लीकेज की शिकायत क्षेत्र पंचायत सदस्य ने जिलाधिकारी को दी। जिलाधिकारी ने जल्द समस्या का समाधान करने का अस्वासन दिया है। ग्राम पंचायत धनपुरा में जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर नल हर घर जल द्वारा किया निर्माण गांव में सड़के तोड़कर पाईप लाईन डालने का कार्य पूर्ण होने के बाद भी लीकेज एव टूटी सड़को की मरम्मत का कार्य पूरा नही हुआ है। जिसकी शिकायत क्षेत्र पंचायत सदस्य मुस्तफा अंसारी ने जिलाधिकारी के जनता दरबार मे दी। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को आदेशित करते हुए जल्द समस्या का समाधान करने का अस्वासन दिया है। हर घर नल हर घर जल मिशन के अंतर्गत जो निर्माण कार्य होना था वह अभी तक अधूरा पड़ा हुआ है जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है लीकेज होने से बड़े-बड़े गड्ढे हो रहे हैं जिसमें बच्चे गिरकर चोटिल हो रहे हैं ग्रामीणों में आक्रोश है। जल संस्थान के जेई ने बताया लीकेज एव सड़को की मरम्मत का कार्य जल्द ही पूरा किया जायेगा।



# व्यापारियों ने जीएसटी दरें घटाए जाने पर जताया पीएम का आभार

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** जीएसटी दरें कम किए जाने पर व्यापारिक संगठनों ने प्रधानमंत्री का आभार जताया है। जीएसटी कार्यालय में अपर आयुक्त राजीव सोलंकी, ज्वाइंट कमिश्नर अरविंद प्रकाश सिंह, अरविंद प्रताप, नीरज गुप्ता के साथ बैठक के दौरान प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए हरिद्वार डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेंद्र भटेजा ने कहा कि जीएसटी दरे घटाए जाने से कंपनियों पर नियंत्रण कड़ा होगा। जिससे पारदर्शिता बनी रहेगी और व्यापारियों की परेशानी कम होगी। सुरेद्र भटेजा ने कहा कि अनेक उत्पादों पर जीएसटी दरें घटने से आम लोगों को राहत मिलेगी। महंगाई कम होगी और व्यापार बढ़ेगा। सुरेंद्र भटेजा ने बताया कि बैठक के दौरान संगठन द्वारा रखी गयी समस्याओं का अधिकारियों ने तत्परता से समाधान किया।

बैठक में एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेंद्र भटेजा, महामंत्री सुनील अरोड़ा, पार्षद व राष्ट्रीय व्यापार मंडल अध्यक्ष हरविंदर, उपाध्यक्ष सुमित अग्रवाल, महामंत्री अर्पण ग्रोवर, मेडिकल एसोसिएशन महामंत्री अनिल अरोड़ा, प्रांतीय डिस्ट्रीब्यूटर संगठन के उपाध्यक्ष मनोज अग्रवाल, सलभ गोयल, अतुल गोयल, नवीन कुमार, हेमंत मेहता, सार्थक मेहता, अजय खुराना, इंद्रजीत सिंह, कमल अरोड़ा, ऋषिलाल, अमित बत्रा, अनिल अरोड़ा, सागर आहूजा, यश लालवानी आदि मौजूद रहे।

## नशे में वाहन चलाने वाले युवक को गिरफ्तार कर वाहन किया सीज

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहादराबाद।** थाना क्षेत्र की पुलिस ने शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर सख्त कार्यवाही करनी शुरू कर दी है। एसएसपी हरिद्वार द्वारा यातायात नियमो का पालन न करने वाले व दोषपूर्ण नंबर प्लेट, तेज स्पीड, शराब पीकर वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध अभियान चलाकर कड़ी कार्यवाही किए जाने हेतु निर्देशित किया गया है। जनपद में उपरोक्त अभियान को सफल बनाने हेतु थाना बहादराबाद पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाकर यातायात नियमों का पालन न करने व शराब पीकर वाहन चलाने पर वाहन चालक संजय कुमार पुत्र नरेन्द्र, निवासी गिन्दावाली थाना तितावी जिला मुज्जफरनगर को एम.वी. एक्ट में गिरफ्तार कर वाहन को सीज किया है। कार्यवाही में शामिल पुलिसकर्मियों में बाजार चौकी इंचार्ज अमित नौटियाल, कां. चन्दन चौहान शामिल रहे।

# महिला अधिवक्ता ने सीनियर अधिवक्ता पर लगाया अश्लील हरकत करने का आरोप

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** रोशनाबाद कचहरी में प्रैक्टिस कर रही एक युवा महिला अधिवक्ता ने सीनियर अधिवक्ता पर अश्लील हरकत करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने इस संबंध में थाना सिडकुल में मुकदमा दर्ज कराया है। घटना सामने आने के बाद अधिवक्ता समाज में हड़कंप मच गया है। पीड़ित युवती ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि आरोपी अधिवक्ता रोहित शर्मा ने उसे देखकर अभद्र टिप्पणी की और अश्लील इशारे करते हुए अपने चैम्बर में बुला लिया। आरोप है कि चैम्बर में बुलाने के बाद आरोपी ने जबरन उसका हाथ पकड़ लिया और उसके साथ गलत हरकतें करने लगा। जब उसने विरोध किया तो आरोपी ने उसे धमकी दी कि यदि उसने इस मामले की शिकायत की तो पूरी कोर्ट में उसकी बदनामी कर देगा। थाना सिडकुल प्रभारी नितेश शर्मा ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर संबंधित अधिवक्ता के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की गंभीरता को देखते हुए सभी पहलुओं पर जांच कर रही है।

घटना की जानकारी फैलते ही रोशनाबाद कचहरी परिसर में यह मामला चर्चा का विषय बन गया। अधिवक्ता संघ से जुड़े कुछ लोगों ने इसे बेहद गंभीर प्रकरण बताते हुए निष्पक्ष जांच और सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## 85 पव्वे देशी शराब के साथ तस्कर दबोचा

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** ज्वालापुर कोतवाली क्षेत्र में अंग्रेजी शराब की तस्करी कर एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस उसके कब्जे से 85 पव्वे देशी शराब के बरामद करने के बाद उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज न्यायालय में पेश किया गया है। ज्वालापुर कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा ने बताया कि एक युवक को बैट्री स्टेड हरि लोक तिराह के पास से 85 पव्वे अंग्रेजी शराब के साथ पकड़ है।पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम काकू सैनी उर्फ मोनू पुत्र स्वर्गीय बुधराम निवासी वार्ड 14 कसाई मोहल्ला भल्ला डॉ की कोठी के पास रामनगर गरौडा जिला करनाल हरियाणा बताया है।आरोपी को मेडिकल के बाद न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस टीम में कां. दिनेश कुमार, कां. अंकुर चौधरी शामिल रहे हैं।

# आयुर्वेद दिवस पर हरिद्वार में जुटे विशेषज्ञ, नई पीढ़ी को दी प्रेरणा

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** ऋषिकुल राजकीय आयुर्वेदिक फार्मेसी में आयुर्वेद दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का संचालन जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी तथा अधीक्षक के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। अध्यक्षता अधीक्षक डॉ. अशोक तिवारी और उप जिलाधिकारी डा. अतुल नेगी ने की। मुख्य अतिथि प्रो. (डॉ.) अजय कुमार गुप्ता, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक एवं विभागाध्यक्ष (शल्य), ऋषिकुल परिसर रहे। विशिष्ट अतिथि डॉ. अवनीश उपाध्याय, अध्यक्ष जिला आयुर्वेदिक संघ और अति विशिष्ट अतिथि श्री अग्रवाल, संचालक साई वेदा वैलनेस उपस्थित रहे। डा. अवनीश उपाध्याय ने कहा कि आयुर्वेद केवल प्राचीन ज्ञान नहीं, बल्कि आधुनिक युग तक प्रवाहित होती परंपरा है। चरक और सुश्रुत से लेकर आधुनिक प्रयोगशालाओं तक इसकी वैज्ञानिक यात्रा आज भी जारी है। मुख्य अतिथि डॉ. अजय गुप्ता ने कहा कि मधुमेह, रक्तचाप और मोटापा जैसी बीमारियाँ जीवनशैली पर आधारित हैं। आयुर्वेद हमें सही आहार और दिनचर्या से इनसे बचने की शिक्षा देता है। अध्यक्ष डॉ. अशोक तिवारी ने कहा कि आयुर्वेदिक संहिताएँ प्रमाणों पर आधारित हैं। इनमें रोगों की रोकथाम और उपचार दोनों का स्पष्ट विवरण है। उन्होंने कुटी प्रावेशिक चिकित्सा का उदाहरण दिया। इस अवसर पर डा. अतुल नेगी ने आयुर्वेद आधारित आहार-पेय को कार्यक्रमों का हिस्सा बनाने का सुझाव दिया। डा. घनेन्द्र वशिष्ठ ने रामचरितमानस में वर्णित चिकित्सा पद्धतियों का महत्व बताया। संचालन डा. मनीषा चौहान ने किया। संगोष्ठी में डा. प्रदीप कुमार, डा. विक्रम रावत, डा. नवीन कुमार दास, डा. भास्कर आनंद, डा. विकास दुबे, डा. विश्वजीत मांझी, डा. मनीष गुप्ता, डा. अश्वनी कौशिक, डा. वीरेंद्र रावत, डा. रेनू सिंह, डा. सुजाता, डा. दीक्षा शर्मा, डा. सोरमी, डा. सुष्मिता, डा. करुणा नेगी, प्रबंधक डा. दीपिका वर्मा और स्नातकोत्तर विभाग के छात्र-छात्राएँ मौजूद रहे।



# शराब पीकर हुड़दंग करने वालों पर पुलिस का शिकंजा




शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** ज्वालापुर पुलिस ने नवरात्रि के त्यौहार पर शराब पीकर हुड़दंग करने वालों पर शिकंजा कस रही है।पुलिस ने 21 व्यक्तियों के खिलाफ पुलिस एक्ट में चलना की कार्रवाई की है। ज्वालापुर कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा ने बताया कि सोमवार को एसएसआई खेमेंद्र गंगवार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया नवरात्रि के दिन सार्वजनिक स्थानो पर शराब पीकर हुड़दंग मचाने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर ज्वालापुर क्षेत्र में मोहल्ला कड़च, रेलवे रोड, नहर पटरी आदि पर छापेमारी कर शराब पीकर कर समाज का माहौल खराब कर रहे 21 व्यक्तियों को पकड़ा कर कोतवाली लाकर 81 पुलिस एक्ट में चालान की कार्रवाई की गई। सभी को भविष्य में ऐसा न करने चेतावनी देकर छोड़ दिया गया। पुलिस टीम में वरिष्ठ उप निरीक्षक खेमेंद्र गंगवार ज्वालापुर, उप नि. नवीन नेगी प्रभारी चौकी रेल, हे.कां. धर्मेंद्र, कां. संदीप, कां. नवीन क्षेत्री, कां. ताजवर, कां. अमित गौड, कां. राजेश बिष्ट, म.का. रीता, म.कां. हेमलता शामिल रहे।

**सूचना ( संबंध विच्छेद )**

मैंने अपने पुत्र जाहिद व उसकी पत्नी गुलिस्ता को अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर अपने सभी संबंध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में इन दोनों के किसी भी कृत्य व लेन-देन की जिम्मेदारी मेरी व मेरे परिवार की नहीं होगी। वह स्वयं जिम्मेदार होगे। जमील अहमद पुत्र अख्तर, निवासी ग्राम गढ़, पोस्ट गढ़मीरपुर, कोतवाली रानीपुर, जिला हरिद्वार।

# 1400 वर्षों में धर्म रक्षा में बलिदान हुए करोड़ों हिंदुओं का गंगा घाट पर सामूहिक तर्पण

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** अयोध्या फाउंडेशन ने देश विदेश से आए हिंदुओं और हिंदू संस्थानों के प्रतिनिधियों के साथ हरिद्वार के चण्डी घाट पर 9वां सामूहिक तर्पण किया।

बताते चले श्रीमती मीनाक्षी शरण गत 9 वर्षों से, पितृ अमावस्या पर धर्मरक्षा में बलिदान हुए अज्ञात हिन्दुओं के सामूहिक तर्पण का आयोजन कर रही हैं। उन्होंने बताया कि एतिहासिक आकलन के अनुसार 14 सदियों में धर्म, आस्था, हिंदू पहचान, एवं संस्कृति बचाए रखने के लिए 80 करोड़ हिन्दुओं ने अपने प्राणों की आहूति दी और लड़ते लड़ते मरना स्वीकार किया मगर धर्म परिवर्तन नहीं किया। उन्हीं करोड़ों हिंदुओं के हजारों वर्षों के संघर्ष के कारण आज भारत अपने मूल स्वरूप में जीवित है, अगर आगे अपनी जीवित सभ्यता के रूप में रहना है, उन करोड़ों पूर्वजों के बलिदान जीवित रखने के लिये उनके सामूहिक तर्पण करने ही होंगे।हरिद्वार के चण्डी घाट पर मीनाक्षी शरण के साथ देश के सभी क्षेत्रों से आए हिंदू एवं हिन्दू संस्थाओं के प्रतिनिधियों राजनीतिक सलाहकार निशीथ शरण, चंडीगढ़ से ब्रांड निर्माता व्यवसायी शिवानी सोही एवं गुरप्रताप सिंह सोही, तिरलोक सिंह सोही, शाश्वत भारत ट्रस्ट देहरादून के संस्थापक डॉक्टर कुलदीप दत्ता, रिटायर्ड कर्नल विवेक गुप्ता, सी आई आई उत्तराखंड के अध्यक्ष, उद्योगपति अशोक कुमार विंडलस, हिंदू जनजागृति समिति के राष्ट्रीय मार्गदर्शक, डॉ. चारुदत्त पिगले, श्रीराम लुकतुके, हिंदू रक्षा मंच हिमाचल प्रदेश मंत्री कमल गौतम, डॉक्टर महेंद्र ठाकुर, कर्नल हनी बख्शी, कर्नल राजीव कोतवाल, अमृतसर से रणजीत सिंह कालरा, गढ़ सेना देहरादून के विमल उनियाल, सनातन रक्षा बोर्ड के शैलेंद्र डोभाल, एडवोकेट श्रीमती अमिता सचदेव एवं लगभग 100 से अधिक बच्चे मौजूद रहे।



# विधायक मदन और मेयर किरण ने किया व्यापारियों से संवाद

## जीएसटी दरों में छूट के फायदे बताए, स्वदेशी अपनाने का आह्वान किया

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** भाजपा द्वारा मनाए जा रहे जीएसटी उत्सव के तहत नगर विधायक मदन कौशिक एवं मेयर किरण जैसल ने चंद्राचार्य चौक क्षेत्र में व्यापारियों से संवाद किया और जीएसटी दरों में छूट के फायदे बताए। हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी दरें घटाए जाने का ऐलान करने के बाद भाजपा जीएसटी उत्सव मना रही है। भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता व्यापारियों और आम लोगों को जीएसटी दरों में छूट के फायदे बता रहे हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को नगर विधायक मदन कौशिक एवं मेयर किरण जैसल ने चंद्राचार्य क्षेत्र में व्यापारियों से मिलकर विभिन्न उत्पादों पर जीएसटी दरें घटाए जाने के फायदे बताए। विधायक मदन कौशिक ने कहा कि जीएसटी दरे घटाकर प्रधानमंत्री मोदी ने व्यापारियों और आम लोगों को राहत देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि त्यौहारी सीजन में मिली छूट का फायदा उठाएं। मेयर किरण जैसल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीएसटी दरें घटाए जाने के क्रांतिकारी फैसले का सभी को लाभ मिलेगा। उन्होंने व्यापारियों और आम लोगों से स्वदेशी उत्पाद अपनाने का आह्वान भी किया। इस दौरान व्यापार मंडल अध्यक्ष मृदुल कौशिक, सुनील गुलाटी, भाजपा नेता विकास तिवारी, पूर्व पार्षद विनीत जौली, प्रदीप त्यागी आदि मौजूद रहे।



**सूचना ( नाम परिवर्तन )**

मैंने अपनी पुत्री का नाम सरगम आर्या (SARGAM ARYA) से बदलकर सरगम आर्या चौणा (SARGAM ARYA CHONA) रख लिया है। भविष्य में मेरी पुत्री को सरगम आर्या चौणा (SARGAM ARYA CHONA) के नाम से जाना, पहचाना व पुकारा जाये। अभिमन्यु पुत्र श्री यशवर्धन, निवासी क्वाटर नं. 18-बी, टाईप-4, सेक्टर-5बी, बी.एच.ई.एल, रानीपुर, हरिद्वार।

हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें :
सिटी कार्यालय दैनिक
**शाह टाइम्स हरिद्वार**
कमरा न. 103, द्वितीय तल, भगवती कॉम्पलेक्स, रानीपुर मोड, हरिद्वार
**डी. एस. वर्मा**
**ब्यूरो चीफ/जिला प्रभारी**
मो.: 9411100741

# जीएसटी की नई दरें लागू होने पर पीएम का जताया आभार

**यह निर्णय देशवासियों के हित में ऐतिहासिक व क्रांतिकारी सिद्ध होगा: धामी नई दरों से प्रदेश के लाखों परिवारों और छोटे व्यापारियों को प्रत्यक्ष आर्थिक लाभ मिलेगा**

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को राजपुर देहरादून में जीएसटी बचत उत्सव के तहत विभिन्न दुकानों का भ्रमण किया। इस अवसर पर उन्होंने व्यवसायियों से बातचीत भी की। मुख्यमंत्री ने जीएसटी की नई दरों के लागू होने पर प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया तथा इस ऐतिहासिक निर्णय को जनता के हित में बताया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार की और से जीएसटी स्लैब में व्यापक सुधार किए गए हैं। नई दरों की वजह से प्रदेश के लाखों परिवारों और छोटे व्यापारियों को प्रत्यक्ष आर्थिक लाभ मिलेगा।

मुख्यमंत्री ने व्यापारियों व दुकानदारों से मिलकर फीडबैक प्राप्त किया और सभी से घटे हुए जीएसटी का लाभ आमजन तक पहुँचानें के लिए आग्रह किया। उन्होंने स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने और आत्मनिर्भर भारत अभियान में भागीदारी सुनिश्चित करने का भी आग्रह किया। प्रदेश में यह अभियान 29 सितम्बर तक चलाया जायेगा, जिसमें मंत्रियों, विधायकों और अधिकारियों की सहभागिता रहेगी। इस अवसर पर विधायक खजान दास, राज्य मंत्री विनय रुहेला, भाजपा के महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल मौजूद थे।



## राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस पर सीएम ने दी शुभकामनाएं

**देहरादून।** राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के अवसर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने भगवान धनवंतरि के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि आयुर्वेद प्राचीन भारतीय ज्ञान परंपरा एवं जीवन जीने की एक पद्धति है, जिसने सदियों से मानवता को निरोगी जीवन का मार्ग दिखाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड ने आयुष चिकित्सा एवं आयुर्वेद के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। सरकार के सतत प्रयासों और पहल के परिणामस्वरूप लाखों की संख्या में नागरिक आयुर्वेद से लाभान्वित हुए हैं। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि आयुर्वेद और योग की वैज्ञानिक परंपरा हमारे समाज को स्वस्थ, निरामय और सशक्त बनाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# पेपर लीक मामले में युवा कांग्रेस ने फूंका सरकार का पुतला

**प्रदेश में शीघ्र होगा राज्यव्यापी आन्दोलन: मेहता**

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** यूकेएसएसएससी पेपर लीक मामले को लेकर मंगलवार को युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने युवा महानगर अध्यक्ष मोहित मेहता के नेतृत्व में धामी सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए राज्य सरकार का पुतला दहन किया।

युवा कांग्रेस नेताओं ने कहा कि उत्तराखण्ड राज्य में पिछले 8 वर्ष में लोक सेवा आयोग, अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, विधानसभा, सचिवालय, सहकारिता विभाग की भर्तियों में करोड़ों रूपये के घोटाले सामने आये हैं। पुतला दहन में प्रदेश अध्यक्ष युवा कांग्रेस उत्तराखंड सुमित्तर भुल्लर, पूर्व महानगर अध्यक्ष लालचंद शर्मा, प्रदेश प्रवक्ता कांग्रेस शीशपाल बिष्ट, प्रदेश उपाध्यक्ष युवा कांग्रेस नवीन रमोला, प्रदेश चेयरमैन देवेश उनियाल, अजय रावत, प्रदीप रावत, सौरभ मंगाई, स्वाति नेगी, आयुष सेमवाल, वंदना राही, सोनम बिजलवान, प्रकाश नेगी बाला, कार्तिक बिरला, अंकित थापा, नितिन चंचल, सूरज क्षेत्री, सुलेमान अली,आर्यन सोनकर, अभिषेक मेहता, वंश चौधरी, वैभव सोनकर, प्रांचल नोनी, आशीष रावत, शुभम, कृष्ण मारवाह, अनीश कुमार व अजय धीमान मौजूद रहे।

## 11 पंजीकृत गैर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल निर्वाचन आयोग की सूची से हटाए

**देहरादून।** भारत निर्वाचन आयोग ने उत्तराखंड में रजिस्टर्ड 11 और पंजीकृत गैर मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों (आरयूपीपी) को डीलिस्ट कर दिया है। पहले 9 अगस्त को भी 6 दलों को डीलिस्ट किया गया था, इसके साथ ही दो पंजीकृत गैर मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को नोटिस जारी किया है। दरअसल इन दलों ने साल 2019 में हुए लोकसभा चुनाव और उसके बाद हुए विधानसभा और लोकसभा चुनावों में प्रतिभाग नहीं किया है, ऐसे में साल 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले राजनीतिक दलों पर बड़ी कार्रवाई मानी जा रही है। हर पांच साल में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले ही तमाम नए नए राजनीतिक दल सक्रिय हो जाते हैं।

## महाविद्यालय डाकपत्थर में जंतु विज्ञान परिषद का गठन

**विकासनगर।** जंतु विज्ञान विभाग में विभागीय जंतु विज्ञान परिषद का गठन किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने सक्रिय रूप से अपनी भागीदारी निभाई। विवाह का अध्यक्ष डॉक्टर दिलीप कुमार भाटिया ने कहा कि परिषद के गठन का उद्देश्य छात्रों में नेतृत्व क्षमता का विकास करना तथा विभागीय गतिविधियों में पारदर्शिता और सहभागिता सुनिश्चित करना है। डॉ. भाटिया ने कहा कि विभागीय परिषद का गठन केवल शैक्षणिक वातावरण को गतिशील बनाने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह छात्रों में संगठन क्षमता, नेतृत्व कौशल एवं टीम वर्क की भावना को भी बढ़ावा देगा।

# सीवर पुनर्निर्माण कार्य में अनियमितताओं को लेकर कांग्रेसी भड़के

**एसडीएम विकासनगर को सौंपा ज्ञापन, कार्यप्रणाली में सुधार न होने पर आंदोलन की दी चेतावनी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** शहर में चल रहे सीवर पेयजल पुनर्निर्माण कार्य में लगातार आ रही समस्याओं और अनियमितताओं को लेकर आज शहर कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व सभासद शम्मी प्रकाश के नेतृत्व में सोमवार को कांग्रेसियों ने एसडीएम विकासनगर को ज्ञापन प्रेषित किया।

ज्ञापन में कहा गया कि संबंधित कंपनी द्वारा कार्यों में घोर लापरवाही बरती जा रही है। लगभग 6 माह पूर्व



खुदाई की गई सड़कों का अभी तक पुनर्निर्माण नहीं किया गया। भारी वर्षा के बावजूद प्रभावित क्षेत्रों में लोगों की कोई सुनवाई नहीं हो रही है। गुणवत्ता की अनदेखी की जा रही है और विभागीय अधिकारियों द्वारा भी कार्य की निगरानी नहीं की जा रही है।

कांग्रेसियों ने आरोप लगाया कि कंपनी द्वारा अवैध रूप से निर्माण सामग्री ढोने का कार्य हो रहा है। बिना नंबर के ट्रैक्टर-ट्रॉली हरियाणा और उत्तर प्रदेश से लाकर पूरे शहर में सामग्री ले जाई जा रही है। इसके अलावा कंपनी के भंडारण और संचालन की भी जांच की मांग की गई। कांग्रेस ने स्पष्ट किया कि अधूरे कार्यों को पूर्ण न किया जाये और जिन सड़कों को खोला गया है, उनका पुनर्निर्माण शीघ्र किया जाए। इस मौके पर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने चेतावनी दी कि यदि कंपनी ने अपनी कार्यप्रणाली में सुधार नहीं किया और प्रशासन निष्क्रिय बना रहा तो शीघ्र ही कंपनी और विभाग के विरुद्ध बड़े आंदोलन की शुरुआत की जाएगी, जिसका पहला चरण कार्यालय घेराव होगा।ज्ञापन सौंपने वालों में प्रदेश कांग्रेस सचिव प्रेम प्रकाश अग्रवाल, देवानंद पासी, पूर्व सभासद राजेंद्र बिंजोला, बार एसोसिएशन सचिव नितिन वर्मा, जिला महासचिव राजीव शर्मा, राजेंद्र रोहिल्ला, सदाकत अली जैदी, आईटी की प्रदेश महासचिव रेशमा अंसारी, समाजसेवी अरविंद शर्मा, पूर्व सभासद अश्वनी कुमार, यासीन मिर्जा, भुवन चंद पंत, बेली राम ठाकुर, धीरेंद्र ताड़ियाल, वैभव गुप्ता,केवल राम आजाद, अनस मुनीर, शिबली जैदी, भूपेश उपाध्याय, फुरकान अहमद, फहीम अंसारी समेत अनेक कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

**एक नजर .......**

## छात्र संघ चुनाव: 20 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र जमा किए

**विकासनगर।** वीर शहीद केसरी चंद राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय डाकपत्थर में छात्र संघ चुनाव 2025-26 के नामांकन को लेकर कुल 20 प्रत्याशियों ने विभिन्न पदों के लिए नामांकन पत्र जमा किए हैं। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार अध्यक्ष पद के लिए 3, उपाध्यक्ष के लिए 4, सचिव के लिए 3, सह सचिव के लिए 3, कोषाध्यक्ष के लिए 3 और विश्वविद्यालय प्रतिनिधि के लिए 4 नामांकन प्राप्त हुए हैं। वहीं छात्र संघ चुनाव में केसरी युवा छात्र संगठन की ओर से स्वीटी राठौर ने महासचिव पद हेतू नामांकन किया। स्वीटी राठौर ने कहा विज्ञान संकाय पीजी में जीव विज्ञान और वनस्पति विज्ञान खुलवाने में संघर्ष करूंगी।

## महिला सफाई मित्रों को किया जागरूक

**चकराता।** छावनी परिषद चकराता के तत्वावधान में चल रहे स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के अंतर्गत मंगलवार को वीर शहीद केसरी चंद सभागार में जागरूकता बैठक आयोजित की गई। बैठक में परिषद के मुख्य अधिशासी अधिकारी रिपु दमन सिंह ने महिला सफाई मित्रों से संवाद कर उन्हें स्वच्छता के साथ-साथ अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने की अपील की। सीईओ ने कहा कि सफाई मित्र पूरे क्षेत्र को स्वच्छ और स्वस्थ बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने सफाई कार्य के दौरान हमेशा मास्क और दस्ताने पहनने, कार्य उपरांत हाथ-पैर अच्छी तरह धोने और सेनेटाइजेशन की आदत अपनाने पर बल दिया। इस मौके पर लेक्चरर प्रियंका चौहान, सहायक अध्यापक पुष्पा घिल्डियाल, सविता, पूजा चौहान समेत सफाई मित्र , पूनम, संजोगीता,दीपा, सोनिया, लक्ष्मी देवी आदि उपस्थित रहीं।

## साहिया कॉलेज करेगा कबड्डी प्रतियोगिता की मेजबानी

**साहिया।** सरदार महिपाल राजेन्द्र जनजातीय (पी.जी.) कॉलेज, साहिया में आगामी 29 एवं 30 सितम्बर को श्रीदेव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय की पुरुष एवं महिला वर्ग की अंतर-महाविद्यालय कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इस प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय से संबद्ध विभिन्न महाविद्यालयों की टीमें प्रतिभाग करेंगी।

## समाज सेविका रईस फातिमा का निधन



**देहरादून।** उत्तराखंड महिला कांग्रेस की नेत्री व समाज सेविका रईस फातिमा खान का मंगलवार शाम दून अस्पताल में निधन हो गया। रईस फातिमा के परिवार के सूत्रों के अनुसार वह हृदय रोग से पीड़ित थी तथा उनके आज दून अस्पताल में स्टंट डाले जाने थे जिसके दौरान ही उनकी मृत्यु हो गयी। उनके निधन पर कांग्रेसियों, समाजिक संगठनों ने गहरा शोक व्यक्त किया है। नगर के कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं ने उनके आवास पहुँच कर उनको श्रधांजलि अर्पित की। उनके पार्थिव शरीर को मंगलवार रात 9 बजे शहीद भगत सिंह कॉलोनी से कब्रिस्तान में ले जाया गया, जहां उनकी दतफीन की गई।

## हिमालय में मनाया गया विश्व आयुर्वेद दिवस




**देहरादून।** हिमालयन इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी एंड रिसर्च के बी. फार्मा छात्रों के साथ विश्व आयुर्वेद दिवस मनाया गया। शैक्षणिक शिक्षा को वास्तविक दुनिया के उद्योग अनुभव से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, हिमालयन इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी एंड रिसर्च के लगभग 50 बी. फार्मा छात्र, दो संकाय सदस्यों के साथ, हिमालय वेलनेस कंपनी, देहरादून के शैक्षिक दौरे पर थे। छात्रों ने पेशेवरों से बातचीत की, विनिर्माण और गुणवत्ता नियंत्रण प्रक्रियाओं का पता लगाया, और इस क्षेत्र में नियामक प्रथाओं और करियर के रास्तों की जानकारी प्राप्त की। डॉ. एस. फारूक अध्यक्ष हिमालय वेलनेस ने प्रतिनिधिमंडल का गर्मजोशी से स्वागत किया और विश्व आयुर्वेद दिवस की शुभकामनाएं दीं।

# विकासनगर पालिका ने पर्यावरण मित्र सुरक्षा शिविर का किया आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** स्वच्छता ही सेवा पखवाडा के अंतर्गत आज नगर पालिका टाउन हॉल में पर्यावरण मित्र सुरक्षा शिविर का आयोजन किया गया जिसमें उप जिला चिकित्सालय के डॉक्टर द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

डाक्टरों द्वारा खून की जांच शुगर, बीपी, तथा अन्य ब्लड जांच की गई तथा जिला पूर्ति विभाग द्वारा 10 राशन कार्ड से संबंधित आवेदन प्राप्त किए गए एवं सीएचसी विकासनगर द्वारा 12 आयुष्मान कार्ड आवेदन पंजीकृत किए गए जिसमें से आठ ऑनलाइन बना दिए गए।



शिविर मे विद्युत विभाग बाल विकास महिला सशक्तिकरण एवं अन्य विभाग उपस्थित रहे। शिविर का शुभारंभ नगर पालिका परिषद विकासनगर अध्यक्ष बॉबी नौटियाल द्वारा किया गया।

इस मौके पर पालिका सभासद गंगा गुरुंग, पूनम तोमर, सुमन और अधिशासी अधिकारी बद्री प्रसाद भट्ट, प्रभारी सफाई निरीक्षक नवनीत गुप्ता एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## विधायक ने किया सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ

**सहसपुर।** विधानसभा सहसपुर के अंतर्गत नगर पंचायत सेलाकुई वार्ड नं. 1 में विधायक सहदेव सिंह पुंडीर ने अपनी विधायक निधि से होने वाले सड़क निर्माण कार्य का पूजन कर शुभारंभ किया गया। यह सड़क सेलाकुई, हरिपुर वार्ड नं. 1 कुंदन सिंह नेगी के घर से हयात सिंह मेहर के घर तक बनाई जाएगी, जिससे स्थानीय निवासियों को आवाजाही में बड़ी सुविधा मिलेगी। क्षेत्रवासियों ने सड़क निर्माण कार्य शुरू होने पर विधायक सहदेव सिंह पुंडीर का आभार व्यक्त किया और विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में सहसपुर क्षेत्र निरंतर प्रगति के पथ पर आगे बढ़ता रहेगा।

## विधायक ने व्यापारियों व नागरिकों को जीएसटी सुधारों के लाभों से कराया अवगत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहसपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्त्व में लागू किए गए ऐतिहासिक जीएसटी सुधारों ने देश की कर व्यवस्था को सरल, पारदर्शी और जनहितैषी बनाया है। इन सुधारों से जहाँ व्यापारियों पर करों का बोझ कम हुआ है, वहीं उपभोक्ताओं को वस्तुएँ और सेवाएँ अधिक किफायती दरों पर उपलब्ध हो रही हैं। इसी ऐतिहासिक पहल को जन-जन तक पहुँचाने के लिए 22 से 29 सितम्बर तक "जीएसटी बचत उत्सव" अभियान चलाया जा रहा है।

इस क्रम में मंगलवार को सहसपुर विधायक सहदेव सिंह पुंडीर ने सहसपुर बाजार में पदयात्रा एवं जनसंपर्क कर स्थानीय व्यापारियों एवं नागरिकों को जीएसटी सुधारों के लाभों से अवगत कराया। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी की दूरदर्शी नीतियों की सराहना करते हुए कहा कि जीएसटी सुधार न केवल देश की कर प्रणाली को आसान बनाते हैं, बल्कि आम जनता के जीवन में राहत और व्यापार जगत को नई ऊर्जा प्रदान करते हैं। यह अभियान लोगों को जागरूक कर 'विकसित भारत' के लक्ष्य की ओर आगे बढ़ने में सहायक सिद्ध होगा।इस दौरान जिलाध्यक्ष मीता सिंह, सुखदेव फर्षवाण, सिद्धार्थ चौधरी, यशपाल नेगी, सारिक खान, प्रमोद आदि लोग उपस्थित रहे।

## छात्र संघ चुनाव को लेकर पुलिस ने किया महाविद्यालय का निरीक्षण

**चकराता।** श्री गुलाब सिंह राजकीय महाविद्यालय चकराता में आगामी छात्र संघ चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन ने महाविद्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण थाना अध्यक्ष चकराता के निर्देशन में पुलिस दल द्वारा किया गया।ज्ञात हो कि महाविद्यालय में 27 सितंबर को मतदान प्रस्तावित है। चुनावी प्रक्रिया के अंतर्गत शनिवार को नामांकन पत्रों की बिक्री की गई, जबकि 23 सितंबर को नामांकन दाखिल किए जाएंगे। इस दौरान आचार संहिता लागू है।

# हर किसी के लिए उपहार जीएसटी में नए बदलाव: भट्ट

**भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने ऋषिकेश के व्यापारियों से की मुलाकात, गुलाब की कली भेंट कर की उत्सव के रूप में मनाने की अपील**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**ऋषिकेश।** केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार की ओर से जीएसटी की दरों में बदलाव को लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने व्यापारियों से मुलाकात की। उन्होंने त्रिवेणीघाटरोड पर व्यापारियों से चर्चा करते हुए पांच से 18 प्रतिशत जीएसटी उत्पादों पर करने को उपहार बताया।

मंगलवार को मुलाकात के दौरान



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने व्यापारियों से कहा कि प्रधानमंत्री के इस उपहार से सभी उत्साहित हैं। उन्होंने व्यापारियों को गुलाब की कली भी भेंट की। जीएसटी को लेकर इस ऐतिहासिक निर्णय को उत्सव के रूप में मानने की अपील भी की। बोले, जीएसटी में यह बदलाव देश के सभी व्यापारियों के लिए बड़ा उपहार है। कार्यक्रम संयोजक प्रतीक कालिया ने बतायया कि पीएम मोदी ने यह ऐतिहासिक निर्णय न सिर्फ व्यापारियों के लिए, बल्कि देश की आमजन के हित में लिया है। कहा कि सरकार के इस कदम हर वर्ग उत्साहित है। देश-प्रदेश में विकास के नए आयाम स्थापित होने की भी पूरी संभावना है। मौके पर पूर्व मंत्री एवं विधायक प्रेमचंद अग्रवाल, मेयर शंभू पासवान, मंडल अध्यक्ष मनोज ध्यानी, दीपक बिष्ट, बृजेश शर्मा, विनोद कोठारी, दीपक धमीजा, दिनेश सती, राज नरसिम्हा, कृष्णकुमार सिंघल, सतीश सरदार, सुरेंद्र कक्कड़, प्रदीप कोहली, सुधा असवाल, सरोज डिमरी, राम सिंह पंवार, अंकित डंग, अविनाश भारद्वाज, मोहित, ज्योति साजवाण, राधेश्याम जाटव, संजय शास्त्री, मोहित गुप्ता, पवन गोयल, राजकुमारी पंत, गोविंद अग्रवा, कपिल गुप्ता, चेतन शर्मा, संदीप शास्त्री, पंकज शर्मा, विनायक, पवन शर्मा, राजेश दिवाकर, राकेश परचा, राजेंद्र बिश्लवान, सुनीता गौर, रमेश अरोड़, संजय ध्यानी, एकांत गोयल, बृज मोहन , विशाल कक्कड़, आलोक द्विवेदी, प्रमोद सती, राजपाल ठाकुर, आशु डंग, राहुल दिवाकर, अनीता ममगाई, संदीप गुप्ता, सुमित पंवार बादि मौजूद रहे।

# खुर्जा एसटीपीपी की दूसरी इकाई का संचालन शुरू

**उत्तर प्रदेश में खुर्जा सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट चला रही है टीएचडीसी केंद्रीय विद्युत मंत्री मनोहर लाल ने टीएचडीसी के कार्यों की सराहना की**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**ऋषिकेश।** टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड ने खुर्जा (उत्तर प्रदेश) में खुर्जा सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट की दूसरी इकाई का वाणिज्यिक प्रचालन सफलतापूर्वक शुरू कर दिया है, जिसका उद्घाटन वर्चुअल माध्यम से केंद्रीय विद्युत, आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने किया।

केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि को प्राप्त करने पर टीएचडीसीआईएल और खुर्जा सुपर थर्मल पावर परियोजना से जुड़े सभी हितधारकों को बधाई दी। उन्होंने विद्युत क्षेत्र के विकास को गति देने, ग्रिड स्थिरता को सुदृढ़ करने और उत्तर प्रदेश तथा राष्ट्र की ऊर्जा आकांक्षाओं को पूरा करने में केएसटीपीपी की महत्वपूर्ण भूमिका को अहम बताया।

उत्तर प्रदेश सरकार के ऊर्जा एवं नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने इस उपलब्धि की सराहना करते हुए कहा कि केएसटीपीपी की दूसरी इकाई भारत की बढ़ती ऊर्जा आवश्यकताओं को विश्वसनीय और किफायती विद्युत से पूरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक आरके विश्नोई ने विद्युत मंत्रालय और एनटीपीसी के निरंतर मार्गदर्शन और सहयोग की सराहना की, जिनके निरंतर प्रोत्साहन ने खुर्जा एसटीपी परियोजना के सफल क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कहा कि 14 विशेष पैकेजों के माध्यम से निर्मित 1320 मेगावाट के इस संयंत्र ने अपनी पहली इकाई की सीओडी 26 जनवरी 2025 को और दूसरी इकाई की 22 सितंबर 2025 को प्राप्त की, जिससे कोविड-19 और अन्य चुनौतियों के बावजूद इसे सुचारु रूप से पूरा किया गया। मौके पर उत्तर प्रदेश के ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्त्रोत के अपर मुख्य सचिव आईएएस नरेंद्र भूषण, केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण के अध्यक्ष घनश्याम प्रसाद, विद्युत मंत्रालय भारत सरकार के अपर सचिव श्रीकांत नागुलापल्ली, अपर सचिव विद्युत मंत्रालय भारत सरकार पीयूष सिंह, टीएचडीसीआईएल के निदेशक (वित्त) सिपन कुमार गर्ग, कार्यपालक निदेशक (परियोजना) कुमार शरद आदि उपस्थित रहे।

## जीएसटी दर में कटौती का लाभ सीधे उपभोक्ताओं तक पहुंचाने की घोषणा

**देहरादून।** नेस्ले इंडिया ने हाल ही में भारत सरकार द्वारा घोषित गुड्स एंड सर्विस टैक्स (जीएसटी) दरों में बदलाव का स्वागत किया है। कंपनी ने कहा है कि 22 सितंबर 2025 से यह लाभ सीधे उपभोक्ताओं तक पहुँचाया जाएगा। नेस्ले इंडिया के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर मनीष तिवारी ने कहा, "जीएसटी दर में कटौती भारत के उपभोक्ताओं के लिए एक सकारात्मक कदम है। इससे खपत बढ़ेगी और अर्थव्यवस्था को भी गति मिलेगी। नेस्ले पिछले 113 वर्षों से भारत का अभिन्न हिस्सा रही है और हमारे लिए उपभोक्ता हमेशा सबसे महत्वपूर्ण रहे हैं।

# सेपियंस के 53 विद्यार्थियों ने किया शानदार प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** शिक्षा के क्षेत्र में लगातार उपलब्धियाँ हासिल करते हुए द सेपियंस स्कूल हरबर्टपुर के विद्यार्थियों ने एक बार फिर अपनी मेधा का परचम लहराया। हाल ही में आयोजित आर्यभट्ट गणित ओलंपियाड 2024-25 एवं रामानुजन गणित प्रश्नोत्तरी में द सेपियंस स्कूल हरबर्टपुर के लगभग 70 से अधिक विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया जिसमें से 53 विद्यार्थियों ने इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया जिन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

राशि वशिष्ठ ने राष्ट्रीय स्तर पर मेरिट सूची में चौथा स्थान प्राप्त कर विशेष उपलब्धि हासिल की, साथ ही



गर्वित पैन्यूली ने भी बेहतरीन सफलता प्राप्त की एवं रामानुजन गणित प्रश्नोत्तरी में विद्यालय की प्रतिभावान छात्रा तेजस्विनी राठौर, छात्र गर्वित पैन्यूली तथा दीक्षांत चौहान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मेडल हासिल किए और विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया।

इसके साथ ही 'सर्वश्रेष्ठ श्रेणी पुरस्कार' से गणित विभागाध्यक्षा बीना शर्मा को सम्मानित किया गया।इस अवसर पर विद्यालय सेक्रेटरी रवि कांत सपरा, मैनेजर रशिता सपरा, विद्यालय की निर्देशिका रश्मि गोयल, प्रधानाचार्या गीता नेगी एवं सभी शिक्षकों ने विजयी विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# आज के समय में तकनीक का सही उपयोग करना बहुत जरूरीः राज्यपाल

## राज्यपाल ने 'शिक्षा की बात' कार्यक्रम का किया शुभारंभ

**13 सौ से अधिक विद्यालयों के विद्यार्थियों से किया सीधा संवाद, राज्यपाल ने की शिक्षा की बात'' शिक्षा विभाग की दूरदर्शी और अभिनव पहल, कहा - विद्यार्थी अपने माता-पिता का सम्मान करने, अपनी संस्कृति और परंपराओं को संजोने के साथ-साथ राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों को समझें**

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने मंगलवार को राजीव गांधी नवोदय विद्यालय, देहरादून से शिक्षा विभाग की अभिनव पहल ''शिक्षा की बात'' कार्यक्रम का शुभारंभ किया। ''शिक्षा की बात'' कार्यक्रम का उद्देश्य प्रदेश के विविध भौगोलिक व सामाजिक परिवेश में अध्ययनरत विद्यार्थियों को प्रेरणादायी व्यक्तित्वों से सीधे संवाद का अवसर देना है।

इस कार्यक्रम का आयोजन प्रत्येक माह के अंतिम सप्ताह में किया जाएगा, जिसमें शिक्षाविद्, साहित्यकार, समाजसेवी, वैज्ञानिक, व्यवसायी, सैन्य अधिकारी आदि विशिष्टजन छात्रों से वार्ता करेंगे। इसका सजीव प्रसारण राजीव गांधी नवोदय विद्यालय स्थित केंद्रीय वर्चुअल स्टूडियो से किया जाएगा, जिसमें 13 सौ से अधिक विद्यालय सीधे जुड़ेंगे।

'शिक्षा की बात'' के शुभारंभ के अवसर पर राज्यपाल ने दूरस्थ क्षेत्र के बच्चों से सीधे संवाद किया। इस दौरान चमोली, टिहरी, पिथौरागढ़ आदि से छात्र-छात्राओं ने राज्यपाल से करियर को लेकर सवाल पूछे। राज्यपाल ने अपने अनुभवों के आधार पर बच्चों की जिज्ञासाओं को शांत किया और उन्हें सफलता के मंत्र बताए। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि ''शिक्षा की बात'' शिक्षा विभाग की दूरदर्शी और सराहनीय पहल है, जो बच्चों के भविष्य को नई दिशा देगी।

उन्होंने कहा कि आज के समय में तकनीक का सही उपयोग करना बहुत जरूरी है और शिक्षा के क्षेत्र में यह बच्चों को समान अवसर देने का एक प्रभावी माध्यम है। शिक्षा विभाग द्वारा तकनीक का सही उपयोग किया जाना सराहनीय है। कार्यक्रम में सचिव विद्यालयी शिक्षा रविनाथ रामन, महानिदेशक शिक्षा दीप्ति सिंह, प्राथमिक शिक्षा निद. ेशक अजय नौडियाल, निदेशक एससीईआरटी बंदना गर्ब्याल, जनरल मैनेजर वीईपीएल मानसी शर्मा, प्रोजेक्ट को-ऑर्डिनेटर निखिल राणा, आकाश भड़ाना और रवि झा सहित शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### अगले महीने मुख्यमंत्री करेंगे बच्चों का मार्गदर्शनः डॉ. रावत

इस अवसर पर शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने राज्यपाल का धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने बताया कि प्रत्येक महीने किसी न किसी ऐसे व्यक्तित्व को संवाद के लिए आमंत्रित किया जाएगा, जिससे बच्चों को मार्गदर्शन और प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने बताया कि अगले महीने मुख्यमंत्री को आमंत्रित किया जाएगा।

# कड़ी सतर्कता से नाकाम हुई पेपर लीक की साजिश

## कांग्रेस के आरोप गैर जिम्मेदारानाः चौहान

### हरिद्वार की घटना भी नकल माफिया की बौखलाहट का नतीजा

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कहा कि कड़ी सुरक्षा व्यवस्था का ही परिणाम रहा कि माफिया अपने इरादों मे कामयाब नही हो पाया और यूकेएसएससी की परीक्षा एक केंद्र मे गड़बड़ी की कोशिश को छोड़ दिया जाए तो निर्विघ्न संपन्न हुई।

कांग्रेस के आरोपों को गैर जिम्मेदाराना बताते हुए चौहान ने कहा कि सरकार और परीक्षा कार्यों में लगी एजेंसी सतर्क थी तो परीक्षा के एक दिन पहले नकल माफिया को सलाखों के पीछे भेज दिया गया। वहीं हरिद्वार के एक सेंटर मे नकल की कोशिश मे जो लोग लगे थे उनसे भी कड़ी पूछताछ चल रही है। चौहान ने कहा कि नकल रोकने के लिए धामी सरकार की मुहिम असरदार है और पारदर्शिता के परीक्षाएं हो रही है। उन्होंने कांग्रेस पर सवाल किया कि अब सब सामने है और परीक्षा पत्र से लेकर केंद्र, कमरे सब निगरानी संस्थाओ के घेरे मे है, लेकिन पटवारी भर्ती घोटाला हो या दरोगा भर्ती घोटाला अथवा अन्य मामलों मे तो लोगों को अभी तक पता ही नही कि कब किस पर क्या कार्यवाही हुई। इन मामलों मे सरकार के सरंक्षण मे ही घोटालों के आरोप लगे थे। चौहान ने कहा कि भर्ती घोटालों की गलत परंपरा को समाप्त करने मे जब धामी सरकार ने बीड़ा उठाया तो कांग्रेस जांच एजेंसियों के मनोबल को तोड़ने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के वर्षो पुराने पाप को ढो रहे राज्य से नकल की इस विकृति को समाप्त करने की कोशिशें हो रही है और इस पहल का न केवल सम्मान किया जाना चाहिए, बल्कि सहयोग भी किया जाना चाहिए। चौहान ने कहा कि पेपर लीक वाले रूम मे जैमर थे अथवा नही यह जांच का विषय है और एजेंसियां इस पर कार्य कर रही है। राज्य मे निरंतर भर्तियां हो रही है और धामी सरकार अब तक 25 हजार से अधिक युवाओं को रोजगार दे चुकी है। भर्ती केंद्रों को किस तरह से हाईटेक किया जाए यह विशेषज्ञों ने भली भाँति अध्ययन किया है। उन्होंने कहा कि पेपर लीक नही हो रहे, बल्कि नकल की को. शिश हो नही है और अब माफिया हताश तथा निराश है। न अवैध रूप से नकल कराने के लिए कोचिंग संस्थान चल रहे न ही पेपर बाहर आ रहा है। हरिद्वार की घटना भी नकल माफिया की बौखलाहट का नतीजा है। विपक्ष को संयम रखने की जरूरत है।

# मंत्रोच्चार और विधि विधान के साथ भाजपा के नए सदस्यों ने किया कार्यभार ग्रहण

**प्रदेशाध्यक्ष महेंद्र भट्ट एवं प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार की मौजूदगी में हवन यज्ञ**

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** भाजपा के प्रदेश पदाधिकारियों ने विधिवत रूप से आज कार्यभार संभाल लिया है। इस दौरान प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट एवं प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार की मौजूदगी में हुए हवन पूजन में सभी प्रदेश महामंत्री, मंत्री, कार्यालय प्रभारी, मीडिया प्रभारी समेत प्रदेश टीम के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने जानकारी दी कि पार्टी के बलबीर रोड स्थित मुख्यालय में आज पूर्ण धार्मिक रीतिरिवाज और मंत्रोचार के साथ प्रदेश पदाधिकारियों ने औपचारिक पदभार ग्रहण किया। इस दौरान हुए हवन में प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रदेश महामंत्री संगठन मंत्री के साथ नवनियुक्त प्रदेश महामंत्री श्री कुंदन परिहार, श्रीमती दीप्ति रावत, श्री तरुण बंसल, प्रदेश उपाध्यक्ष श्री अनिल गोयल, शैलेंद्र बिष्ट , स्वराज विद्वान प्रदेश कोषाध्यक्ष श्री पुनीत मित्तल, प्रदेश मंत्री श्री सतीश लखेड़ा , आदित्य चौहान, श्रीमती नेहा जोशी, श्री गौरव पांडे, प्रदेश कार्यालय सचिव श्री जगमोहन रावत, प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान, सह संयोजक राजेंद्र नेगी, विनय गोयल, सोशल मीडिया संयोजक श्री हिमांशु संगतानी, सह संयोजक करुण दत्ता, गौरव सिंह, आईटी संयोजक प्रवीण लेखवार आदि नवनियुक्त पदाधिकारियों ने भाग लिया।

इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष श्री भट्ट ने सभी नवयुक पदाधिकारियों को बधाई देते हुए आगामी कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा, आप सबको तत्काल प्रभाव से मिशन 2027 को जीतने के लिए जुटना है। एक एक बूथ तक डबल इंजन सरकार की उपलब्धियों और संगठन की सक्रियता को पहुंचाना है। आप सबके पुरुषार्थ और समर्पण से, देवभूमि की जनता का आशीर्वाद भाजपा को मिला निश्चित है। इस दौरान बड़ी संख्या में सरकार में दायित्वधारी एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# किसानों को 72 घंटे के अंदर मिले फसल का पैसा : रेखा आर्या

## धान और मंडुआ खरीद के लिए 600 करोड़ का बजट आवंटित

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने खरीफ फसलों की खरीद के 72 घंटे के अंदर किसानों को भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। सचिवालय स्थित देवेंद्र शास्त्री भवन में मंगलवार को आयोजित खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग की बैठक में खरीफ की फसलों, धान और मंडुआ की खरीद की तैयारियों की समीक्षा की गई।

बैठक में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री रेखा आर्या ने अधिकारियों को आदेश दिए कि इस बार किसानों को उनकी उपज का भुगतान नियमानुसार 48 से 72 घंटे के भीतर हर हाल में किया जाए। केंद्र सरकार ने इस वर्ष धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2369 रुपये प्रति क्विंटल और मंडुआ का 4886 रुपये प्रति क्विंटल तय किया है। किसानों को समय पर लाभ पहुंचाने के लिए राज्य सरकार ने पहले से ही 600 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान कर दिया है। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि फसल भंडारण के लिए गोदाम की सुविधाएं बढ़ाई जाएंगी और खरीद के लिए जूट के बैग की पर्याप्त उपलब्धता हर खरीद स्थल पर सुनिश्चित होगी। इसके लिए अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए। बैठक में एफसीआई, मंडी समिति और राइस मिल संगठन के प्रतिनिधियों की ओर से रखी गई मांगों के भी शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया गया। बैठक में प्रमुख सचिव एल फैनई, खाद्य आयुक्त चंद्रेश कुमार, एमएस बिसेन, सीएम घिल्डियाल, आरएफसी गढ़वाल अरविंद पांडे, लता मिश्रा, अपर आयुक्त पीएस पांगती, राइस मिल एसोसिएशन अध्यक्ष सचिन गोयल, पंकज सहित अन्य अधिकारी और प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### एक अक्टूबर से शुरू होगी खरीद, विभागीय बैठक में मंत्री ने की समीक्षा

7.50 एलएमटी है धान खरीद का लक्ष्य बैठक के बाद खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि इस साल प्रदेश में धान खरीद का लक्ष्य 7.50 लाख मीट्रिक टन और मंडुआ खरीद का लक्ष्य 5000 मीट्रिक टन तय किया गया है। उन्होंने बताया कि इस साल गढ़वाल और कुमाऊं दोनों मंडलों में खरीद केंद्रों की संख्या बढ़ाई गई है। गढ़वाल मंडल में पिछले साल 120 खरीद केंद्रों के मुकाबले इस साल 135 खरीद केंद्र बनाए जाएंगे जबकि कुमाऊं मंडल में पिछले साल के 564 खरीद केंद्रों के मुकाबले इस साल 600 खरीद केंद्र बनाए जा रहे हैं।

# 200 नशे के इंजेक्शन के साथ एक गिरफ्तार

**हल्द्वानी।** युवाओं की नसों में जहर घोलने वाले नशे के एक सौदागर को बीती रात्रि एसओजी व बनभूलपुरा पुलिस की संयुक्त टीम ने 200 नशीले इंजेक्शनों के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एसओजी टीम को मुखबिर की सटीक सूचना मिली की एक युवक नशे के इंजेक्शन लेकर आ रहा है। मुखबिर की सटीक सूचना पर एसओजी प्रभारी हरपाल सिंह व बनभूलपुरा थाना प्रभारी सुशील कुमार ने मय टीम के साथ गौला बाइपास हिमालय स्कूल के पास चैकिंग अभियान शुरू कर दिया। चैकिंग के दौरान पुलिस ने एक संदिग्ध अवस्था में युवक को आता देखा ।

# जोशी ने किया प्रभावित क्षेत्र भीतरली गांव का दौरा

## कैबिनेट मंत्री ने अतिवृष्टि से क्षतिग्रस्त सड़क का किया स्थलीय निरीक्षण

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने मंगलवार को मसूरी विधानसभा क्षेत्र के भीतरली गांव का दौरा कर अतिवृष्टि से क्षतिग्रस्त सड़क का स्थलीय निरीक्षण किया। मंत्री ने मौके पर मौजूद पीएमजीएसवाई के अधिकारियों को अधिक से अधिक टीमें लगाकर शीघ्रता से अवरुद्ध मार्ग को खोलने और पुनर्निर्माण कार्यों को युद्ध स्तर पर आगे बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मत एवं पुनर्निर्माण का कार्य समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए।

इस दौरान उन्होंने आपदा प्रभावित किमाड़ी क्षेत्र का भी जायजा लिया।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्थानीय जनता की कठिनाइयों को देखते हुए कार्य शीघ्र किया जाए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार आपदा से प्रभावित क्षेत्रों के पुनर्निर्माण और बुनियादी सुविधाओं की बहाली को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। मंत्री गणेश जोशी ने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि कार्य की प्रगति की नियमित मॉनिटरिंग की जाए ताकि प्रभावित लोगों को शीघ्र राहत मिल सके। इस अवसर पर पीएमजीएसवाई के अधिकारीगण एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# नागरिक सुविधा शिविर में बने राशन कार्ड

**हल्द्वानी।** नगर निगम क्षेत्र में नागरिकों की समस्याओं के निस्तारण के लिए वार्डवार जन सुविधा शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। मंगलवार को वार्ड संख्या 5 और 6 में प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक शिविर लगाए गए। जिसमें नागरिकों ने आपूर्ति व्यवस्था, राशन कार्ड में नाम जोड़ने/हटाने और पृथक राशन कार्ड जारी करने जैसी समस्याएं उठाईं। शिविर के दौरान आधार सेवा से संबंधित कार्यों में 48 आधार कार्ड बनाए और संशो. धित किए गए। पूर्ति विभाग से 9 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें नए राशन कार्ड बनाए जाने और नाम जोड़ने/हटाने के आवेदन सम्मिलित थे। इसके अतिरिक्त 10 यूसीसी आवेदन और नगर निगम से संबंधित 5 शिकायतें, स्ट्रीट लाइट की खराब स्थिति से संबंधित प्राप्त हुईं, जिन्हें मौके पर ही सुधार दिया गया।

# फर्जी पंडित बनकर युवक से ठगे 91 हजार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** साइबर ठगी के एक चौंकाने वाले मामला सामने आया है। यह साइबर ठग ने घर का पंडित बना और आवाज बदलकर युवक को अपने भरोसे में लिया। ठग ने युवक को भरोसे में लेकर कहा कि उसकी मां को कैंसर हो गया और वह सुशीला तिवारी अस्पताल में भर्ती है। उसके मोबाइल से पैसे ट्रांसफर नहीं हो रहे है। ठग पंडित की बात सुनकर युवक का दिल पसीस गया और वह उसके बहकावे में आ गया। उसे रूपये ट्रांसफर करता गया, और विश्वास में लेने के लिए जालसाज उसे फर्जी बैंक ट्रांजेक्शन के मैसेज भेजता गया। कुल पांच ट्रांजेक्शन में जालसाज ने पीड़ित से 91 हजार रुपये की ठगी कर ली। पीड़ित की तहरीर पर साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन कुमाऊं रेंज, रुद्रपुर में जीरो एफआईआर दर्ज कर ली गई है। जानकारी के अनुसार पीड़ित अनिरुद्ध साह पुत्र अशोक कुमार साह निवासी रामपुर रोड ने कहा कि बीती 11 सितंबर की दोपहर एक कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को पंडित जी बताया। आवाज परिचित लगने पर अनिरुद्ध को विश्वास हो गया। ठग ने कहा कि उसकी मां का कैंसर का इलाज सुशीला तिवारी अस्पताल में चल रहा है। जिसके लिए उसे अचानक दवाइयों के लिए तुरंत भुगतान करना है, लेकिन उसके मोबाइल से पेमेंट नहीं हो पा रहा है। मदद की नीयत से अनिरुद्ध ने पहले 14 हजार रुपये भेजे। तुरंत उसके मोबाइल पर 14 हजार रुपये की वापसी का फर्जी मैसेज भी आ गया।


## सूचना

मैं, श्री अमरपाल सिंह पुत्र श्री समय सिंह एवं रजनी पत्नी श्री अमरपाल, जो भारूवाला ग्रांट क्लेमेंटटाउन देहरादून में रहते हैं, श्री अश्विनी कुमार अग्रवाल पुत्र श्री विनय कुमार अग्रवाल से अटॉर्नी धारक श्री मोहित गर्ग पुत्र श्री कृष्ण कुमार गर्ग (विक्रेता) के माध्यम से नीचे लिखित अनुसूची में विशेष रूप से वर्णित संपत्ति (जिसे आगे ष्उक्त संपत्तिष कहा जाएगा) खरीदने और मेरे हमारे ग्राहक आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड पते 69, राजपुर रोड देहराद. ून उत्तराखंड को उक्त संपत्ति को सभी शुल्कों या भार से मुक्त बंधक रखने के लिए सहमत हुए हैं। बिक्री, हस्तांतरण, असाइनमेंट, बंधक, प्रभार, पट्टा, लाइसेंस, ग्रहणाधिकार, किरायेदारी, ट्रस्ट, उपहार, सुखाधिकार, कब्जे, विरासत या अन्यथा के माध्यम से उक्त संपत्ति या उसके किसी भी हिस्से में किसी भी शेयर, हित या अधिकार का दावा करने वाले सभी व्यक्तियों को इसके द्वारा लिखित रूप में नीचे हस्ताक्षरकर्ता को इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से (7) सात दिनों के भीतर सभी सहायक दस्तावेजों के साथ सूचित करना आवश्यक है, सभी दावों, यदि कोई हो, के संदर्भ के बिना बनाया गया है, और इसे माफ त्याग माना जाएगा और यह मेरे/हमारे ग्राहकों पर बाध्यकारी नहीं होगा। वह समस्त संपत्ति, जिसका खाता खतौनी संख्या 1101 (1396 से 1401 फसली) खसरा संख्या 533/2 है, जिसका क्षेत्रफल 30.20 वर्ग मीटर है और जिसका क्षेत्रफल 91.04 वर्ग मीटर है, मौजा भारूवाला ग्रांट, परगना, पछवा दून, जिला देहरादून में स्थित है, जिसकी सीमा और सीमा इस प्रकार है:पूर्व: अश्विनी कुमार की भूमि, 26 फीट की भुजा। पश्चिम: 20 फीट चौड़ी सड़क, 26 फीट की भुजा। उत्तर: अश्विनी कुमार की भूमि, 12 फीट 6 इंच की भुजा। दक्षिण: 20 फीट चौड़ी सड़क, 12 फीट 6 इंच की भुजा। स्थान: देहरादून, दिनांक 22 सितंबर 2025 एडवोकेट शम्मी टंडन पता: 981/654, सत्य विहार, बल्लूपुर रोड, विजय पार्क, देहरादून। मोबाइल नंबर: 9897006975



**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**स्थानीय सम्पादक**
**चेतन गुरूंग**
**देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून**
☎0135-2743363
**R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656**
मोबाइल-9720007290
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।



**यूजेवीएन लिमिटेड**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
मुख्य कार्यालयः "उज्ज्वल" महारानी बाग, जी० एम० एस० रोड, देहरादून-248006
दूरभाषः 0135-2763808, फैक्स नं0 0135-2763508.
CIN No. U40101UR2001SGC025866 वेबसाइटः www.ujvnl.com

पत्रांकः 736 **ई-निविदा तिथि विस्तार सूचना-01** दि0: 23.09.2025

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (जानपद-प्रथम) लजविप, यूजेवीएन लिमिटेड, श्रीकोट-श्रीनगर, जिला-पौडी गढ़वाल, द्वारा आमन्त्रित निविदा सं0: 06/अ.अ (जानपद-प्रथम)/श्रीकोट/2025-26 की तिथियां अपरिहार्य कारणों से निम्नानुसार विस्तारित की जाती है:-

**बेबसाइट पर निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि:** 29.09.2025 को 17:00 बजे।
**निविदा प्रपत्र जमा करने की अन्तिम तिथि:** 30.09.2025 को 16:00 बजे।
**निविदा खुलने की तिथि:** 01.10.2025 को 14:30 बजे।

निविदा की अन्य समस्त शर्तें यथावत रहेंगी, अन्य जानकारी हेतु कृपया ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल "http://uktenders.gov.in" देखें।

अधिशासी अभियन्ता (जानपद-प्रथम)

"बिजली के दुरूपयोग से बचें"

**यूजेवीएन लिमिटेड**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
मुख्यालय "उज्ज्वल" महारानी बाग, जी० एम० एस० रोड, देहरादून-248006
दूरभाष : 0135-2763808, फैक्स : 0135-2763508
सी0आईएन0 सं0: U40101UR2001SGC025866, वेबसाइटः www.ujvnl.com

पत्र सं0: 739 दिनांकः 23/09/2025

**ई-निविदा सूचना**

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (अनुरक्षण), खोदरी विद्युत गृह, डाकपत्थर (देहरादून), निम्नलिखित कार्य हेतू ऑनलाईन निविदा आमंत्रित करता है। निविदा का विवरण निम्नवत है:-

**ई-निविदा सं0- 09/EE(Maint.)/Khodri/2025-26:** खोदरी विद्युत गृह पर सेल्फ लुबरिकेटिगं रिगं सेगमेंट सील की आपूर्ति।
अनुमानित लागत- रू० 16,26,188/- (जी0एस0टी0 अतिरिक्त)
वैबसाइट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता- 24.09.2025 (10:00 बजे से)।
निविदा जमा करने की अंतिम तिथि- 14.10.2025 (16:00 बजे तक)।
अन्य जानकारी हेतु हमारी वैबसाइट देखें। निविदा प्रपत्र निगम की वैबसाइट "https://uktenders.gov.in" से डाउनलोड किये जा सकते है।

अधिशासी अभियन्ता (अनुरक्षण) खोदरी विद्युत गृह

"बिजली के दुरूपयोग से बचें"



**कार्यालय नगर पंचायत, स्वर्गाश्रम जौंक, जनपद पौड़ी गढ़वाल**
प्रथम तल, पंचायत भवन, लक्ष्मणझूला-पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड-249302
Email-conpjonk@gmail.com

संख्या- 437 /निविदा/ Legacy Waste/2025-26 दिनांकः 23 सितम्बर, 2025

**ई-पुनर्निविदा सूचना (E-Retendering)**

नगर पंचायत, स्वर्गाश्रम-जौंक, जनपद-पौड़ी गढ़वाल द्वारा "नगर पंचायत, स्वर्गाश्रम-जौंक के कूड़ा निस्तारण स्थल पर एकत्रित Legacy Waste के निस्तारण का कार्य" हेतु उत्तराखण्ड अधिप्राप्ति नियमावली, 2025 के प्रावधानों के अनुसार फर्म/कम्पनी/संस्था/ठेकेदार का चयन किये जाने हेतु निविदा सूचना संख्या-350 दिनांकः 20-08-2025 के द्वारा उत्तराखण्ड शासन के पोर्टल https://uktenders.gov.in के माध्यम से ई-निविदा आमंत्रित की गई थी। तकनीकि निविदा मूल्यॉकन किये जाने पर केवल 02 फर्मे ही तकनीकि रूप से अर्ह पाई गईं, इसलिए उक्त कार्य के सम्पादन हेतु पुनर्निविदा आमंत्रित की जानी है। इस हेतु उत्तराखण्ड शासन के पोर्टल https://uktenders.gov.in के माध्यम से ई-पुनर्निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित समस्त सूचना निम्नलिखित विवरण के अनुसार https://uktenders.gov.in पर उपलब्ध होंगी। निविदा से सम्बन्धित किसी भी परिवर्तन से सम्बन्धित सूचना भी https://uktenders.gov.in पर उपलब्ध होंगी। निविदा कार्यवाही की तिथियाँ एवं समय-सारिणी निम्नवत् है:-

| क्र०सं० | समय-सारणी | |
|---|---|---|
| 1. | निविदा ऑनलाईन प्रसारण की तिथि | दिनांकः 24-09-2025 को 11:00 बजे से |
| 2. | निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की तिथि | दिनांकः 24-09-2025 को 12:00 बजे से |
| 3. | निविदा ऑनलाईन जमा करने की प्रारम्भ एवं समाप्ति तिथि | दिनांकः 24-09-2025 को 13:00 बजे से दिनांकः 01-10-2025 को 14:00 बजे तक |
| 5. | निविदा दस्तावेज एवं निविदा शुल्क कार्यालय में दस्ती जमा करने की अन्तिम तिथि | दिनांकः 01-10-2025 को 16:00 बजे तक |
| 6. | तकनीकि निविदा खोलने की तिथि | दिनांकः 01-10-2025 को 14:30 बजे |
| 7. | वित्तीय निविदा खोलने की तिथि | TBC |
| 8. | निविदा प्रपत्र शुल्क | ₹5,900-00 (₹पाँच हजार नौ सौ मात्र) |

अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत, स्वर्गाश्रम-जौंक जनपद-पौड़ी गढ़वाल।

अध्यक्ष, नगर पंचायत, स्वर्गाश्रम जौंक जनपद-पौड़ी गढ़वाल।



**कार्यालय नगर पालिका परिषद लकसर, जनपद हरिद्वार**

पत्रांक- 555 / विज्ञापन / 2025-26 दिनांक:- 08/09/2025

**सार्वजनिक सूचना**

नगर पालिका परिषद लकसर सीमान्तर्गत समस्त जनता को सूचित किया जाता है कि समान नागरिक संहिता उत्तराखण्ड 2024 की धारा 48, 389, एवं 391 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए समान नागरिक संहिता नियमावली उत्तराखण्ड 2025 तैयार की गयी है, जो 27 जनवरी 2025 से उत्तराखण्ड प्रदेश में लागू है। समान नागरिक संहिता नियमावली उत्तराखण्ड 2025 के अन्तर्गत 26 मार्च 2010 के पश्चात हुए सभी विवाह पंजीकरण कराये जाने आवश्यक है। नगर पालिका परिषद लकसर द्वारा वर्तमान तक लगभग 1300 लोगों के विवाह पंजीकरण किये जा चुके है।

अतः आप से सादर अनुरोध है कि अधिक से अधिक मात्रा में आप सम्बन्धित जनसेवा केन्द्र अथवा स्वयं ऑन लाईन पोर्टल के माध्यम से विवाह पंजीकरण हेतु आवेदन कर विवाह पंजीकरण करायें। अधिक जानकारी कार्यालय अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद लकसर
जनपद हरिद्वार



**कार्यालय नगर निगम कण्वनगरी कोटद्वार (पौड़ी गढ़वाल)**

पत्रांकः- 3107/स्वा0अनु0/निविदा सूचना/जलौनी लकड़ी/2025-26 दिनांकः- 23/09/2025

**अल्पकालिन निविदा सूचना**

नगर निगम कण्वनगरी कोटद्वार द्वारा नगर क्षेत्र को प्लास्टिक मुक्त बनाये जाने के कम में दो प्रमुख स्थलों पर लगाये जाने हेतु 02 नग ऑटोमेटेड थैला वेन्डिंग मशीन की आवश्यकता है। अतः इच्छुक फर्म/व्यक्ति/संस्था से दिनांक 08.10.2025 को अपराह्न 02:00 बजे तकसील बन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। जो उसी तिथि को समय सांय 04:00 बजे निविदादाताओं के समक्ष निविदा समिति के द्वारा खोली जायेंगी। निविदा के साथ धरोहर राशि के रूप में रु0 15,000/- की एफ0डी0आर0/सी0डी0आर0/रा0व0पत्र जो कि लेखाधिकारी नगर निगम कोटद्वार के पक्ष में बन्धक होंगी। संलग्न करना आवश्यक होगा। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार नगर आयुक्त नगर निगम कण्वनगरी कोटद्वार के पास सुरक्षित होगा। निविदा के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी किसी भी कार्यदिवस में नगर निगम कार्यालय में आकर प्राप्त की जा सकती है।

सहायक नगर आयुक्त
नगर निगम कण्वनगरी कोटद्वार।



**कार्यालय नगर पालिका परिषद् नरेन्द्रनगर, टिहरी गढ़वाल**

पत्रांकः-640/निविदा/निर्माण/न0पा0प0न0नगर/2025-26/नरेन्द्रनगर, दिनांक 23 सितम्बर, 2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद् नरेन्द्रनगर के पंजीकृत ठेकेदारों से इस निकाय द्वारा वित्तीय वर्ष-2025-26 में पालिका निधि/राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त अनुदान से कराएं जाने वाले अति आवश्यक निर्माण कार्य के सम्पादन हेतु दिनॉक, 30 सितम्बर 2025 अपरॉहन 2:00 बजे तक सीलबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है,जो उसी दिन सांय 3:00 बजे उपस्थित निविदा दाताओं के समक्ष निविदा/निर्माण समिति के द्वारा पालिका कार्यालय में खोली जायेंगी। उपरोक्त निर्माण कार्य के निविदा प्रपत्र दिनॉक 29 सितम्बर 2025 को प्रातः 10:00 बजे से सांय 5:00 बजे तक नगद भुगतान पर पालिका कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। निविदा से सम्बन्धित अन्य नियम एवम् शर्तो की जानकारी किसी भी कार्य दिवस को पालिका कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। निविदाओं को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार प्रशासक महोदय/निविदा/निर्माण समिति को निहित होगा।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | कार्य की लागत | धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य+18 % GST | निविदा की बैधता | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1:- | वार्ड संख्या- 01 किनवानी के अन्तर्गत कुमार खेडा में श्री जीत सिंह के आवास के समीप नाले का निर्माण कार्य। | 20.68 लाख | 45000 | 2500.00 | 07 दिन | 3 माह |

**नोटः-** निमार्ण कार्यो से सम्वन्धित अन्य शर्ते किसी भी कार्य दिवस को पालिका कार्यालय में देखी जा सकती है।

(एलम सिंह रावत)
अधिशासी अधिकारी
नगरपालिका परिषद
नरेन्द्रनगर,टि0ग0।

# फाइनल के लिए जगह पक्की करने उतरेगा भारत




**भारत अब तक अजेय रहते हुए मोर की तरह आगे बढ़ रहा है जबकि बांग्लादेश कुछ आसान जीत के बाद जोश में है**

**दुबई, वार्ता।** प्रशंसकों, तैयार हो जाइए, क्योंकि कल रात भारत और बांग्लादेश के बीच मुकाबला है, और यह एक शानदार मैच है।

सुपर फोर का माहौल गरमा रहा है और हर तरफ़ चर्चा है। भारत अब तक अजेय रहते हुए मोर की तरह आगे बढ़ रहा है, जबकि बांग्लादेश कुछ आसान जीत के बाद जोश में है। लेकिन सीधे शब्दों में कहें तो, यह एकतरफा मुकाबला रहा है। 17 टी-20, 16 भारतीय जीतें, और बांग्लादेश के लिए सिर्फ एक जीत - 2019 में, जब बेन स्टोक्स अंपायरों से मिन्नतें कर रहे थे और टिकटॉक पर अभी तक कोई हलचल नहीं हुई थी। भारत? वे खुश हो रहे हैं। शीर्ष पर अभिषेक शर्मा ऐसे धमाल मचा रहे हैं जैसे उन्हें कोई ट्रेन पकड़नी हो पाकिस्तान के खिलाफ 39 गेंदों पर 74 रन? टूर्नामेंट की अब तक की सबसे बेहतरीन पारी। दूसरे छोर पर शुभमन गिल कमाल के हैं। ऐसे खेलते हैं जैसे उनके पास दुनिया का सारा समय हो। फिर कप्तान सूर्यकुमार यादव हैं, जो मजे के लिए रिवर्स स्कूपिंग करते हैं, और तिलक वर्मा चुपचाप गेंद को घुमाते हैं।

संजू सैमसन छिपकर खेलते हैं, हार्दिक पांड्या अपनी लय में आते हैं, शिवम दुबे स्विंग करते हैं। ये बल्लेबाजी की गहराई है जो कई दिनों तक टिकेगी। और गेंदबाजी, इसे मत भूलना। कुलदीप यादव गेंद को घुमाते हैं, वरुण चक्रवर्ती अपनी चालों से रहस्यमयी हैं, और जसप्रीत बुमराह, जिन्होंने अभी तक अपनी जगह नहीं बनाई है, लेकिन चिंता न करें-उनके पास तूफानी गेंदबाजी है। हार्दिक पांड्या और शिवम दुबे को सीम-अप के साथ जोड़ दें, तो आपके पास एक अच्छी टीम है। अब, बांग्लादेश यहां संख्या बढ़ाने के लिए नहीं है। वे मजबूत रहे हैं। सैफ हसन ने श्रीलंका के खिलाफ 61 रनों की शानदार पारी खेली है, तंजीद हसन शीर्ष क्रम में व्यस्त हैं, और लिटन दास उनके कप्तान हैं, जो हमेशा खेल में बने रहते हैं। तौहीद हृदोय लगातार रन बना रहे हैं, चार मैचों में 127 रन बना चुके हैं। वो भी पूरी फॉर्म में। और जैकर अली को नजरअंदाज मत कीजिए, जिन्हें आखिरी ओवरों में धमाकेदार पारी खेलना पसंद है। गेंदबाजी? मुस्तफिजुर रहमान, द फिज - धमाकेदार प्रदर्शन कर रहे हैं, सात विकेट ले चुके हैं, वो भी धीमी गेंदों से जो बल्लेबाजों को बेबस दिखाती हैं। तस्कीन अहमद अपनी लेंथ पर गेंदें मार रहे हैं, महेदी हसन की स्पिन गेंदें नियंत्रण में हैं, और अगर पिच पकड़ती है, तो खेल शुरू हो सकता है। पिच की बात करें तो दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम एक अजीबोगरीब पुरानी जगह है। शुरुआत में तेज गेंदबाजों के लिए थोड़ी मूवमेंट होती है, फिर धीरे-धीरे सपाट हो जाती है। बीच के ओवरों में स्पिनरों को थोड़ी मदद मिलती है, लेकिन सबसे बड़ी बात यह है, शाम को ओस पड़ने से लक्ष्य का पीछा करने वालों के लिए काम आसान हो जाता है। यहां सात में से पांच मैच बाद में बल्लेबाज़ी करने वाली टीम ने जीते हैं। तो, टॉस जीतो, डटे रहो, और जीत का पीछा करो। आसान है। मौसम? गर्मी, चिपचिपाहट, बारिश नहीं। खूब पसीना आ रहा है, इसलिए तौलिया साथ ले आओ। तो फैसला क्या है? भारत प्रबल दावेदार है - अजेय, आत्मविश्वास से भरपूर, बल्लेबाजी और गेंदबाजी में दबदबा।

# दिनेश कार्तिक हांगकांग सिक्सेस-2025 के लिए बने टीम इंडिया के कप्तान

**● कार्तिक का कप्तान के रूप में शामिल होना प्रशंसकों को प्रेरित करेगा**

**हांगकांग, वार्ता।** क्रिकेट हांगकांग ने मंगलवार को घोषणा की कि अनुभवी भारतीय क्रिकेटर दिनेश कार्तिक आगामी प्रतिष्ठित हांगकांग सिक्सेस 2025 में टीम इंडिया की कप्तानी करेंगे, जो 7 नवंबर से आयोजित किया जाएगा। अपने विशाल अंतर्राष्ट्रीय अनुभव, कुशल नेतृत्व कौशल और विस्फोटक बल्लेबाजी के लिए माने जाने वाले, कार्तिक का कप्तान के रूप में शामिल होना प्रशंसकों को प्रेरित करेगा और टूर्नामेंट की प्रतिस्पर्धी भावना को बढ़ाएगा। इस अवसर पर, क्रिकेट हांगकांग के अध्यक्ष बुर्जी श्रॉफ ने कहा कि हमें हांगकांग सिक्सेस 2025 के लिए टीम इंडिया के कप्तान के रूप में दिनेश कार्तिक का स्वागत करते हुए बेहद खुशी हो रही है। उनका नेतृत्व और अनुभव इस प्रतियोगिता में अपार मूल्य जोड़ेंगे, और हमें विश्वास है कि उनकी उपस्थिति दुनिया भर के प्रशंसकों को इस शानदार क्रिकेट उत्सव का गवाह बनने के लिए आकर्षित करेगी। कप्तान के रूप में अपनी नियुक्ति पर, हांगकांग सिक्सेस के लिए टीम इंडिया के कप्तान दिनेश कार्तिक ने कहा कि हांगकांग सिक्सेस में टीम इंडिया का नेतृत्व करना मेरे लिए बेहद सम्मान की बात है, यह एक ऐसा टूर्नामेंट है जिसका इतिहास इतना समृद्ध और वैश्विक स्तर पर जाना जाता है। मैं ऐसे खिलाड़ियों के समूह का नेतृत्व करने के लिए उत्सुक हूं जिनके नाम अविश्वसनीय रिकॉर्ड हैं।

**खेल विशेष**

## धीमी ओवर गति के लिए भारतीय महिला टीम पर जुर्माना

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम पर नई दिल्ली में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे और निर्णायक महिला वनडे में धीमी ओवर गति के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने अपने बयान में कहा कि नई दिल्ली में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे और निर्णायक महिला वनडे में धीमी ओवर गति के लिए भारत पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। ऑस्ट्रेलिया ने भारत को रिकॉर्ड 43 रनों से हराया, जिसमें बेथ मूनी और स्मृति मंधाना के शानदार शतक शामिल थे। समय की छूट के बावजूद भारत निर्धारित ओवर गति से कम रहा। आईसीसी ने कहा कि इसके बाद एमिरेट्स आईसीसी इंटरनेशनल पैनल ऑफ मैच रेफरी की जीएस लक्ष्मी ने यह जुर्माना लगाया। आईसीसी ने ओवर गति से जुड़े अपराधों को नियंत्रित करने वाले नियमों की रूपरेखा तैयार की। बयान में कहा गया है, षखिलाड़ियों और खिलाड़ी सहयोगी स्टाफ के लिए आईसीसी आचार संहिता की धारा 2-22 के अनुसार, जो न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित है, अगर कोई खिलाड़ी निर्धारित समय में गेंदबाजी नहीं करता है, तो उस पर प्रत्येक ओवर के लिए मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने ज़िम्मेदारी स्वीकार की। आईसीसी ने आगे कहा कि भारतीय कप्तान ने अपराध स्वीकार कर लिया है और जुर्माना स्वीकार कर लिया है, इसलिए औपचारिक सुनवाई की कोई जरूरत नहीं पड़ी। आगामी आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप, जिसकी मेज़बानी भारत और श्रीलंका कर रहे हैं, से पहले यह दोनों टीमों का आखिरी मैच था।

## भारत के खिलाफ मैच से पहले लिटन दास के चोटिल होने की आशंका



**● लिटन को नेट्स में स्क्वायर कट लगाने की कोशिश करते समय कमर बैचेनी महसूस हुई**

**दुबई, वार्ता।** बांग्लादेश के कप्तान लिटन दास को भारत के खिलाफ सुपर 4 मुकाबले से पहले चोट लगने की आशंका है, क्योंकि 22 सितम्बर को आईसीसी अकादमी ग्राउंड में प्रशिक्षण के दौरान उनकी पीठ में खिंचाव आ गया। लिटन को नेट्स में स्क्वायर कट लगाने की कोशिश करते समय कमर के बाईं ओर बेचैनी महसूस हुई और टीम के फिजियो बायज़िद उल इस्लाम द्वारा जांच के बाद उन्होंने सत्र से नाम वापस ले लिया।

बीसीबी के एक अधिकारी ने मंगलवार को क्रिकबज को बताया कि हम आज उनकी (लिटन) जांच करेंगे क्योंकि बाहर से वह बिल्कुल ठीक लग रहे हैं, लेकिन अंतिम निर्णय लेने से पहले हमें उनका मेडिकल मूल्यांकन करना होगा। हालांकि लिटन इस घटना के बाद ज्यादा असहज नहीं दिखे, लेकिन उनकी अनुपस्थिति बांग्लादेश के लिए एक बड़ा झटका साबित होगी। यह भी स्पष्ट नहीं है कि उनकी अनुपस्थिति में टीम की कप्तानी कौन करेगा, क्योंकि बीसीबी ने टूर्नामेंट के लिए किसी उप-कप्तान की घोषणा नहीं की है।

## एएफसी फुटसल एशियन कप में भारत को ऑस्ट्रेलिया के हाथों मिली हार

**कुवैत, वार्ता।** भारत को एएफसी फुटसल एशियन कप 2026 क्वालीफायर के अपने दूसरे ग्रुप ए मुकाबले में कुवैत अल-मुतैरी हॉल में ऑस्ट्रेलिया के हाथों 1-10 से हार का सामना करना पड़ा। भारत सोमवार को पहले हाफ के अंत में 1-6 से पीछे था। फुटसल टाइगर्स की शुरुआत विश्व रैंकिंग में 53वें स्थान पर काबिज ऑस्ट्रेलिया की तुलना में धीमी रही, जिसने किक-ऑफ के पांच मिनट के भीतर ही अपना दबदबा बना लिया। हालांकि इस नतीजे ने भारत को मुश्किल में डाल दिया है, लेकिन वे अभी भी दौड़ से बाहर नहीं हुए हैं। रात कुवैत व मंगोलिया के बीच होने वाले मैच में फुटसल का भाग्य अधर में लटका हुआ है।

# विंडीज टेस्ट सीरीज से ऋषभ पंत बाहर



**● सीरीज 2 अक्टूबर से अहमदाबाद में शुरू होगी, ध्रुव होंगे टीम के मुख्य विकेटकीपर चयनकर्ताओं की बैठक कल**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत आगामी दो मैचों की घरेलू टेस्ट सीरीज में वेस्टइंडीज के खिलाफ नहीं खेल पाएंगे। यह सीरीज 2 अक्टूबर से अहमदाबाद में शुरू होगी। भारतीय चयनकर्ताओं की बैठक 24 सितंबर को होने वाली है, जिसमें अजित अगरकर की अगुआई वाली समिति इस सीरीज के लिए 15 सदस्यीय टीम का चयन करेगी। इस टीम में पिछले साल न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले गए घरेलू टेस्ट मुकाबलों की तुलना में दो खिलाड़ी कम होंगे। पंत एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के दौरान चोटिल हो गए थे ऋषभ पंत इस साल की शुरुआत में इंग्लैंड में खेली गई एंडरसन-तेंदुलकर ट्राफी के दौरान चोटिल हो गए थे। मैनचेस्टर में हुए चौथे टेस्ट में उनके बाएं पैर में फैक्चर हो गया था। हालांकि, उन्होंने पहली पारी में बल्लेबाजी की, लेकिन आखिरी टेस्ट से पहले उन्हें एन जगदीशन से रिप्लेस कर दिया गया। वर्तमान में पंत बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सिलेंस में रिहैब कर रहे हैं। वह कंडीशनिंग पर काम कर रहे हैं और मेडिकल टीम की अगली रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं। अभी उनके क्रिकेट में वापसी की कोई निश्चित तारीख तय नहीं की गई है। वेस्टइंडीज सीरीज के बाद भारत को 19 अक्टूबर से आस्ट्रेलिया में सीमित ओवरों की सीरीज खेलनी है। मैनचेस्टर टेस्ट के दूसरे दिन ऋषभ पंत लंगड़ाते हुए बैटिंग करने उतरे थे। उन्होंने मैच में फिफ्टी लगाई थी। ध्रुव जुरेल संभालेंगे विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी पंत की गैरमौजूदगी में ध्रुव जुरेल वेस्टइंडीज सीरीज में भारत के मुख्य विकेटकीपर होंगे। जुरेल ने इंग्लैंड के खिलाफ एंडरसन-तेंदुलकर ट्राफी के आखिरी दो टेस्ट में विकेटकीपिंग की थी। वह इस समय लखनऊ में आस्ट्रेलिया के खिलाफ खेल रहे हैं। एन जगदीशन, जिन्होंने आस्ट्रेलिया ए के खिलाफ ओपनिंग करने के साथ जुरेल के साथ कीपिंग की जिम्मेदारी भी साझा की थी, बैकअप विकेटकीपर के रूप में टीम में जगह पा सकते हैं। नितीश कुमार और देवदत्त पडिक्कल को मौका मिल सकता है इस सीरीज के लिए आंध्र प्रदेश के नितीश कुमार रेड्डी और कर्नाटक के देवदत्त पडिक्कल को भी टीम में शामिल किया जा सकता है। देवदत्त पडिक्कलरू ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 150 रन की पारी के बाद चर्चा में हैं। उन्होंने पिछले साल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पर्थ टेस्ट में नंबर 3 पर बल्लेबाजी की थी।

# छह साल बाद कैब अध्यक्ष बने गांगुली

**● बोले: ईडन गार्डन्स की क्षमता 1 लाख तक बढ़ाने का लक्ष्य**

**कोलकाता, वार्ता।** सौरव गांगुली 6 साल बाद क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बंगाल (कैब) के अध्यक्ष बन गए हैं। कोलकाता में हुई 94वीं वार्षिक बैठक में उन्हें निर्विरोध चुना गया। अपने कार्यकाल में गांगुली ने ईडन गार्डन्स स्टेडियम की दर्शक क्षमता 1 लाख तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है।

अभी यह 68 हजार है। इसके लिए आगामी टी-20 वर्ल्ड कप के बाद काम शुरू होगा। गांगुली के मुताबिक उनकी कोशिश रहेगी कि इस मेगा इवेंट में कोलकाता को बड़े मैचों की मेजबानी भी मिले। गांगुली इससे पहले 2015 से 2019 के बीच भी संघ के अध्यक्ष रहे हैं। 2019 से 2022 तक बीसीसीआई के अध्यक्ष रहे इससे पहले भी गांगुली 2015 से 2019 तक कैब अध्यक्ष रह चुके हैं। इसके बाद वह 2019 से 2022 तक बीसीसीआई अध्यक्ष रहे। तब से वे टी-20 फ्रेंचाइजी सर्किट में कई टीमों के साथ जुड़े रहे हैं। वे 2021 में आईसीसी मेंस क्रिकेट कमेटी के अध्यक्ष बने थे। उन्हें अनिल कुंबले की जगह इस पद पर नियुक्त किया गया था। गांगुली कोच चुनने वाली समिति का भी



हिस्सा थे। 2017 में रवि शास्त्री को मुख्य कोच चुनने वाली क्रिकेट सलाहकार समिति में गांगुली सदस्य थे, जिसमें सचिन तेंदुलकर और वीवीएस लक्ष्मण भी शामिल थे। हाल ही में गांगुली टी-20 के चौथे सीजन के लिए प्रिटोरिया कैपिटल्स के हेड कोच बने हैं। वह पिछले सप्ताह टी-20 की नीलामी में भी मौजूद थे। यह किसी टी-20 फ्रेंचाइजी टीम के हेड कोच के रूप में उनका पहला कार्यकाल है। वह आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स के मेंटर भी रह चुके हैं। गांगुली ने 1992 में वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे डेब्यू किया और 1996 में इंग्लैंड के लाड्र्स मैदान पर टेस्ट डेब्यू करते हुए 131 रन की शानदार पारी खेली। गांगुली ने अपने इंटरनेशनल करियर में 113 टेस्ट मैचों में 7,212 रन और 311 वनडे में 11,363 रन बनाए। उन्होंने टेस्ट में 16 और वनडे में 22 शतक जड़े। उनका वनडे में बेस्ट स्कोर 183 रन रहा, जो उन्होंने 1999 वर्ल्ड कप में श्रीलंका के खिलाफ बनाया था।

## ● ग्रेस हैरिस महिला विश्व कप से बाहर, हीथर लेंगी जगह

**नई दिल्ली, वार्ता।** ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ग्रेस हैरिस का वनडे विश्व कप में खेलने का इंतजार जारी है क्योंकि पिंडली में खिंचाव के कारण वह भारत और श्रीलंका में होने वाले आगामी 50 ओवर के टूर्नामेंट से बाहर हो गई हैं। हैरिस को शनिवार को भारत के खिलाफ तीसरे वनडे में चोट लगी थी, जो संयोग से मार्च 2024 के बाद से इस प्रारूप में वापसी का उनका पहला मैच था। हैरिस अब 9 नवंबर से शुरू होने वाली महिला बिग बैश लीग से पहले स्वास्थ्य लाभ और पुनर्वास के लिए स्वदेश लौट जाएंगी। ऑस्ट्रेलिया ने हैरिस की जगह हीथर ग्राहम को नियुक्त किया है।

# काउंटी सीजन के अंतिम चैंपियनशिप मैच के लिए सरे से जुड़े राहुल चाहर



**● चाहर नियमित रूप से राजस्थान के लिए रणजी ट्रॉफी में खेलते रहे है और हैदराबाद के लिए एक प्रभावशाली विकल्प है**

**लंदन, वार्ता।** भारतीय स्पिनर राहुल चाहर इस हफ्ते यूटिलिटा बाउल में हैम्पशायर के खिलाफ होने वाले सीजन के आखिरी मैच के लिए सरे से जुड़ गए हैं, जहां क्लब लगातार चौथी बार काउंटी चैंपियनशिप खिताब जीतने की कोशिश करेगा। 26 वर्षीय चाहर को ईसीबी के नियमों के अनुसार, सितम्बर की शुरुआत में सरे के लिए खेलने के लिए पंजीकृत किया गया था, लेकिन उन्हें वार्विकशायर और नॉटिंघमशायर के खिलाफ क्लब के घरेलू मैचों में खेलने की जरूरत नहीं थी। नॉटिंघमशायर के खिलाफ मैच में सरी को 20 रनों से हार मिली जिसका मतलब था कि खिताबी दौड़ का नियंत्रण नॉटिघमशायर के हाथ में चला गया।

चाहर नियमित रूप से राजस्थान के लिए रणजी ट्रॉफ़ी में खेलते रहे हैं और इस सीज़न के आईपीएल में भी सनराइज़र्स हैदराबाद के लिए एक प्रभावशाली विकल्प के रूप में एक बार नजर आए। कुल मिलाकर, उन्होंने 24 प्रथम श्रेणी मैचों में 26-12 की औसत से 87 विकेट लिए हैं, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 148 रन देकर 9 विकेट रहा है। उन्होंने 2019 और 2021 के बीच भारत के लिए एक वनडे और छह टी-20 मैच भी खेले, लगभग उसी समय जब उन्होंने 2019 और 2020 में मुंबई इंडियंस के दोहरे आईपीएल खिताब जीतने में अहम भूमिका निभाई थी। चाहर ने कहा कि मैं इस हफ्ते के मैच के लिए सरे से जुड़ने को लेकर उत्साहित हूं। मैं यहां प्रभाव डालने और सीजन के आखिरी मैच में टीम की मदद करने आ रहा हूं। उन्हें सरे के दोनों मौजूदा स्पिन गेंदबाजों , विल जैक्स और कैम स्टील के चोटिल होने के बाद टीम में शामिल किया गया है। क्लब के हाई-परफ़ॉर्मेंस सलाहकार, एलेक स्टीवर्ट ने कहा कि राहुल को टीम में शामिल करने से हमें यूटिलिटा बाउल में एक और स्पिन गेंदबाजी विकल्प मिल गया है।हमें हमेशा से पता था कि सीज़न के आखिरी दौर में हमारे खिलाड़ी नहीं खेल पाएंगे और हमने संभावित मैदानों और जिस प्रतिद्वंद्वी टीम से हम खेल रहे हैं, उसे देखते हुए उसी के अनुसार योजना बनाने की कोशिश की। हमने पहले साई किशोर को सीजन के आखरिरी चरणों में वापसी के लिए चुना था, लेकिन दुर्भाग्य से उनकी उंगली में चोट लग गई जिसके कारण ऑपरेशन हुआ और वे उपलब्ध नहीं हो पाए।

# ओस्मान डेम्बेले और ऐताना बोनमाटी बने 2025 बैलन डी ओर विजेता

**● डेम्बेले ने ट्रिपल विजेता पीएसजी के लिए सभी प्रतियोगिताओं में 53 में से 35 गोल किए**

**पेरिस, वार्ता।** पेरिस सेंट-जर्मन के ओस्मान डेम्बेले और बार्सिलोना की मिडफील्डर ऐताना बोनमाटी ने पेरिस के थिएटर डू चैटलेट में 2025 बैलन डी'ओर पुरस्कार जीते। पिछले सीजन में पीएसजी के पहले यूईएफए चैंपियंस लीग खिताब में महत्वपूर्ण योगदान देने के बाद, 28 वर्षीय डेम्बेले ने कल पहली बार पुरुषों का बैलन डी' ओर पुरस्कार प्राप्त किया। उन्होंने ट्रिपल विजेता पीएसजी के लिए सभी प्रतियोगिताओं में 53 मैचों में 35 गोल किए, जिसने लीग 1 और कूप डी फ्रांस भी जीता। उन्होंने प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त करते हुए कहा कि आप सभी का धन्यवाद। मेरे साथ जो कुछ हुआ वह अविश्वसनीय है। मैं नि:शब्द हूं। पीएसजी के साथ यह एक अद्भुत सीजन रहा है। मैंने अविश्वसनीय चीजों का अनुभव किया है, और मैं थोड़ा नर्वस हूं, यह आसान नहीं है। 27 वर्षीय बोनमाटी ने लगातार तीसरे वर्ष महिला बैलन डी' ओर जीता और मिशेल प्लाटिनी (1983-85) और लियोनेल मेसी (2009-12) के बाद इतिहास में तीन बार यह पुरस्कार जीतने वाली केवल तीसरी खिलाड़ी बन गईं। उन्होंने बार्सिलोना के लीग और चैंपियंस लीग अभियानों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, गोल और असिस्ट के मामले में अपनी टीम का नेतृत्व किया। वह स्पेन की साथी मैरियोना काल्डेंटे और इंग्लैंड की फॉरवर्ड लॉरेन जेम्स से आगे रहीं। उन्होंने दर्शकों को संबोधित करते हुए कहा कि यह मेरा लगातार तीसरा वर्ष है, और मुझे समझ नहीं आ रहा कि क्या कहूं। यह अविश्वसनीय है। मुझे यह पुरस्कार देने के लिए फ्रांस फुटबॉल का धन्यवाद, जो आसानी से आप में से किसी को भी मिल सकता था। अगर मैं इसे साझा कर सकती, तो करती। समारोह के दौरान प्रदान किए गए अन्य पुरस्कारों में सर्वश्रेष्ठ अंडर-21 खिलाड़ियों के लिए कोपा ट्रॉफी शामिल थी, जिसे लामिन यामल और विकी लोपेज ने जीता। सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर के लिए याशिन ट्रॉफी इतालवी गोलकीपर जियानलुइगी डोनारुम्मा और चेल्सी की हन्ना हैम्पटन को प्रदान की गई। क्लब और देश भर में सर्वश्रेष्ठ स्कोरर के लिए गर्ड मुलर ट्रॉफी स्वीडन के स्ट्राइकर विक्टर ग्योकेरेस और बार्सिलोना की फॉरवर्ड इवा को महिला वर्ग में प्रदान की गई।

# बीबीएल में खेलते दिख सकते हैं आर अश्विन




**● भारत का कोई भी अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी अब तक बीबीएल में नहीं खेला है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** पूर्व भारतीय स्पिनर आर अश्विन, बिग बैश लीग (बीबीएल) में खेलने वाले पहले पुरूष भारतीय कैप्ड खिलाड़ी बन सकते हैं। बीबीएल के चार क्लब आगामी सत्र के आखरिरी चरणों के लिए उनकी सेवाएं लेना चाहते हैं। इन टीमों के नाम सिडनी थंडर, सिडनी सिक्सर्स, ऐडिलेड स्ट्राइकर्स और होबार्ट हरिकेंस हैं, जिसमें थंडर और हरिकेंस दौड़ में सबसे आगे हैं।

इस सप्ताह के अंत तक यह डील फाइनल हो सकता है। भारत का कोई भी अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी अब तक बीबीएल में नहीं खेला है। बीसीसीआई केवल संन्यास ले चुके खिलाड़ियों को ही विदेशों की टी-20 लीग्स में खेलने की अनुमति देता है। इस साल के शुरू में दिनेश कार्तिक ने एसए20 में पार्ल रॉयल्स के लिए खेला था। इससे पहले 2023 में अंबाती रायुडू सीपीएल में सेंट किट्स एंड नेविस पैट्रिएट्स के लिए और फिर जनवरी 2024 में एमआई एमिरेट्स के लिए आईएलटी-20 में खेल चुके हैं। इसी सीजन में रॉबिन उथप्पा और युसूफ़ पठान दुबई कैपिटल्स का हिस्सा थे। वहीं दो साल पहले अबु धाबी टी10 में सुरेश रैना, डेक्कन ग्लैडिएटर्स का हिस्सा थे। अश्विन पहले ही यूएई में होने वाली आईएलटी-20 नीलामी का हिस्सा हैं, जो अगले मंगलवार को होगी। अगर वह खरीदे गए तो वह पूरा आईएलटी-20 खेलेंगे, जो 2 दिसंबर से 4 जनवरी तक चलेगा। बीबीएल 14 दिसंबर से शुरू होगा और फाइनल 20 जनवरी से 25 जनवरी के बीच हो सकता है। इसका मतलब है कि अश्विन किसी एक टीम के लिए सत्र के अंत में तीन-चार मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे और अगर वह टीम क्वालिफ़ाई करती है, तो फाइनल में भी खेल सकते हैं। ईएसपीएन क्रिकइंफो को पता चला है कि उनकी डील में 2026-27 का बीबीएल भी शामिल होगा। बीबीएल क्लब अपने एकदाश में केवल तीन विदेशी खिलाड़ियों को ही खिला सकते हैं। लीग के प्री-सीजन नियमों और जून के ओवरसीज ड्राफ्ट के जरिए हर क्लब पहले ही तीन विजेशी खिलाड़ियों को लॉक कर चुका है। इसके बाद सभी क्लब अतिरिक्त चार विदेशी रिप्लेसमेंट खिलाड़ियों को साइन कर सकते हैं। यानी उनके दल में कुल सात विदेशी खिलाड़ी शामिल हो सकते हैं, लेकिन एक समय में केवल तीन ही खेल सकते हैं। लीग के आखरिरी हिस्से में अगर किसी टीम ने किसी अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी को एसए20 के लिए रिलीज किया तो अश्विन एकादश में उनकी जगह ले सकते हैं। लीग के नियमों के अनुसार रिप्लेसमेंट विदेशी खिलाड़ियों को भी ड्राफ्ट के लिए नामांकन करना होता है, जिसे अश्विन ने तब नहीं किया था क्योंकि उस समय उन्होंने आईपीएल से संन्यास नहीं लिया था। मगर ऐसी परिस्थितियों के लिए एक छूट यह है कि यदि किसी विदेशी खिलाड़ी के लिए परिस्थिति बदल गई हो, तो उसे बीबीएल में खेलने की अनुमति दी जा सकती है। जो क्लब अश्विन को साइन करेगा, उसे अभी ही उनका वेतन, अपने ओवरऑल पर्स के भीतर फ़िट करना होगा। अधिकांश टीमों के पर्स पहले ही आवंटित हो चुके हैं। लेकिन संभव है कि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के साथ एक अतिरिक्त मार्केटिंग एग्रीमेंट होगा, जो उस टीम के सैलरी कैप में नहीं गिना जाएगा, जो भी टीम अश्विन को लेगी। टीमें एक विशिष्ट वर्ष में लीग की तकनीकी समिति की मंजूरी के साथ कैप से 5प्रतिशत अधिक भी जा सकती हैं।

### UKSSSC परीक्षा फर्जीवाड़ा में मुख्य आरोपी के घर छापेमारी

# बहन गिरफ्तार, खालिद अभी भी फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** (UKSSSC) परीक्षा फर्जीवाड़े में एसटीएफ लगातार मुख्य आरोपी की तलाश में जहां दबिश दे रही है तो आज उसके घर लक्सर कोतवाली के सुल्तानपुर में भी दबिश दी गयी। मुख्य आरोपी खालिद तो हाथ नहीं लगा लेकिन अब पूछताछ के बाद एसटीएफ की टीम ने खालिद की बहन साबिया को गिरफ्तार कर लिया है। एसटीएफ एसएसपी नवनीत सिंह भुल्लर का कहना है कि जल्द ही इस फर्जीवाड़े का खुलासा कर दिया जायेगा ओर मुख्य आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया जायेगी।

उत्तराखंड सबोर्डिनेट सर्विस सिलेक्शन कमीशन (UKSSSC) की परीक्षा में हुए पेपर लीक मामले के मुख्य आरोपी खालिद को गिरफ्तार करने के लिए हरिद्वार पुलिस, राजस्व विभाग, बिजली विभाग और नगर पंचायत की एक संयुक्त टीम ने उसके घर पर छापेमारी की। खालिद पर आरोप है कि उसने परीक्षा में अनुचित साधनों का इस्तेमाल किया। यह मामला 21 सितंबर 2025 को हरिद्वार के बहादुरपुर जट स्थित आदर्श बाल सदन परीक्षा केंद्र से सामने आया था।



खालिद, जो कि लक्सर के सुल्तानपुर का रहने वाला है, इस मामले का मुख्य आरोपी है। उसके खिलाफ देहरादून की रायपुर कोतवाली में मुकदमा संख्या 301/25, भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम निवारण के उपाय अधिनियम की धारा 11(1)(2) और 12(2) के तहत मामला दर्ज है। छापेमारी के दौरान, अन्य विभागों ने आरोपी और उसके परिवार के सदस्यों से संबंधित दस्तावेजों की भी जांच की। जांच में पता

**❖एसटीएफ की टीम खालिद को पकड़ने को लगातार मार रही दबिश, अभी नहीं लगा सुराग**

चला कि आरोपी के घर पर अवैध रूप से बिजली का उपयोग किया जा रहा था। इस पर, आरोपी के पिता के खिलाफ भी विद्युत अधिनियम की धारा 135 के तहत मामला दर्ज किया गया है।पुलिस का कहना है कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है और जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# जांच टीम के सामने ग्रामीणों ने राशन डीलर पर लगाए धांधली के आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** टिक्कमपुर गांव के डीलर पर लगे राशन वितरण में धांधली करने के आरोपों की जांच हुई। कार्डधारकों की शिकायत पर टीम ने टिक्कमपुर गांव में पहुंचकर मामले की जांच की। अधिकारी के सामने ग्रामीणों ने राशन डीलर पर धांधली करने का आरोप लगाते हुए राशन की दुकान निरस्त करने की मांग की।

जानकारी के अनुसार खाद्य आपूर्ति अधिकारी रवि सनवाल और आपूर्ति निरीक्षक मुकुल शर्मा टिक्कमपुर गांव पहुंचे। इस दौरान टीम ने राशन डीलर शिकायतकर्ता और अन्य ग्रामीणों को मौके पर बुलाकर मामले की जांच की। मौके पर पहुंचे ग्रामीण मोनू, रूपचंद, भागीरथ, राकेश, अजमेर, हरमीत, गुरप्रीत, शुभम, गीता आदि कई लोगों ने जांच अधिकारी को बताया कि गांव का राशन डीलर राशन वितरण करने में काफी समय से धांधली करता आ रहा है। उन्होंने बताया कि राशन डीलर समय पर राशन नहीं देता है। इसके साथ-साथ जो भी राशन देता है उसमें एक किलो राशन काम दे रहा है। उपभोक्ताओं ने बताया कि राशन कम देने का विरोध करने पर राशन डीलर मनमानी करता हुआ कहता है कि राशन लेना है ले जाओ नहीं तो यह भी नहीं मिलेगा। ग्रामीणों का आरोप है कि राशन डीलर एक यूनिट काम करके राशन देता है। किसी को 5 यूनिट है तो चार यूनिट के हिसाब से ही राशन देता है। ग्रामीणों ने बताया कि राशन वितरण में धांधली के कारण 2024 में भी एक बार राशन डीलर की राशन की दुकान सील कर दी गई थी। ग्रामीणों ने राशन की दुकान निरस्त कर अन्य किसी ग्रामीण को दिए जाने की मांग की है। वहीं राशन डीलर जगत सिंह का कहना है कि ग्रामीणों की ओर से लगाए गए आरोप निराधार हैं। राशन नियम के अनुसार वितरित किया जा रहा है। खाद्य आपूर्ति निरीक्षक रवि सनवाल ने बताया कि राशन डीलर और शिकायतकर्ताओं के साथ-साथ अन्य ग्रामीणों से भी जानकारी की गई है। इसकी रिपोर्ट तैयार कर उच्चाधिकारी को प्रेषित की जा रही है।

### दीपावली से पहले खाद्य सुरक्षा विभाग की बड़ी कार्रवाई

# खंजरपुर डेयरी पर छापा, दो कुंतल मिलावटी पनीर किया बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** नगर निगम क्षेत्र के वार्ड.4 में स्थित डेयरी से बड़ी मात्रा में मिलावटी पनीर पकड़ा गया है। जबकि मिल्क पाउडर, रिफाइंड के कनस्तर और प्रतिबंधित इंजेक्शन भी टीम ने बरामद किए हैं। संयुक्त टीम की कार्रवाई से डेयरी संचालकों में हड़कंप की दिनभर स्थिति रही। डेयरी से बरामद सामान को जेसीबी की मदद से नष्ट करा दिया गया है।

खाद्य संरक्षा वरिष्ठ अधिकारी योगेंद्र पांडे के मुताबिक त्योहारी सीजन पर मिलावटखोर सक्रिय हो गए हैं। मुनाफे के चक्कर में खाद्य पदार्थों में मिलावट की जा रही है। जनहानि को ताक पर रखकर खाद्य पदार्थों में जमकर मिलावट की जा रही है। जिनमें दूध, देसी घी, पनीर, मिठाई व अन्य पैकिंग के सामान शामिल है। उन्हें शिकायत मिली थी कि खंजरपुर में कब्रिस्तान से आगे एक डेयरी है। जहां पर मिलावटी पनीर बनाया जा रहा है। जिसके बाद तहसील प्रशासन और पुलिस के साथ मिलकर खाद्य विभाग की टीम ने मंगलवार सुबह छह बजे डेयरी पर छापा मारा। छापे में डेयरी परिसर की जांच हुई। चैकिंग में दो कुंतल पनीर ड्रम में रखा मिला। जबकि छत पर 25-30



रिफाइंड तेल के कनस्तर, मिल्क पाउडर और संदिग्ध खाद्य पदार्थ बरामद हुए। जिसके बाद खाद्य विभाग ने संदिग्ध खाद्य पदार्थों को कब्जे में लेकर जेसीबी की मदद से नष्ट करा दिया। टीम में तहसील प्रशासन से पंकज राजपूत विकास अवस्थी और पशु चिकित्सा एसपी सिंह, रुड़की कोतवाली से उप निरीक्षक एएस पंवार आदि मौजूद रहे।

## एसोसिएशन ने अक्टूबर में भी विद्यालय समय ग्रीष्मकालीन करने को पत्र लिखा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** उत्तरांचल स्टेट प्राइमरी टीचर्स एसोसिएशन हरिद्वार ने मुख्य शिक्षा अधिकारी हरिद्वार को अक्टूबर माह में भी विद्यालय समय ग्रीष्मकालीन करने हेतु पत्र लिखा है। गौरवतल है कि शैक्षिक कैलेंडर के अनुसार । अक्टूबर से विद्यालय समय बदलकर शीतकालीन समय हो जाता है लेकिन जनपद हरिद्वार की भौगोलिक स्थिति को देखते हुए प्रतिवर्ष संगठन की मांग पर छात्र हित को ध्यान में रखते हुए उसे ग्रीष्मकालीन ही रखा जाता है । उत्तरांचल स्टेट प्राइमरी टीचर्स एसोसिएशन के जिला मंत्री जितेंद्र कुमार चौधरी द्वारा मुख्य शिक्षा अधिकारी हरिद्वार को पत्र भेजकर छात्र हित एवं भीषण गर्मी को देखते हुए अक्टूबर माह का विद्यालय संचालन ग्रीष्मकालीन करने हेतु अनुरोध किया है।

## नगर पालिका क्षेत्र की सड़कों से हटाया जाएगा अतिक्रमण : एसडीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** नगर पालिका परिषद की सभी सड़कों से अतिक्रमण हटाने के लिए एसडीएम के द्वारा नगर पालिका परिषद के अधिकारियों को आदेश दिए हैं।

अधिशासी अधिकारी गुरप्रीत सिंह ने बताया एसडीएम लक्सर के आदेश अनुसार लक्सर नगर पालिका क्षेत्र हरिद्वार रोड एवं गोवर्धनपुर रोड ओवर ब्रिज के नीचे दोनों और मेंन बाजार सभी दुकानदारों को बजरिये मनादी से सूचित कर रहे हैं कि सार्वजनिक स्थानों पर किए गए अस्थाई एवं स्थाई अतिक्रमण को तत्काल समय रहते हटा ले अन्यथा प्रशासन द्वारा हटाया जाएगा जिस पर होने वाला व्यय संबंधित अतिक्रमण करता से वसूल किया जाएगा

# कलियर पुलिस ने दबोचे दो नशा तस्कर दस लाख की अवैध शराब बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 10 लाख रुपये की अवैध शराब की भारी खेप पकड़ी है। पुलिस ने मौके से 222 पेटी (करीब 10,000 पैकट टेट्रा पैक) देशी मसालेदार शराब और एक महिंद्रा पिकअप को कब्जे में लिया है। साथ ही दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

पिरान कलियर थाना प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि इमलीखेड़ा चौकी प्रभारी उमेश कुमार सोमवार को पुलिसकर्मियों के साथ चैकिंग कर रहे थे। इस दौरान मुखबिर की सूचना पर इमलीखेड़ा स्थित देशी शराब के ठेके पर छापेमारी की गई।मौके से पिकअप वाहन में भरी हुई शराब बरामद हुई। पूछताछ में चालक ने अपना नाम शाहनवाज उर्फ शानू निवासी पाडली गुज्जर थाना गंगनहर बताया। जबकि ठेके पर मौजूद सेल्समैन ने अपना नाम रजत निवासी मोहम्मदपुर, लक्सर बताया।पुलिस ने वाहन व शराब को कब्जे में ले लिया है।जांच में सामने आया कि बरामद शराब तेज्जुपुर देशी शराब ठेके के नाम पर जारी की गई थी लेकिन अवैध तरीके से इमलीखेड़ा ठेके पर उतारी जा रही थी।पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।



# नंगला बाईपास दो घंटे रहा जाम, गड्ढों ने बढ़ाई आफत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** नगला बाईपास रोड पर रूट डाइवर्ट किए जाने से करीब दो घंटे तक लंबा जाम लगा रहा। सुबह से ही वाहनों की कतारें दोनों ओर लग गईं। दोपहिया से लेकर बड़े ट्रक तक रेंग-रेंगकर चलते रहे। स्थिति यह रही कि पैदल चलने वालों तक को निकलने में परेशानी का सामना करना पड़ा।

स्थानीय निवासियों ने बताया कि नगला बाईपास रोड पर सिर्फ शनिवार और रविवार को ही यातायात डाइवर्ट किया जाता है लेकिन इस दौरान हर बार जाम जैसी स्थिति बन जाती है। ऊपर से चौक पर जगह-जगह पड़े दो फीट गहरे गड्ढों ने लोगों की आफत बढ़ा दी है। कार और बाइक चालक इन गड्ढों से बचने के लिए बार-बार ब्रेक लगाते हैं जिससे जाम और भी गहरा जाता है। अर्जुन बिरला, आकाश कुमार, आशीष शर्मा, सचिन त्यागी, सचिन शर्मा, इरफान, अमजद ने बताया कि कई बार छोटे वाहन गड्ढों में फंसकर खराब हो जाते हैं। बारिश होने पर ये गड्ढे पानी से भर जाते हैं और गहराई का अंदाजा नहीं लग पाता जिससे हादसे का खतरा और बढ़ जाता है। रोजाना इस मार्ग से गुजरने वाले स्कूली बच्चों और ऑफिस आने-जाने वालों को परेशानी झेलनी पड़ती है। ग्रामीणों ने प्रशासन से गुहार लगाई है कि सड़क की तुरंत मरम्मत कराई जाए और जाम से निजात दिलाने के लिए स्थायी समाधान निकाला जाए।

## बरसात से हुए नुकसान को लेकर विभागीय सर्वे शुरू

**लक्सर।** तहसील क्षेत्र में भारी बरसात से किसानों को हुए नुकसान का तहसील प्रशासन सहित अन्य विभागों ने सर्वे शुरू कर दिया है लक्सर उप जिलाधिकारी सौरभ अस्वाल ने बताया कि तहसील प्रशासन गन्ना विभाग कृषि विभाग की संयुक्त टीम बना दी गई है और यह मौके पर जाकर सर्वे कर रही है उन्होंने कहा अभी ज्यादा पानी होने की वजह से सर्वे टीम को दिक्कत आ रही है। सर्वे कंप्लीट हो जाने के बाद किसानों को उनकी फसल का मुआवजा दिया जायेगा।

### जिपं अध्यक्ष ने सवा करोड़ के विकास कार्यों का किया किया शिलान्यास

# 2027 में भाजपा एक बार फिर लहराएगी परचम : किरण चौधरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** जिला पंचायत अध्यक्ष किरण चौधरी ने सवा करोड़ से अधिक लागत से होने वाले विकास कार्यों का शिलान्यास मंगलवार को किया। उन्होंने बताया कि जिले की अलग अलग विधानसभा क्षेत्रों में करीब 32 करोड़ के कार्यों का शिलान्यास इस सप्ताह होना है। कहा कि उनका मिशन है कि जिले में भाजपा को कम से कम आठ विधानसभा सीटों पर जीत हासिल हो।

खानपुर विधानसभा के भंगेड़ी जिला पंचायत क्षेत्र में सड़कों एवं नालियों के निर्माण कार्य का शिलान्यास करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष किरण चौधरी ने कहा जिले में लगातार विकास कार्यों की शुरुआत की गई है। किसी भी क्षेत्र को विकास से अछूता नहीं छोड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा की नीति सबका साथ सबका विकास की है उसी पर आगे बढ़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि 2027 विधानसभा चुनाव में जिले की कम से कम 8 सीटों पर भाजपा का परचम लहराए इसके लिए वह प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि एक सप्ताह के अंदर 32 करोड़ के विकास कार्यों का शिलान्यास किया जा रहा है। जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि शहजाद ने चौमुखी विकास को



प्राथमिकता देते हुए हरिद्वार का जिला पंचायत कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि जो कार्य बरसों से रुके हुए थे वह अब पूरे किए जा रहे हैं। इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन महावीर सिंह, विकास पाल, सुबोध शर्मा, संजय सैनी, महरबान, प्रवीण, मुकेश बालेकी, बट्टू, टिंकू अमखेड़ी, ललित पाल, अंकित सेन, महिपाल सिंह, शहजाद अली, साजिद अली, सोनू लंबरदार, नसीम, रामाज्ञा, सतपाल कश्यप, अंकित गॉड, अफजल अली, आदित्य शर्मा आदि उपस्थित रहे।

**सार्वजनिक सूचना**

यह सूचित किया जाता है कि हम कुछ व्यक्तियों द्वारा एक गैर लाभकारी संस्था/फाउंडेशन (नाम: "सच्ची सेवा फाउंडेशन सोसाइटी) का पंजीकरण (Registration) कराने जा रहे हैं, जो सामाजिक सेवा, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण एवं परोपकारी कार्यों के लिए कार्य करेगी। यदि किसी व्यक्ति/संस्था को इस पंजीकरण पर कोई आपत्ति हो तो वह इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 15 (पंद्रह) दिनों के भीतर अपनी आपत्ति संबंधित रजिस्ट्रार (सोसायटी/ट्रस्ट) हरिद्वार के कार्यालय में लिखित रूप में प्रस्तुत करें। इसके पश्चात किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा। संस्थापक/आवेदकगण 1. नाम युधवीर सिंह पुत्र हरपाल सिंह निवासी महतोली टांडा तहसील व थाना लक्सर जिला हरिद्वार 2. नाम रोहित कुमार एडवोकेट उच्च न्यायालय उत्तराखंड नैनीताल UK09/2023, R1661 3.नावेद अख्तर पुत्र श्री मोहम्मद इस्लाम निवासी ज्वालापुर हरिद्वार 4.नाम सचिन कुमार पुत्र सुशील कुमार निवासी महतोली टांडा तहसील लक्सर जिला हरिद्वार 5.श्री कांत पुत्र राजकुमार निवासी महतोली टांडा तहसील लक्सर हरिद्वार स्थान: हरिद्वार

# डीएवी कॉलेज प्राचार्य व कांग्रेस अध्यक्ष के बीच तीखी नोक झोंक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** कन्हैयालाल डीएवी कॉलेज के प्राचार्य और कांग्रेस महानगर अध्यक्ष के बीच तीखी नोक झोंक हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने उनके बीच में बीच बचाव किया। महानगर कांग्रेस अध्यक्ष छात्र संघ चुनाव की मांग को लेकर धरने पर बैठे एनएसयूआई कार्यकर्ताओं के समर्थन में कॉलेज पहुंचे थे।

रुड़की के कन्हैयालाल डीएवी कॉलेज में शिक्षक और कर्मचारी सात माह से वेतन न मिलने पर 27 सितंबर को होने वाले छात्र संघ चुनाव के बहिष्कार की चेतावनी दे चुके हैं । वहीं एनएसयूआई जिलाध्यक्ष आशीष चौधरी और कार्यकर्ता चुनाव करवाए जाने की मांग लगातार कर रहे हैं। आज उनके द्वारा कॉलेज के बाहर धरना देकर सांकेतिक रूप से तालाबंदी की गई। वहीं कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष एडवोकेट चौधरी राजेंद्र सिंह उनके समर्थन में कॉलेज पहुंच गए। वह सभी एकत्र होकर प्राचार्य एमपी सिंह और शिक्षकों से वार्ता करने कॉलेज में बैठे थे। वार्ता के दौरान महानगर अध्यक्ष और एमपी सिंह के बीच तीखी नोक झोंक शुरू हो गई। बताया गया है कि महानगर अध्यक्ष ने कुछ पुराने मामले में प्राचार्य पर आरोप लगाए। इतना सुनते ही प्राचार्य भी भड़क गए। दोनों पक्षों के बीच जमकर नोक झोंक शुरू हो गई। दोनों अपनी कुर्सियों से खड़े हो गए और माहौल काफी गर्मा गया। यहां तक कि प्राचार्य ने इस्तीफा देने की धमकी भी दे डाली।जहां प्राचार्य ने महानगर अध्यक्ष पर अभद्रता का आरोप लगाया तो वहीं महानगर अध्यक्ष ने भी उनके साथ अभद्रता का आरोप प्राचार्य पर लगाया है। मौके पर मौजूद पुलिस कर्मियों और कॉलेज स्टाफ ने उनके बीच में बीच बचाव करवाया। वहीं बाद में कार्यकर्ता ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कार्यालय गए।

### औषधि नियंत्रण विभाग व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने किया संयुक्त निरीक्षण

# कई मेडिकल स्टोर स्वामी बंद कर फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** उपर आयुक्त के निर्देशानुसार औषधि नियंत्रण विभाग एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की संयुक्त टीम द्वारा मंगलवार को लक्सर एवं सुल्तानपुर क्षेत्र में औचक निरीक्षण/छापेमारी की गई। इस अभियान का नेतृत्व ड्रग्स इंस्पेक्टर सुश्री मेघा एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से सिमरनजीत कौर ने किया।

सुल्तानपुर में लगातार नशीली दवाइयों की बिक्री एवं एक्सपायरी दवाएँ बेचे जाने की शिकायतों के आधार पर यह कार्रवाई की गई। निरीक्षण के दौरान दो क्लीनिक बिना योग्य चिकित्सक के संचालित पाए गए, जिसकी सूचना मुख्य चिकित्सा अधिकारी को दी गई है। इन क्लीनिकों पर आगे की कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। छापेमारी की जानकारी मिलते ही कई मेडिकल स्टोर संचालक अपने प्रतिष्ठान बंद कर मौके से चले गए। टीम ने लगभग 12 मेडिकल स्टोर्स का निरीक्षण किया, जिनमें से दो स्टोर्स पर डिस्प्ले शेल्फ पर एक्सपायरी दवाइयाँ पाई गईं। संचालकों को

**❖प्रतिबंधित व एक्सपायरी दवाई बेचने पर कई को नोटिस, जांच को भेजे दवाई के नमूने**



नोटिस जारी कर निर्देशित किया गया कि वे तुरंत एक्सपायरी दवाओं की छंटाई कर अलग करें तथा नियमानुसार समय-समय पर उनका निस्तारण करें। अन्यथा उनके विरुद्ध ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट के अंतर्गत कठोर कार्रवाई की जाएगी। लक्सर क्षेत्र में भी टीम ने औचक निरीक्षण किया। यहाँ दर्जनभर मेडिकल स्टोर्स की जाँच की गई, जिनमें से कुछ पर अनियमितताएँ पाई गईं। जिन दुकानों पर कमियाँ पाई गईं, उन्हें नोटिस जारी करते हुए सख्त चेतावनी दी गई कि निर्धारित समयावधि में सभी निर्देशों का अनुपालन कर आवश्यक दस्तावेज कार्यालय में प्रस्तुत करें। निरीक्षण के दौरान ड्रग्स इंस्पेक्टर सुश्री मेघा ने मेडिकल स्टोर संचालकों को निम्नलिखित बिंदुओं पर विशेष रूप से सख्त हिदायत दी। औषधि नियंत्रण विभाग ने स्पष्ट किया है कि यदि निरीक्षण के दौरान बताई गई कमियों का अनुपालन समयबद्ध तरीके से नहीं किया गया तो संबंधित मेडिकल स्टोरों एवं क्लीनिकों के विरुद्ध ड्रग्स एवं कॉस्मेटिक्स अधिनियम के अंतर्गत कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

### इकबालपुर शुगर मिल नवंबर के पहले हफ्ते में होगा शुरू

# किसानों के 20 करोड़ बकाया का भी हो जाएगा भुगतान : तंवर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** लक्ष्मी शुगर मिल इकबालपुर महा प्रबंधक अनिल तंवर ने किसानों से कहा की नवंबर माह के प्रथम सप्ताह में शुगर मिल में हर हाल में गन्ने की पेराई का कार्य शुभारंभ कर दिया जाएगा। गत वर्ष का किसानों का गन्ना का बकाया भुगतान लगभग 20 करोड़ रूपया शुगर मिल में पेराई करने से पहले ही किसानों को दे दिया जाएगा। शुगर मिल में गन्ने का पेराई कार्य जल्द शुरू करने के लिए युद्ध स्तर पर मिल कर्मचारियों द्वारा कार्य किया जा रहा है। लक्ष्मी शुगर मिल इकबालपुर महाप्रबंधक अनिल तंवर ने किसानों से कहा की शुगर मिल नहीं चलने से शुगर मिल मालिक व किसान दोनों को ही नुकसान है। शुगर मिल में गन्ने का पेराई कार्य नवंबर माह के प्रथम सप्ताह में शुरू कर दिया जाएगा। शुगर मिल कर्मचारियों का एक माह का वेतन उन्होंने दे दिया गया है (एक-दो दिन में दूसरे महीने का वेतन भी कर्मचारियों को दे दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि शुगर मिल समय से शुरू करने के लिए कर्मचारी दिन रात शुगर मिल में कार्य कर रहे हैं। अधिकतर कर्मचारी 12 घंटे तक काम कर रहे हैं। 12 घंटे काम करने वाले कर्मचारियों को उन्हें 4 घंटे का अतिरिक्त वेतन दिया जाएगा। पिछले साल का लगभग 20 करोड़ रूपया किसानों का गन्ना भुगतान जो बकाया चल रहा है। शुगर मिल में गन्ने का पेराई कार्य शुरू करने से पहले ही दे दिया जाएगा। तंवर का कहना है कि वह क्षेत्र के किसानों से लगातार संपर्क में है ।शुगर मिल तथा किसान एक दूसरे के पूरक है। शुगर मिल में काम करने वाले कर्मचारी कुमार हरीश कुमार धर्मदास मोहन दिनेश कुमार वेद प्रकाश राजू सिंह आदि का कहना है कि शुगर मिल में समय से गन्ना पेराई का कार्य शुरू किया जा सके इसके लिए सभी कर्मचारी पूरी मेहनत के साथ तन मन से काम कर रहे हैं।

## सम्पादकीय

**बुधवार, 24 सितम्बर 2025**

# राहुल की आक्रामकता

वोट चोरों के नारे के साथ नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की आक्रामकता कम होती दिखाई नहीं दे रही है। वह बराबर सरकार और चुनाव आयोग पर निशाना साध रहे हैं। अब तो उन्होंने वोट चोरी के नारे को बेरोजगारी से भी जोड़ दिया है। एक्स पर लिखी एक पोस्ट में उन्होंने मंगलवार को कहा कि देश में युवाओं की सबसे बड़ी समस्या बेरोजगारी है और इसका सीधा रिश्ता वोट चोरी है। उन्होंने इस संदर्भ में बिहार के बेरोजगार युवाओं पर वीडियो शेयर करते हुए लिखा कि जब कोई सरकार जनता का विश्वास जीतकर सत्ता में आती है तो उसका पहला कर्तव्य होता है युवाओं को रोजगार व अवसर देना। लेकिन केंद्र में बैठी मोदी सरकार को उसकी जरा भी परवाह नहीं है। उसका कारण यह है कि भाजपा चुनाव ईमानदारी से नहीं जीतती और वह वोट चोरी और संस्थाओं को कैद करके सत्ता में बनी रहती है। जिसका परिणाम यह है कि इस समय बेरोजगारी 45 साल के सबसे हाई लेवल पर पहुंच गई है। मतलब साफ है कि राहुल गांधी अब देश के युवाओं को फोकस कर रहे हैं। वह हाल ही में नेपाल में जिस तरह जैन जी समूह ने आक्रामकता दिखाई थी और वह वहां तख्ता पलट करने में कामयाब हो गए थे, इस तरह की बातें वह देश में भी करते दिखाई दे रहे हैं और कह रहे हैं कि जैन जी ही वोट चोरी और अपने अधिकारों की रक्षा करेगा। ऐसा करने में वह उनको पूरा अपना सहयोग देने की बात भी कह रहे हैं। जाहिर है, इस तरह के बयानों को भाजपा भी लपक रही है और भाजपा के नेता कह रहे हैं कि राहुल गांधी माओ.वादियों की भाषा बोल रहे हैं। कोई इन्हें नक्सलवाद से प्रभावित होता बता रहा है। राजनीति में आरोप-प्रत्यारोप, क्रिया प्रतिक्रिया होती रहती है लेकिन एक बात साफ है कि वोट चोरी का मुद्दा देश में अब आकार लेता दिखाई दे रहा है। इससे कोई इनकार नहीं कर सकता। जिसका हाल ही में संपन्न बिहार में वोट अधिकार यात्रा में उमड़ा समूह जीता जागता सबूत है। यह बात अपनी जगह है कि यह उमड़ा जनसमूह किस हद तक इंडिया महागठबंधन के पक्ष में वोट के रूप में अपना चमत्कार दिखाएगा। लेकिन इससे यह बात तो साफ हो जाती है कि अब देश के युवा राहुल गांधी की बात पर ध्यान दे रहे हैं और वोट चोरी का मुद्दा अब युवा वर्ग में अपील करता दिखाई दे रहा है। यही कारण है कि राहुल गांधी इस मुद्दे को उठाने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ रहे हैं और अब तो उन्होंने इसको विस्तार देते हुए चतुराई के साथ बेरोजगारी से भी जोड़ दिया है। निश्चित रूप से बेरोजगारी वह मुद्दा है, जो युवाओं को काफी प्रभावित कर सकता है, क्योंकि इससे कोई इनकार नहीं कर सकता कि आज बेरोजगारी व महंगाई अपने चरम पर है। भले ही सरकार ने जीएसटी में सुधार किया हो, लेकिन जिस तरह की समस्या है उससे देश की जनता को बड़ी निजात मिलेगी अभी कहना मुश्किल है।

## अदालत का दिल से शुक्रिया



हर झूठ की एक मियाद होती है, भाजपा को सामाजिक सौहार्द के प्रतीक लोग कभी अच्छे नहीं लगते हैं, आजम खां की रिहाई उनके और उनके परिवार और हम सब के साथ- साथ, उन सब लोगों के लिए राहत और खुशी की बात है जो इंसाफ' में ऐतबार करते हैं, न्याय में विश्वास को बनाए रखने के लिए अदालत का दिल से शुक्रिया, प्रदेश में समाजवादी सरकार बनने पर उन पर लगे सभी झूठे मुकदमे वापस होंगे, आजम खां एक बार फिर से हर उपेक्षित, पीड़ित, दुखी, अपमानित के साथ खड़े होकर, भाजपाइयों और उनके संगी-साथियों के द्वारा किये जा रहे जनता के दमन के खिलाफ आवाज उठाएंगे और हमेशा की तरह देश-प्रदेश की भावनात्मक एकता के प्रतीक बनकर, समाजवादी मूल्यों और सिद्धांतों के साथ, सामाजिक न्याय के संघर्ष की राह पर आगे बढ़ते जाएंगे।

**-अखिलेश यादव, अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी**

# फेस्टिवल में चेहरे पर बना रहेगा ग्लो



**शहनाज हुसैन**



त्योहारों का सीजन शुरू हो गया हैं। नवरात्रों के बाद करवा चौथ और दिवाली जैसे पवित्र त्यौहार हमारे सामने हैं। फेस्टिव सीजन में हर कोई चाहता है कि उसका लुक निखरा हुआ हो और चेहरे पर खास चमक झलके ताकि त्योहारों की खुशी उनके चेहरे पर भी नजर आए, लेकिन बिजी शेड्यूल के कारण चेहरे पर ध्यान नहीं दे पाते हैं। इस वजह से उनकी स्किन में कई समस्या उत्पन्न हो जाती है। इस दौरान हम साल में सबसे ज्यादा व्यस्त रहते हैं। पूजा पंडालों में देवी दर्शन के इलाबा गरबा , डांडिया आदि में भागीदारी से सामाजिक मेल जोल निरन्तर बना रहता है। त्योहारों की शॉपिंग और तैयारियों में हम लोग ज्यादातर घरों से बाहर रहते हैं जिसे त्वचा धूल , प्रदूषण और सूर्य की किरणों के सम्पर्क में आने से डल और बेजान हो जाती है। ऐसे में पुराने समय से इस्तेमाल होने वाले घरेलू नुस्खे आज भी कारगर साबित हो सकते हैं वो भी बिना किसी साइड इफेक्ट के।

योहारों का सीजन शुरू हो गया हैं। नवरात्रों के बाद करवा चौथ और दिवाली जैसे पवित्र त्यौहार हमारे सामने हैं। फेस्टिव सीजन में हर कोई चाहता है कि उसका लुक निखरा हुआ हो और चेहरे पर खास चमक झलके ताकि त्योहारों की खुशी उनके चेहरे पर भी नजर आए, लेकिन बिजी शेड्यूल के कारण चेहरे पर ध्यान नहीं दे पाते हैं। इस वजह से उनकी स्किन में कई समस्या उत्पन्न हो जाती है। इस दौरान हम साल में सबसे ज्यादा व्यस्त रहते हैं। पूजा पंडालों में देवी दर्शन के इलाबा गरबा , डांडिया आदि में भागीदारी से सामाजिक मेल जोल निरन्तर बना रहता है। त्योहारों की शॉपिंग और तैयारियों में हम लोग ज्यादातर घरों से बाहर रहते हैं जिसे त्वचा धूल , प्रदूषण और सूर्य की किरणों के सम्पर्क में आने से डल और बेजान हो जाती है। ऐसे में पुराने समय से इस्तेमाल होने वाले घरेलू नुस्खे आज भी कारगर साबित हो सकते हैं वो भी बिना किसी साइड इफेक्ट के।

**ग्लिसरीन फेस मास्क**

बराबर मात्रा में ग्लिसरीन और गुलाब जल के साथ मिलाकर बने मिश्रण को चेहरे पर लगाने से त्वचा में नमी का सन्तुलन बना रहता है और त्वचा को पौषण मिलता है। इसे लगाने के लिए आप बराबर मात्रा में गुलाब जल और ग्लिसरीन लें और अच्छे से मिक्स करें। रात को सोने से पहले इसे रुई की मदद से चेहरे पर लगा लें और सुबह ठंडे पानी से धो लें। इससे त्वचा कोमल और मुलायम दिखने लगेगी।

1 चम्मच ग्लिसरीन में विटामिन ई कैप्सूल को तोड़कर अच्छे से मिलाएं। इस मिश्रण को अपने चेहरे और गर्दन पर लगाएं। इसे 30 मिनट के लिए छोड़ दें और अपने चेहरे को धो लें। आप इस मास्क को रोजाना लगा सकते हैं। यह आपकी स्किन को मॉइस्चराइज करेगा। इससे खुले पोर्स बंद होंगे और झुर्रियां कम होंगी और चेहरे पर नेचुरल ग्लो नजर आएगा। एक कांच के कटोरे में एक अंडे का सफेद भाग लें और इसे तब तक फेंटें जब तक कि यह झागदार न हो जाए। इसके बाद इसमें एक चम्मच ग्लिसरीन और एक चम्मच शहद डालकर अच्छी तरह से मिक्स करें। इस मिश्रण को अपने चेहरे पर लगा लें। पैक को चेहरे पर तब तक लगा रहने दे जब तक यह सूख न जाए और बाद में गुनगुने पानी से चेहरा साफ कर लें। एक चम्मच एलोवेरा जेल में एक चम्मच ग्लिसरीन मिलाकर चेहरे पर लगाएं और आधा घण्टा तक छोड़ दें। फिर सादे ताजे पानी से धो लें। इससे त्वचा कोमल होगी और आपके चेहरे पर निखार झलकेगा।

**ओटमील मास्क**

ओट्स ग्लूटन फ्री होता है, ओटमील एक बेहतरीन एक्सफोलिएटर और क्लींजर की तरह काम करता है। ओटमील की मदद से स्किन पर मौजूद एक्स्ट्रा ऑयल को हटाने में मदद मिलती है। ओटमील चेहरे के कालेपन को हटाकर रंगत में सुधार करता है।

1 चम्मच ओटमील में 2 चम्मच ताजा एलोवेरा जेल को अच्छे से मिक्स करने के बाद चेहरे पर लगाएं और आधा घण्टा बाद इसे ताजे साफ पानी से धो डालें। इस फेस पैक के इस्तेमाल से कील, मुहांसों और डेड स्किन की समस्या कम होगी और त्वचा में नमी का संतुलन बना रहेगा। कांच की कटोरी में 2 चम्मच पिसे हुए ओट्स, 1 चम्मच दही, और 1 चम्मच शहद को मिलाकर गाढ़ा पेस्ट तैयार कर लें इस पेस्ट को आंखों के हिस्से को छोड़ कर बाकि चेहरे और गले के हिस्से में लगाकर प्रकृतिक रूप में सूखने दें जब मास्क सूख जाए तो इसे गुनगुने पानी से धो लें। 2 चम्मच ओटमील, 1 चम्मच शहद और 1 चम्मच गुलाब जल को मिक्स करके फेस पैक तैयार करें और फिर इसे चेहरे और गर्दन पर लगाएं। शहद और ओटमील का ए फेस पैक स्किन को सॉफ्ट और हेल्दी बनाता है।

**पपीता फेस पैक**

एक कटोरी में पके हुए पपीते की कुछ स्लागइस को मैश कर लें। इसके बाद आप इस मैश किए हुए पपीते में 1 चम्मकच चंदन पाउडर डालकर दोनों को अच्छे से मिलाएं। अब आप इस मिश्रण में 1 या 2 चम्मच ताजा एलोवेरा जेल और आवश्यमकता अनुसार गुलाबजल डाल कर अच्छे से मिला कर गाढ़ा पेस्ट तैयार कर लें। इस पैक को चेहरे और गर्दन पर अच्छे तरीके से लगा कर आधा घंटा बाद गुनगुने पानी से धो डालें। इस मास्क को नियमित रूप से लगाने से आपकी त्वेचा में चमक आएगी और आपकी त्वगचा मुलायम होगी। एक कटोरी में दो चम्मच के बराबर पपीता मैश कर के इसमें 2 चम्मच दही 1 चम्मच शहद और, 1 चम्मच चावल का आटा मिला लें। सभी चीजों को अच्छे से मिला कर स्मूथ पेस्ट तैयार कर लें। इस पेस्ट को चेहरे पर लगा कर प्रकृतिक रूप से सूखने दें। जब यह पूरी तरह सुख जाए तो चेहरे को ताजे साफ पानी से धो डालें। इस फेस पैक को आप सप्ताह में दो तीन बार उपयोग कर सकते हैं। आधा कप मैश किया हुआ पपीता लेकर उसमें 2 चम्मच दही मिला लें। इस पेस्ट को चेहरे पर 20 मिनट लगाएं और फिर धोकर हटा लें। चेहरे को ठंडक मिलती है और स्किन निखरी हुई दिखती है। एक कप पिसे पपीते में आधा चम्मच हल्दी मिला कर चेहरे पर लगाए और 15 मिनट बाद चेहरे को धो डालें। इस फेस पैक को लगाने पर स्किन को एंटी बैक्टीरियल गुण भी मिलते हैं और यह त्वचा में निखार लाता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# जहां हर सीढ़ी पर दिखता है भारतीय कला और इतिहास

**रानी की वाव लगभग 64 मीटर लंबी, 20 मीटर चौड़ी और 27 मीटर गहरी है। इसमें सात मंजिलें हैं और हर मंजिल पर सुंदर सीढ़ियां तथा चौक बनाए गए हैं। बावड़ी की दीवारों पर लगभग 500 मुख्य मूर्तियां और 1000 से अधिक छोटी मूर्तियां उकेरी गई हैं। इनमें भगवान विष्णु के विभिन्न अवतार, देवी-देवताओं, अप्सराओं, ऋषियों और दैनंदिन जीवन के .श्य अंकित हैं। इसकी सबसे खास विशेषता यह है कि जब कोई यात्री नीचे उतरता है, तो उसे लगता है मानो वह पृथ्वी की गोद में किसी भव्य मंदिर की ओर बढ़ रहा हो।**



गुजरात का गौरव श्रानी की वावश्रू जहां हर सीढ़ी पर दिखता है भारतीय कला और इतिहास गुजरात के पाटन नगर में स्थित रानी की वाव सीढ़ीदार बावड़ी भारतीय स्थापत्य और शिल्पकला का अनमोल खजाना है। इसे यूनेस्को द्वारा विश्व धरोहर स्थल का दर्जा प्राप्त है और यह गुजरात आने वाले हर पर्यटक के आकर्षण का केंद्र है। यह बावड़ी केवल जल संग्रहण की संरचना नहीं है, बल्कि धार्मिक, सांस्कृतिक और कलात्मक .ष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है।

**ऐतिहासिक पृष्ठभूमि**

रानी की वाव का निर्माण 11वीं शताब्दी में सोलंकी वंश की रानी उदयमती ने अपने पति राजा भीमदेव प्रथम की स्मृति में करवाया था। इस कारण इसका नाम ष्रानी की वावष पड़ा। यह संरचना न केवल प्रेम और श्रद्धा का प्रतीक है, बल्कि उस युग की स्थापत्य दक्षता का भी अद्भुत उदाहरण है।

**स्थापत्य विशेषताएं-**

रानी की वाव लगभग 64 मीटर लंबी, 20 मीटर चौड़ी और 27 मीटर गहरी है। इसमें सात मंजिलें हैं और हर मंजिल पर सुंदर सीढ़ियां तथा चौक बनाए गए हैं। बावड़ी की दीवारों पर लगभग 500 मुख्य मूर्तियां और 1000 से अधिक छोटी मूर्तियां उकेरी गई हैं। इनमें भगवान विष्णु के विभिन्न अवतार, देवी-देवताओं, अप्सराओं, ऋषियों और दैनंदिन जीवन के .श्य अंकित हैं। इसकी सबसे खास विशेषता यह है कि जब कोई यात्री नीचे उतरता है, तो उसे लगता है मानो वह पृथ्वी की गोद में किसी भव्य मंदिर की ओर बढ़ रहा हो।

**कलात्मक सौंदर्य**

बावड़ी की नक्काशी इतनी बारीक है कि पत्थरों पर बने चेहरे, आभूषण और मुद्राएं जीवंत प्रतीत होती हैं। इसमें दशावतार द्धविष्णु के दस अवतारत्र की मूर्तियां विशेष रूप से प्रसिद्ध हैं।

**वर्तमान स्थिति और पर्यटन**

रानी की वाव भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ASI द्वारा संरक्षित है। हर वर्ष हजारों पर्यटक यहां आते हैं। 2014 में इसे यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल घोषित किया गया और 2016 में इसे भारत की नई घ्100 के नोट की डिजाइन पर भी स्थान दिया गया। यहां अक्सर रानी की वाव फेस्टिवल भी आयोजित किया जाता है, जिसमें लोकनृत्य, संगीत और सांस्कृतिक कार्यक्रम होते हैं।

**कैसे पहुंचे?**

निकटतम हवाई अड्डा-अहमदाबाद लगभग 125 किमी

रेलवे स्टेशन- मेहसाणा और पाटन

सड़क मार्ग- अहमदाबाद और गांधीनगर से पाटन तक सड़क द्वारा आसानी से पहुंचा जा सकता है।

रानी की वाव भारतीय शिल्पकला, स्थापत्य और संस्कृति का अद्वितीय उदाहरण है। यह न केवल जल प्रबंधन का एक प्राचीन और वैज्ञानिक मॉडल है बल्कि प्रेम, श्रद्धा और कला की जीवित मिसाल भी है। पाटन आने वाला हर यात्री इस धरोहर को देखकर भारत की महान सांस्कृतिक परंपरा पर गर्व महसूस करता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# नवरात्रि के नौ दिन: शक्ति से शक्ति की कामना का पर्व



**योगेश कुमार गोयल**

नवरात्रि पर्व का भारतीय समाज में विशेष महत्व है, जो आदि शक्ति दुर्गा की पूजा का पावन पर्व है। वैसे तो वर्षभर में चार बार नवरात्र मनाए जाते हैं, चौत्र तथा शारदीय नवरात्र के अलावा दो गुप्त नवरात्रि। इनमें चौत्र तथा शारदीय नवरात्र का विशेष महत्व माना गया है। प्रतिवर्ष आश्विन मास के शुक्ल पक्ष में प्रतिपदा तिथि से लेकर नवमी तक शारदीय नवरात्रि का त्योहार मनाया जाता है और लगातार नौ दिनों तक आदिशक्ति जगदम्बा का पूजन किया जाता है। इस वर्ष शारदीय नवरात्रि पर्व 22 सितंबर से 2 अक्तूबर तक मनाया जाएगा।

इस वर्ष नवरात्र दस दिनों तक चलेंगे जबकि सामान्यत: नौ दिन के ही होते हैं। ऐसा संयोग नौ वर्षों बाद पड़ा है। इससे पहले 2016 में नवरात्र दस दिन के रहे थे। पंचांग के अनुसार 22 सितंबर को प्रतिपदा तिथि के साथ कलश स्थापना का विधान रहेगा। द्वितीया 23 सितंबर, तृतीया 24 सितम्बर, चतुर्थी 25 सितम्बर और चतुर्थी की वृद्धि के कारण 26 सितंबर को भी रहेगी। पंचमी 27 सितम्बर, षष्ठी 28 सितम्बर, सप्तमी 29 सितम्बर, अष्टमी 30 सितम्बर, नवमी 1 अक्तूबर और विजयादशमी 2 अक्तूबर को मनाई जाएगी। कभी नौ तो कभी दस दिनों तक चलने वाले नवरात्र नवशक्तियों से युक्त माने गए हैं, जिनमें प्रत्एक शक्ति का अपना अलग महत्व है। वास्तव में नवरात्रि पर्व 'शक्ति' स्वरूपा देवी से शक्ति की कामना का पावन पर्व है। नवरात्रि के नौ दिन देवी दुर्गा के विभिन्न नौ स्वरूपों की उपासना के लिए ही निर्धारित हैं। मां दुर्गा के नौ रूपों में शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कुष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, मां कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री की पूजा की जाती है। नवरात्रि के पहले स्वरूप में मां दुर्गा पर्वतराज हिमालय की पुत्री पार्वती के रूप में विराजमान हैं। नंदी नामक वृषभ पर सवार शैलपुत्री के दाहिने हाथ में त्रिशूल और बाएं हाथ में कमल का पुष्प है। शैलराज हिमालय की कन्या होने के कारण इन्हें शैलपुत्री कहा गया। इन्हें समस्त वन्य जीव-जंतुओं की रक्षक माना जाता है। दुर्गम स्थलों पर स्थित बस्तियों में सबसे पहले शैलपुत्री के मंदिर की स्थापना इसीलिए की जाती है कि वह स्थान सुरक्षित रह सके। दुर्गा मां के दूसरे स्वरूप 'ब्रह्मचारिणी' को समस्त विद्याओं की ज्ञाता माना गया है। माना जाता है कि इनकी आराधना से अनंत फल की प्राप्ति और तप, त्याग, वैराग्य, सदाचार, संयम जैसे गुणों की वृद्धि होती है। 'ब्रह्मचारिणी' अर्थात् तप की चारिणी यानी तप का आचरण करने वाली। ब्रह्मचारिणी श्वेत वस्त्र पहने दाएं हाथ में अष्टदल की माला और बाएं हाथ में कमंडल लिए सुशोभित है। कहा जाता है कि देवी ब्रह्मचारिणी अपने पूर्व जन्म में पार्वती स्वरूप में थीं। वह भगवान शिव को पाने के लिए 1000 साल तक सिर्फ फल खाकर रहीं और 3000 साल तक शिव की तपस्या सिर्फ पेड़ों से गिरी पत्तियां खाकर की। इसी कड़ी तपस्या के कारण उन्हें ब्रह्मचारिणी कहा गया।

देवी दुर्गा का तीसरा स्वरूप है चंद्रघंटा। शक्ति के रूप में विराजमान मां चंद्रघंटा मस्तक पर घंटे के आकार का आधा चंद्रमा है। देवी का यह तीसरा स्वरूप भक्तों का कल्याण करता है। इन्हें ज्ञान की देवी भी माना गया है। बाघ पर सवार मां चंद्रघंटा के चारों तरफ अद्भुत तेज है। इनके शरीर का रंग स्वर्ण के समान चमकीला है। यह तीन नेत्रों और दस हाथों वाली हैं। इनके दस हाथों में कमल, धनुष-बाण, कमंडल, तलवार, त्रिशूल और गदा जैसे अस्त्र-शस्त्र हैं। कंठ में सफेद पुष्पों की माला और शीष पर रत्नजड़ित मुकुट विराजमान हैं। यह साधकों को चिरायु, आरोग्य, सुखी और सम्पन्न होने का वरदान देती हैं। कहा जाता है कि यह हर समय दुष्टों का संहार करने के लिए तत्पर रहती हैं और युद्ध से पहले उनके घंटे की आवाज ही राक्षसों को भयभीत करने के लिए काफी होती है।

दुर्गा का चतुर्थ स्वरूप है कुष्मांडा। देवी कुष्मांडा भक्तों को रोग, शोक और विनाश से मुक्त करके आयु, यश, बल और बुद्धि प्रदान करती हैं। यह बाघ की सवारी करती हुई अष्टभुजाधारी, मस्तक पर रत्नजड़ित स्वर्ण मुकुट पहने उज्जवल स्वरूप वाली दुर्गा हैं। इन्होंने अपने हाथों में कमंडल, कलश, कमल, सुदर्शन चक्र, गदा, धनुष, बाण और अक्षमाला धारण की हैं। अपनी मंद मुस्कान से ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इनका नाम कुष्मांडा पड़ा। कहा जाता है कि जब दुनिया नहीं थी तो चारों तरफ सिर्फ अंधकार था। ऐसे में देवी ने अपनी हल्की-सी हंसी से ब्रह्मांड की उत्पत्ति की। वह सूरज के घेरे में रहती हैं। सिर्फ उन्हीं के अंदर इतनी शक्ति है, जो सूरज की तपिश को सहन कर सकें। मान्यता है कि वही जीवन की शक्ति प्रदान करती हैं।

देवी का पांचवां स्वरूप है स्कन्दमाता। भगवान स्कन्द द्धकार्तिकेयत्र की माता होने के कारण देवी के इस स्वरूप को स्कन्दमाता के नाम से जाना जाता है। यह कमल के आसन पर विराजमान हैं, इसलिए इन्हें पद्मासन देवी भी कहा जाता है। इनका वाहन भी सिंह है। इन्हें कल्याणकारी शक्ति की अधिष्ठात्री कहा जाता है। यह दोनों हाथों में कमलदल लिए हुए और एक हाथ से अपनी गोद में ब्रह्मस्वरूप सनतकुमार को थामे हुए हैं। स्कन्द माता की गोद में उन्हीं का सूक्ष्म रूप छह सिर वाली देवी का है। मां दुर्गा का छठा स्वरूप है कात्यायनी। यह दुर्गा देवताओं और ऋषियों के कार्यों को सिद्ध करने लिए महर्षि कात्यायन के आश्रम में प्रकट हुई। उनकी पुत्री होने के कारण ही इनका नाम कात्यायनी पड़ा। देवी कात्यायनी दानवों व पापियों का नाश करने वाली हैं। वैदिक युग में यह ऋषि-मुनियों को कष्ट देने वाले दानवों को अपने तेज से ही नष्ट कर देती थीं। यह सिंह पर सवार, चार भुजाओं वाली और सुसज्जित आभा मंडल वाली देवी हैं। इनके बाएं हाथ में कमल और तलवार व दाएं हाथ में स्वस्तिक और आशीर्वाद की मुद्रा है।

दुर्गा का सातवां स्वरूप कालरात्रि है, जो देखने में भयानक है लेकिन सदैव शुभ फल देने वाला होता है। इन्हें 'शुभंकारी' भी कहा जाता है। 'कालरात्रि' केवल शत्रु एवं दुष्टों का संहार करती हैं। यह काले रंग-रूप वाली, केशों को फैलाकर रखने वाली और चार भुजाओं वाली दुर्गा हैं। यह वर्ण और वेश में अर्द्धनारीश्वर शिव की तांडव मुद्रा में नजर आती हैं। इनकी आंखों से अग्नि की वर्षा होती है। एक हाथ से शत्रुओं की गर्दन पकड़कर दूसरे हाथ में खड़्ग-तलवार से उनका नाश करने वाली कालरात्रि विकट रूप में विराजमान हैं। इनकी सवारी गधा है, जो समस्त जीव-जंतुओं में सबसे अधिक परिश्रमी माना गया है।

नवरात्रि के आठवें दिन दुर्गा के आठवें रूप महागौरी की उपासना की जाती है। देवी ने कठिन तपस्या करके गौर वर्ण प्राप्त किया था। कहा जाता है कि उत्पत्ति के समय 8 वर्ष की आयु की होने के कारण नवरात्र के आठवें दिन इनकी पूजा की जाती है। भक्तों के लिए यह अन्नपूर्णा स्वरूप हैं, इसलिए अष्टमी के दिन कन्याओं के पूजन का विधान है। यह धन, वैभव और सुख-शांति की अधिष्ठात्री देवी हैं। इनका स्वरूप उज्जवल, कोमल, श्वेतवर्णा तथा श्वेत वस्त्रधारी है। यह एक हाथ में त्रिशूल और दूसरे में डमरू लिए हुए हैं। गायन और संगीत से प्रसन्न होने वाली 'महागौरी' सफेद वृषभ यानी बैल पर सवार हैं। नवीं शक्ति 'सिद्धिदात्री' सभी सिद्धियां प्रदान करने वाली हैं, जिनकी उपासना से भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। कमल के आसन पर विराजमान देवी हाथों में कमल, शंख, गदा, सुदर्शन चक्र धारण किए हैं। सिद्धिदात्री देवी सरस्वती का भी स्वरूप हैं, जो श्वेत वस्त्रालंकार से युक्त महाज्ञान और मधुर स्वर से भक्तों को सम्मोहित करती हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट 90 साल पुराने फैसले की करेगा समीक्षा




■ उन फैसले में कोर्ट ने कहा था: स्वतंत्र एजेंसियों के कमिश्नरों को सिर्फ दुराचार या लापरवाही की स्थिति में ही राष्ट्रपति हटा सकते हैं
■ फैसले के विरोध में रहने वाली जस्टिस केगन ने अपने असहमति पत्र में लिखा: सभी मानते हैं कांग्रेस ने इन अधिकारियों को हटाने पर रोक लगाई थी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने एक ऐतिहासिक निर्णय में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को स्वतंत्र संघीय एजेंसियों पर ज्यादा नियंत्रण देने का रास्ता खोल दिया। इसके तहत कोर्ट ने 6-3 के बहुमत से फैसला सुनाते हुए ट्रम्प को फेडरल ट्रेड कमीशन (एफटीएस) की डेमोक्रेटिक सदस्य रेबेका स्लाटर को पद से हटाने की अनुमति दे दी है। हालांकि यह मामला अभी पूरी तरह निपटा नहीं है।

ऐसे में कोर्ट के कंजरवेटिव जजों ने ट्रम्प के पक्ष में फैसला दिया, जबकि जस्टिस एलेना केगन, सोनिया सोतोमेयर और केतानजी ब्राउन जैक्सन ने इसका विरोध किया। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट अब विचार कर रही है कि 1935 में दिए गए अपने ऐतिहासिक फैसले को पलटा जाए या नहीं। उस फैसले में कोर्ट ने कहा था कि स्वतंत्र एजेंसियों के कमिश्नरों को सिर्फ दुराचार या लापरवाही की स्थिति में ही राष्ट्रपति हटा सकते हैं। इससे इन एजेंसियों को कार्यपालिका से अलग एक स्वायत्त पहचान मिली थी। अब ऐसे में ट्रम्प प्रशासन का तर्क है कि राष्ट्रपति को अपने एजेंडे को लागू करने के लिए इन एजेंसियों पर पूरा नियंत्रण होना चाहिए, यानी वे इन बोर्ड सदस्यों को किसी भी कारण से हटा सकें। ऐसे में अगर सुप्रीम कोर्ट 1935 के फैसले को पलटती है, तो अमेरिका की कई स्वतंत्र संस्थाएं जैसे श्रम, उपभोक्ता संरक्षण और संघीय कर्मचारियों के अधिकारों से जुड़ी एजेंसियां राष्ट्रपति के सीधे नियंत्रण में आ जाएंगी। इससे कार्यपालिका की शक्ति काफी बढ़ जाएगी और इन एजेंसियों की स्वतंत्रता पर बड़ा असर पड़ेगा। हालांकि दूसरी ओर इस फैसले के विरोध में रहने वाली जस्टिस केगन ने अपने असहमति पत्र में लिखा कि सभी मानते हैं कि कांग्रेस ने इन अधिकारियों को हटाने पर रोक लगाई थी। फिर भी बहुमत ने धीरे-धीरे सभी एजेंसियों पर राष्ट्रपति का पूरा नियंत्रण सौंप दिया है। वहीं स्लाटर की ओर से वकीलों ने दलील दी कि अगर राष्ट्रपति को ऐसी खुली छूट मिलती है, तो राजनीतिक दबाव में फैसले लिए जाएंगे, ना कि विशेषज्ञता के आधार पर। उन्होंने कहा कि अगर राष्ट्रपति को नई शक्तियां देनी हैं, तो यह फैसला जनप्रतिनिधियों यानी कांग्रेस को लेना चाहिए। यह मामला सिर्फ एफटीसी तक सीमित नहीं है। नेशनल लेबर रिलेशंस बोर्ड (एनएलआरबी) और मेरिट सिस्टम्स प्रोटेक्शन बोर्ड (एमएसपीबी) की सदस्य ग्विन विलकाक्स और कैथी हैरिस को भी राष्ट्रपति द्वारा हटाए जाने की अनुमति सुप्रीम कोर्ट पहले ही दे चुका है।



मिलान (इटली)। फलस्तीन के समर्थन में राष्ट्रव्यापी विरोध और हड़ताल मार्च के बाद पुलिस के साथ झड़प के दौरान प्रदर्शनकारी।

## इटली में फलस्तीन समर्थकों ने तोड़फोड़-आगजनी की

**60 पुलिसकर्मी घायल, फलस्तीन को मान्यता नहीं देने से नाराज, पीएम मेलोनी के खिलाफ की नारेबाजी**

**रोम।** इटली में हजारों लोग हिंसक विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं, क्योंकि प्रधानमंत्री जार्जिया मेलोनी की सरकार ने फलस्तीन को आजाद देश की मान्यता देने से इन्कार कर दिया है। विरोध-प्रदर्शन को देखते हुए मिलान समेत कई प्रमुख शहरों में सड़कें ब्लॉक कर दी गईं और पोर्ट बंद कर दिए गए। सबसे बड़ी भीड़ मिलान और राजधानी रोम में दिखाई दी। मिलान में करीब 20 हजार लोग सेंट्रल स्टेशन पर इकट्ठा हो गए और बस-रेलवे स्टेशनों में तोड़फोड़ की। पुलिस पर प्रदर्शनकारियों ने स्मोक बम, बोतलें, पत्थर फेंके और मेलोनी के खिलाफ नारेबाजी की। इसमें 60 पुलिसकर्मी घायल हो गए। वहीं, रोम में भी हजारों लोगों ने इकट्ठा होकर फ्री फलस्तीन के नारे लगाए। उन्होंने यहां अमेरिकी झंडा भी जलाया। इसके अलावा बोलोग्ना, टड्ूरिन, फ्लोरेंस, नेपल्स और सिसिली में भी विरोध प्रदर्शन हुए।

## संक्षिप्त समाचार

### अमेरिकी सैन्य तैनाती से क्षेत्रीय शांति को खतरा: वेनेजुएला

**काराकस।** वेनेजुएला के विदेश मंत्री यवान गिल ने सोमवार को चेतावनी दी कि कैरिबियन में अमेरिकी सैन्य तैनाती से लैटिन अमेरिका और कैरिबियन की 'शांति क्षेत्र' की स्थिति खतरे में पड़ गई है। न्यूयॉर्क में लैटिन अमेरिकी और कैरेबियाई देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक को संबोधित करते हुए गिल ने कहा कि अमेरिकी खतरे न केवल वेनेजुएला को बल्कि क्षेत्रीय स्थिरता को भी निशाना बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि कौन सोच सकता है कि हमारे देश पर हमला उनके पड़ोसियों या क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को प्रभावित नहीं करेगा? गिल ने जोर देकर कहा कि वेनेजुएला का अमेरिका के साथ कोई विवाद नहीं है लेकिन उसे वाशिगटन में राजनीतिक तत्वों द्वारा प्रोत्साहित सैन्य आक्रमण के प्रयास का सामना करना पड़ रहा है।

### इक्वाडोर की जेल में दंगा, 14 की मौत

**क्विटो।** दक्षिण-पश्चिमी इक्वाडोर की एक जेल में हुए दंगों में कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई जबकि 14 अन्य घायल हो गए। यह जानकारी इक्वाडोर की राष्ट्रीय पुलिस ने दी। उन्होंने बताया कि एल ओरो प्रांत की राजधानी मचाला शहर स्थित जेल में सोमवार तड़के दंगों के बीच गोलीबारी एवं विस्फोट की सूचना मिली। एल ओरो के पुलिस प्रमुख विलियम कैले ने स्थानीय टीवी नेटवर्क इक्वाविसा को बताया कि घटना में 13 कैदियों और एक गार्ड की मौत हो गई तथा 14 अन्य घायल हुए हैं। घायलों को पास के अस्पतालों में भर्ती किया गया। कैले ने कहा कि मारे गए अधिकतर लोग इक्वाडोर के सबसे हिंसक समूहों में से एक लॉस चोनेरोस से संबंधित थे।

### मास्को ने दर्जनों यूक्रेनी ड्रोन नष्ट किए: मेयर

**मास्को।** रूसी वायु रक्षा बलों ने कम से कम 23 यूक्रेनी ड्रोनों को नष्ट कर दिया है जो सोमवार रात मास्को पर हमला कर रहे थे। यह जानकारी मास्को के मेयर ने दी। मेयर सर्गेई सोब्यानिन ने कहा कि रक्षा बलों ने मास्को को निशाना बनाने वाले मानव रहित हवाई वाहनों को नष्ट कर दिया। सोब्यानिन ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट पर कहा कि आपातकालीन सेवा विशेषज्ञ उन स्थानों पर काम कर रहे हैं जहां ड्रोन का मलबा गिरा था। ड्रोन हमलों ने मास्को में नागरिक हवाई यातायात को प्रभावित किया है। अधिकारियों ने सोमवार शाम शहर के शेरेमेत्येवो हवाई अट्टे पर उड़ानों पर अस्थाई प्रतिबंध लगा दिया जो लगभग सात घंटे तक जारी रहा, जिसके बाद हवाई अट्टे पर पूरी तरह से परिचालन शुरू हुआ।

## भारत ने की संयुक्त राष्ट्र के बाद कॉमनवेल्थ में सुधार की मांग

■ बैठक में मंत्रियों ने कहा: कामनवेल्थ बहुपक्षवाद और सामूहिक कार्रवाई का एक मजबूत समर्थक

**न्यूयॉर्क।** भारत ने राष्ट्रमंडल समूह (कामनवेल्थ) में सुधारों पर जोर दिया है, ताकि यह मौजूदा समय की वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित कर सके। संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के इतर आयोजित मंत्री स्तर की बैठक में भारत ने समूह के मूल्यों और सिद्धांतों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई। कामनवेल्थ के विदेश मामलों के मंत्रियों की बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व विदेश मंत्रालय के सचिव (प.) राजदूत सिबी जार्ज ने किया।

विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि बैठक में जार्ज ने कामनवेल्थ चार्टर में निहित मूल्यों और सिद्धांतों के प्रति भारत की प्रतिबद्धता व कामनवेल्थ में सुधार की जरूरत पर बात की, ताकि मौजूदा समय की वास्तविकताओं को ठीक से प्रतिबिंबित किया जा सके। इस बैठक की अध्यक्षता समोआ के उप प्रधानमंत्री टोएलुपे माओइ. आउतेले पोमुलिनुकु ओनेसेमो ने की। कामनवेल्थ के विदेश मामलों के विदेश मंत्रियों की बैठक (सीएफएएमएम) एक उच्च स्तरीय मंच है, जो कामनवेल्थ के सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों को एक साथ लाता है, ताकि आपसी सहयोग को मजबूत करने और 56 देशों के इस संगठन की साझा चुनौतियों का मिलकर समाधान निकालने के तरीकों पर चर्चा कर सकें। बैठक में मंत्रियों ने कहा कि कामनवेल्थ बहुपक्षवाद और सामूहिक कार्रवाई का एक मजबूत समर्थक है, खासकर ऐसे समय में जब दुनिया गहरे संकट में है। अपने संबोधन की शुरुआत में टोएलुपे ने कहा कि इस बैठक में उनकी भूमिका अहम है और आज जिन मुद्दों पर चर्चा हो रही है, वे समोआ में आयोजित कामनवेल्थ के राष्ट्राध्यक्षों की बैठक में लिए गए फैसलों को लागू करने के लिए जरूरी हैं, ताकि कामनवेल्थ को मजबूत बनाया जा सके।

# फ्लाइट के लैंडिंग गियर में छुपकर दिल्ली आया अफगानी लड़का

## बोला: देखना था कैसा लगता है, पूछताछ के बाद वापस अफगानिस्तान भेजा

**काबुल/ नई दिल्ली।** अफगानिस्तान से एक 13 साल का लड़का प्लेन के लैंडिंग गियर में छुपकर भारत आ गया।

यह घटना रविवार, 21 सितम्बर की है। अफगानिस्तान की केएएम एयरलाइन की फ्लाइट आरआईक्यू-4401 काबुल के हामिद करजई एयरपोर्ट से भारतीय समयानुसार सुबह 8:46 बजे रवाना हुई और सुबह 10:20 बजे दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट के टर्मिनल 3 पर उतरी। एयरलाइन कर्मचारियों ने फ्लाइट के पास एक लड़के को घूमते देखा। उन्होंने तुरंत अधिकारियों को तुरंत सूचित किया। इसके बाद सीआईएसएफ ने लड़के को हिरासत में ले लिया और पुलिस को सौंप दिया। लड़के ने अधिकारियों को बताया कि उसने जिज्ञासा की वजह ऐसा किया। वह देखना चाहता था कि कैसा लगता है। लड़का अफगानिस्तान के कुंदुज शहर का रहने वाला है। अधिकारियों ने बताया कि लड़का काबुल एयरपोर्ट में घुस गया था और



### पंजाब के दो भाईयों ने 1996 में किया था ऐसा ही प्रयास

10 अक्टूबर 1996 को, पंजाब के फैनी गांव के परविंदर और हरविंदर सिंह फैनी ने दिल्ली से लंदन जा रही एयर इंडिया की उड़ान एआई111 के लैंडिंग गियर बॉक्स में छिपकर यात्रा की। परविंदर की प्रचंड ठंड और ऑक्सीजन की कमी से मौत हो गई। हरविंदर चमत्कारिक रूप से बच गया था, पर अंधा और दिमागी रूप से विकलांग हो गया। मानवीय आधार पर ब्रिटेन ने हरविंदर को शरण प्रदान कर दी थी।

### लड़के के जिंदा बचने से एजेंसिया हैरान

किसी तरह विमान के पिछले लैंडिंग गियर कम्पार्टमेंट में घुसने में कामयाब रहा। विमान की पूरी जांच के बाद इसे सुरक्षित घोषित किया गया। उसी दिन लड़के को उसी फ्लाइट से अफगानिस्तान वापस भेज दिया गया। सुरक्षा विशेषज्ञों के मुताबिक, विमान में पहिये के पास छिपकर यात्रा करना बेहद खतरनाक होता है। 30 हजार फीट की ऊंचाई पर तापमान माइनस 40 से माइनस 60 डिग्री 0 सेल्सियस तक गिर जाता है और आक्सीजन भी बेहद कम हो जाती है, जिससे कुछ ही मिनटों में बेहोशी या मौत हो सकती है। हालांकि, इस मामले में एजेंसियां हैरान हैं कि लड़का कैसे जिंदा बच गया, क्योंकि लैंडिंग गियर कम्पार्टमेंट विमान के सबसे निचले हिस्से में होता है।

## न्यूयॉर्क पुलिस ने फ्रांसीसी राष्ट्रपति की कार रोकी

■ मैक्रों ने ट्रम्प को फोन करके कहा: जल्दी रास्ता खाली करो

**न्यूयार्क।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों न्यूयार्क में उस वक्त फंस गए, जब अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प का काफिला गुजरने की वजह से सड़क बंद कर दी गई। यह घटना यूएन की 80वीं बैठक के दौरान हुई, जब मैक्रों फ्रांसीसी दूतावास जा रहे थे। पुलिस ने ट्रम्प के काफिले के लिए रास्ता रोक दिया, जिससे मैक्रों की कार रुक गई। एक वायरल वीडियो में मैक्रों कार से उतरकर पुलिस से पूछते दिखे कि क्या बात है। पुलिस ने बताया कि ट्रम्प का काफिला जा रहा है। यह सुनकर मैक्रों ने तुरंत ट्रम्प को फोन किया। वीडियो में मैक्रों ट्रम्प से हंसते हुए कहते हैं-आप कैसे हैं? मैं सड़क पर फंस गया हूं, क्योंकि आपके लिए सब बंद है। जल्दी रास्ता खाली करो! इंतजार करने की बजाय, मैक्रों कार छोड़कर पैदल ही चल पड़े। वे आधे घंटे तक न्यूयार्क की सड़कों पर टहलते रहे और ट्रम्प से फोन पर बात करते रहे।

## न्यूयॉर्क में बांग्लादेश के छात्रनेता पर अंडे फेंके

### हसीना की पार्टी के कार्यकर्ताओं ने आतंकी बताया



■ चीफ एडवाइजर यूनुस के खिलाफ भी की नारेबाजी

**न्यूयॉर्क।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के चीफ एडवाइजर और नोबेल विजेता प्रोफेसर मोहम्मद यूनुस के काफिले को न्यूयॉर्क में विरोध का सामना करना पड़ा। पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग के कार्यकर्ताओं ने यूनुस के साथ आए छात्रनेता अख्तर हुसैन पर अंडे फेंके और उन्हें आतंकी करार दिया।

इस दौरान भीड़ ने यूनुस के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की। यूनुस और उनके सहयोगी संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के 80वें सत्र में शामिल होने रविवार को न्यूयॉर्क पहुंचे थे। जैसे ही उनका काफिला जेएफके इंटरनेशनल एयरपोर्ट से बाहर निकला, वहां मौजूद अवामी लीग के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन शुरू कर दिया। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में प्रदर्शनकारी अख्तर हुसैन को अंडे मारते हुए 'आतंकी' कह रहे हैं और यूनुस सरकार के खिलाफ नारे लगा रहे हैं। अख्तर हुसैन उन नेताओं में शामिल हैं, जिन्होंने जुलाई 2024 में शेख हसीना सरकार के खिलाफ छात्र आंदोलन का नेतृत्व किया था। इसी आंदोलन के दबाव में हसीना को 5 अगस्त को इस्तीफा देना पड़ा और बाद में उन्होंने भारत में शरण ले ली। इसके बाद ही यूनुस के नेतृत्व में बांग्लादेश में अंतरिम सरकार बनी। एक्सपर्ट्स के मुताबिक छात्र आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाने वाले अख्तर हुसैन को भी अवामी लीग के कार्यकर्ता सीधा दुश्मन मानते हैं।

## रोड्रिगो दुर्तेते पर मानवता के विरुद्व अपराध का आरोप

**हेग।** फिलीपींस के पूर्व राष्ट्रपति रोड्रिगो दुतेर्ते पर नीदरलैंड के हेग स्थित अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायालय (आईसीसी) ने मानवता के विरुद्ध अपराध का आरोप लगाया है। 80 वर्षीय पूर्व राष्ट्रपति पर दर्जनों लोगों की हत्याओं के लिए आपराधिक रूप से जिम्मेदार होने का आरोप है, जो कथित रूप से उसके तथाकथित मादक पदार्थों के विरुद्ध युद्ध के अंतर्गत की गई थीं जिस दौरान हजारों छोटे-मोटे मादक पदार्थ विक्रेताओं, उपयोगकर्ताओं और अन्य लोगों को बिना किसी मुकदमे के मार दिया गया था। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, आईसीसी के आरोपपत्र में कई संशोधन शामिल हैं।

# रक्षा क्षेत्र में बड़ा कदम: भारत की पहली विदेशी डिफेंस यूनिट शुरू



**रक्षा मंत्री राजनाथ बोले: मेक इन इंडिया के साथ मेक फॉर वर्ल्ड पर कर रहे काम**

**रबात (मोरक्को)।** भारत ने रक्षा क्षेत्र में बड़ा कदम उठाते हुए मोरक्को के बेररेशिद में टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड की पहली विदेशी रक्षा निर्माण इकाई का उद्घाटन किया है।

यह भारत का रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में पहला ओवरसीज प्लांट है। इस सुविधा को औपचारिक रूप से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपने मोरक्को दौरे के दौरान शुरू किया। राजनाथ सिंह ने उद्घाटन समारोह में कहा कि भारत सिर्फ मेक इन इंडिया तक सीमित नहीं है। अब हम मेक विद फ्रेंड्स और मेक फार द वर्ल्ड के विजन पर काम कर रहे हैं। इसका उद्देश्य विश्वसनीय साझेदारों के साथ मिलकर अत्याधुनिक तकनीक का विकास करना और वैश्विक शांति व क्षमता निर्माण में योगदान देना है। उन्होंने कहा कि यह साझेदारी संप्रभुता का सम्मान करती है और स्थानीय क्षमता को मजबूत करती है। टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स मोरक्को को खासतौर पर व्हील्ड आर्मर्ड प्लेटफार्म्स के उत्पादन पर केंद्रित किया गया है। यह भारत का पहला ओवरसीज डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग यूनिट है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह कदम भारत के रक्षा निर्यात को नई दिशा देगा और अफ्रीका समेत वैश्विक बाजार में भारत की स्थिति को मजबूत करेगा। यह दौरा ऐतिहासिक माना जा रहा है क्योंकि यह पहली बार है जब कोई भारतीय रक्षा मंत्री उत्तरी अफ्रीका के इस देश का दौरा कर रहा है। राजनाथ सिंह की इस यात्रा से दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग और रणनीतिक साझेदारी को नई गति मिलने की उम्मीद है। भारत लंबे समय से रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता और निर्यात को बढ़ावा देने पर जोर दे रहा है।

# पांच देशों ने फलस्तीन को दी विधिवत मान्यता

## संयुक्त राष्ट्र में मैक्रों बोले: ये हमास की हार, यूएन चीफ ने कहा: ये इनाम नहीं अधिकार है




**न्यूयार्क।** फ्रांस, मोनाको, माल्टा, लक्जमबर्ग और बेल्जियम ने फलस्तीन को स्वतंत्र देश के तौर पर विधिवत् मान्यता दे दी है। सोमवार देर रात न्यूयार्क में संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों के बीच इजरायल-फलस्तीन विवाद के समाधान को लेकर बैठक हुई, जहां इसकी आधिकारिक घोषणा हुई।

इस बैठक की अध्यक्षता फ्रांस और सऊदी अरब ने की। बैठक में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा कि आज फ्रांस फलस्तीन को मान्यता देता है, हमें शांति का रास्ता बनाना होगा। मैक्रों ने इसे हमास की हार बताया। उनकी बात पर जोरदार तालियां बजीं और फलस्तीनी प्रतिनिधिमंडल ने खड़े होकर इसका स्वागत किया। वहीं यूएन महासचिव एंटोनियो गुटेरस ने कहा फलस्तीनियों को राज्य का दर्जा मिलना उनका अधिकार है, कोई इनाम नहीं। इसके बिना शांति संभव नहीं। दूसरी तरफ इजरायल ने इस पहल का कड़ा विरोध किया। संयुक्त राष्ट्र में इजरायल के राजदूत डैनी डैनन ने कहा कि उनकी सरकार इसका जवाब देगी। बेल्जियम ने फलस्तीन की मान्यता को लेकर शर्त रखी है। इसके मुताबिक यह तभी कानूनी रूप से लागू होगी जब गाजा में हमास को सत्ता से हटाया जाएगा और सभी इजरायली बंधकों की रिहाई हो जाएगी। इससे पहले रविवार को 4 देशों-ब्रिटेन, कनाडा, आस्ट्रेलिया और पुर्तगाल ने फलस्तीन को मान्यता दी थी। अब तक करीब 150 देश फलस्तीन को मान्यता दे चुके हैं। फलस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास ने कहा है कि भविष्य में गाजा पर शासन करने में हमास की कोई भूमिका नहीं होगी। उन्होंने हमास से हथियार छोड़ने को कहा। अब्बास ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए बैठक को संबोधित किया, क्योंकि अमेरिका ने उन्हें संयुक्त राष्ट्र शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए वीजा देने से इन्कार कर दिया था। अब्बास ने गाजा में जंग खत्म होने के बाद राष्ट्रपति और संसदीय चुनाव कराने का भी वादा किया। उन्होंने कहा कि हम तीन महीने के भीतर एक अंतरिम संविधान तैयार करेंगे, ताकि अथारिटी से राज्य को सत्ता सौंपी जा सके।

## यूएन में ट्रम्प के भाषण से पहले न्यूयॉर्क में मोबाइल नेटवर्क ठप करने की साजिश, सुरक्षा एजेंसी ने की नाकाम

**वॉशिंगटन।** संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) से पहले अमेरिका में सुरक्षा एजेंसियों ने बड़ी साजिश का खुलासा किया है। यूएस सीक्रेट सर्विस ने न्यूयॉर्क के आसपास ऐसे उपकरणों का नेटवर्क पकड़ा है, जो पूरे मोबाइल नेटवर्क को ठप कर सकता था और गुप्त टेलीफोनिक हमले कर सकता था। एजेंसी ने 300 से ज्यादा सिम सर्वर और एक लाख सिम कार्ड जब्त किए हैं। सीक्रेट सर्विस के मुताबिक, ये डिवाइस सिर्फ मोबाइल टावरों को निष्क्रिय करने के लिए ही नहीं, बल्कि गुमनाम कॉल और खतरनाक साइबर हमलों के लिए भी इस्तेमाल किए जा सकते थे। इससे अपराधी गुप्त और एन्क्रिप्टेड कम्युनिकेशन कर सकते थे, जिससे अमेरिकी सुरक्षा पर बड़ा खतरा मंडरा रहा था। यह कार्रवाई ऐसे वक्त में हुई जब दुनिया भर के नेता न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा में हिस्सा लेने के लिए पहुंचे थे। इसी मंच पर आज अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप दुनिया को संबोधित भी करने वाले थे।

